आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज भगवान हनुमान प्राकट्योत्सव

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 76 | उज्जैन, गुरुवार 02 अप्रैल, 2026 | चैत्र शुक्ल 15 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के दामों में की 195 .5 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव का असर आम जनता की जेब पर होने लगा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी हुई है। वहीं सरकारी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 195.50 रुपये की भारी बढ़ोतरी देखी गई है। बुधवार से लागू इन नई कीमतों ने व्यापारियों और रेस्टोरेंट संचालकों की चिंता को बढ़ाया है। सरकारी तेल कंपनियों के मुताबिक, दिल्ली में अब 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 2,078.50 रुपये तक पहुंच चुके हैं। इससे पहले भी इनके दामों में बढ़ोतरी की गई थी। एक मार्च को कमर्शियल सिलेंडर के दामों में 114.5 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। कमर्शियल गैस के दामों में बढ़ोतरी से घर पर खाना बनाने को लेकर उपयोग होने वाली एलपीजी की कीमतों में किसी तरह का असर नहीं हुआ है।

### टेक कंपनी ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारी निकाले, इनमें 12 हजार भारतीय

**नई दिल्ली।** दुनिया के छठे सबसे अमीर कारोबारी लैरी एलिसन की टेक कंपनी ओरेकल ने करीब 30 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया है। इनमें भारत के 12 हजार कर्मचारी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगले महीने छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू कर सकती है। कर्मचारियों को सोमवाह सुबह 6 बजे इनबॉक्स में टर्मिनेशन लेटर मिले। इसमें लिखा था कि आज उनका लास्ट वर्किंग डे है। कुछ ही मिनटों में उनका सिस्टम एक्सेस बंद कर दिया गया। कंपनी ने अभी तक छंटनी की वजह नहीं बताई है। खबर के मुताबिक ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारियों को मेल में लिखा- हम आपको आपके पद से जुड़ी एक जरूरी और कठिन जानकारी देना चाहते हैं। कंपनी की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हमने संगठन में बड़े बदलाव के तहत आपका पद खत्म करने का फैसला किया है।

### सलमान खान की अगली फिल्म में नयनतारा की एंट्री




**मेगा प्रोजेक्ट में पहली बार साथ दिखेंगे दोनों कलाकार; अप्रैल से शुरू होगी शूटिंग**

**मुंबई।** सलमान खान की अगली बड़ी फिल्म में एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल में नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब ये दो बड़े सितारे पर्दे पर एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। सलमान इस बार साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करे रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम एसवीसी63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सोमवार को सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। इस फिल्म में दर्शकों को एक्टिंग के दो अलग-अलग स्कूल देखने को मिलेंगे। सलमान खान जहां अपने खास स्वैग वाले अंदाज के लिए जाने जाते हैं, वहीं नयनतारा अपनी इंटेंस और कैरेक्टर-ड्रिवन परफॉर्मेंस के लिए फेमस हैं। मेकर्स का मानना है कि सलमान की स्टार पावर और नयनतारा की गहराई वाली एक्टिंग का यह मिश्रण पर्दे पर एक नई केमिस्ट्री पैदा करेगा। फिल्म का डायरेक्शन वामशी पेडिपल्ली कर रहे हैं। वामशी बड़े स्केल पर फिल्में बनाने के साथ-साथ उनमें मजबूत इमोशनल कहानी पिरोने के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म के जरिए वे सलमान और नयनतारा की अपनी-अपनी खूबियों को एक बड़े विजन के साथ जोड़ने की कोशिश करेंगे। फिल्म में हाई-लेवल एक्शन के साथ-साथ किरदारों के बीच की इमोशनल जर्नी भी दिखाई जाएगी। एसवीसी63 बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर है, जिसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और दक्षिण भारतीय इंडस्ट्री के कलाकार शामिल होंगे। बताया गया है, 'यह फिल्म सलमान खान को पर्दे पर एक ऐसे अवतार में पेश करेगी, जैसा उनके फैंस ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा। फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में अलग-अलग लोकेशन पर होगी और 14 अप्रैल से मुंबई के

### चुनाव से पहले सोना पप्पू के घर पर छापामारी, फ्लैट घोटाले का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा ऐक्शन लिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दक्षिण कोलकाता के बालीगंज इलाके में रियल एस्टेट डेवलपर सोना पप्पू के आवास और जुड़ी कंपनियों पर छापेमारी की। तड़के शुरू हुई यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग और हेराफेरी के आरोपों पर आधारित बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोना पप्पू पर आरोप है कि उन्होंने फ्लैट बुकिंग के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये जमा कराए, लेकिन न तो फ्लैट दिए और न ही पैसे वापस किए। टीम कंपनी के दस्तावेजों, बैंक खातों और प्रोजेक्ट्स की गहन जांच कर रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन छापेमारी जारी है।

### ईरान युद्ध के बीच लॉकडाउन का फेक नोटिस वायरल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक अप्रैल को वॉर लॉकडाउन नोटिस वायरल हुआ, जिससे लोगों में घबराहट फैल गई। अशोक चक्र और मंत्रालय जैसे प्रतीकों के साथ बनाया गया यह नोटिस पहली नजर में आधिकारिक लगा, लेकिन जब इसे खोला गया तो यह अप्रैल फूल का मजाक निकला। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स पर लॉकडाउन की अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर किसी भी तरह के लॉकडाउन प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की। मंगलवार को वायरल हुए इस नोटिस का फॉर्मेट और भाषा बिल्कुल सरकारी आदेश जैसी रखी गई थी, जिससे कई लोगों ने इसे बिना सत्यापन आगे फॉरवर्ड कर दिया। हालांकि, दस्तावेज को खोलने पर सच्चाई सामने आई।

---

### ईरान बोला- अमेरिका के लिए होर्मुज नहीं खुलेगा, 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म

# दो जहाज 94000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचे

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं।

पहला टैंकर इह टीवायआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। दूसरा टैंकर बीडब्ल्यू ईएलएम 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। इन दोनों



जहाजों में करीब 94,000 टन एलपीजी और 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे। सरकार के मुताबिक, अब तक 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं।

- वहीं, ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहेगा, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। अब 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म हो चुकी है।
- अजीजी ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा, जो ईरान के बनाए नए नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ट्रम्प ने 'रेजीम चेंज' का सपना पूरा कर लिया है, लेकिन यह जमीन पर नहीं बल्कि समुद्र के नियमों में हुआ है।

## ईरान जंग में शामिल हो सकता है यूएई

एजेंसी ▸▸ अबू धाबी

संयुक्त अरब अमीरात यूएस-ईरान जंग में सीधे तौर पर शामिल होने की तैयारी कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव लाने की कोशिश कर रहा हैं।

इस प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को जबरन खोलने के लिए सभी



तरीकों का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी जा रही है। इसके तहत हार्मुज सिक्योरिटी फोर्स बनाई जाएगी, जो जहाजों की सुरक्षा तय करेगी।

### ट्रम्प ने नाटो को कागजी शेर बताया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह नाटो से बाहर निकलने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने नाटो को कागजी शेर बताया। एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि वह पहले से ही नाटो से ज्यादा प्रभावित नहीं थे और उन्हें लगता है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी यही मानते हैं।

---

### सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में लिया निर्णय, टोल प्लाजा पर

# कंबाइन हार्वेस्टरों का नहीं लगेगा टैक्स

### भोपाल बायपास के बदले एलाइनमेंट को मंजूरी, इंदौर-उज्जैन और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग मंजूर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

कंबाइन हार्वेस्टरों को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के टोल प्लाजा पर टैक्स नहीं देना होगा। राज्य सरकार ने उन्हें टैक्स में छूट दी है। सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल कटाई में प्रयुक्त होने वाला कंबाइन हार्वेस्टर आवश्यक कृषि उपकरण है। टोल मार्गों पर टोल छूट दिए जाने



से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी, जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा और इसका सीधा फायदा किसानों को होगा।

#### निगम के वार्षिक लेखों पर विचार-विमर्श

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन की मौजूदगी में हुई बैठक में निगम के वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ और निर्णय लिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भरत यादव उपस्थित थे।

#### बायपास के बदले एलाइनमेंट को मंजूरी

संचालक मंडल ने पश्चिम भोपाल बायपास के बदले एलाइनमेंट को अनुमोदन देकर निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों का काम तेजी से पूरा करें और क्वालिटी पर ध्यान दें। बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण का अनुमोदन दिया गया।

## बीजेपी हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट



एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

चंडीगढ़ में सेक्टर-37 स्थित पंजाब बीजेपी के मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हो गया। यह ब्लास्ट स्कूटी में हुआ। यह स्कूटी भाजपा के ऑफिस में ही काम करने वाले कर्मचारी हर्ष की निकली। ब्लास्ट इतना तेज था कि वहां कार के शीशे टूट गए। ब्लास्ट के बाद बीजेपी ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रे जैसे निशान बन गए हैं।

ब्लास्ट की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की कई टीमें वहां पहुंच गई। पुलिस ने बीजेपी ऑफिस समेत पूरा इलाका खाली कराया। फॉरेंसिक टीमें बुलाकर स्कूटी और उससे बिखरे विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की गई। स्कूटी मालिक हर्ष ने कहा कि सुबह 9 बजे ड्यूटी पर आने के बाद उसने स्कूटी पार्किंग में खड़ी कर दी थी, उसे नहीं पता कि उसमें विस्फोटक कहां से आया।

---

## ईरान में सरकार-सेना के बीच टकराव बढ़ा

### मुजतबा खामेनेई से नहीं मिल पा रहे राष्ट्रपति

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान में सरकार और धार्मिक सेना के बीच टकराव बढ़ने की खबर है। तेहरान टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है। अखबार के मुताबिक आईआरजीसी ने देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है। दावा यह भी है कि राष्ट्रपति पजशकियान की मुलाकात सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो पा रही है। दरअसल इस हफ्ते की शुरूआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को लेकर एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। ट्रम्प के मुताबिक, उनकी टीम कुछ समझदार ईरानी नेताओं के संपर्क में है और बातचीत के जरिए हालात को शांत करने की कोशिश की जा रही है।

## बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय: मोदी

### ममता ने कहा- भाजपा हमारा पैसा लूट रही और झूठ बोल रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस बार असम में बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है। पीएम धेमाजी के गोगामुख में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा- जब बंगाल आजादी की लड़ाई में हिस्सा ले रहा था, तब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। वे हमारा पैसा लूट रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। वे राम नवमी



पर बंदूकें लेकर निकलते हैं। इधर, असम के डिब्रूगढ़ पहुंची कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- असम में डबल गुलामी वाली सरकार है, एक भ्रष्ट सरकार है। हम देख सकत हैं कि कैसे सब कुछ धमकियों के जरिए किया जा रहा है। यहां माफिया राज और सिंडिकेट राज है। टीएमसी ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के पास लगातार दूसरे दिन अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। पार्टी का आरोप है कि फॉर्म 6 आवेदन जमा करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए।

## पीसीसी चीफ के नेतृत्व और कामकाज पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी के मुखिया जीतू पटवारी के नेतृत्व और कामकाज को लेकर जमीनी कार्यकर्ता शायद खुश नहीं है। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब एक कार्यकर्ता ने उनसे भेंट नहीं होने पर अपनी नाराजगी जाहिर की। कार्यकर्ता ने तो यह तक कह दिया कि, कोई भी कार्यकर्ता आए मिलने तो आप गंभीरता से सुन लें।

दरअसल पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के अगुवाई में मंगलवार को युवा कांग्रेस की बैठक आहूत की गई थी। बैठक को सम्बोधित करने जीतू पटवारी मंच पर मौजूद थे। इसी दौरान हुजूर विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष सोहन मेवाड़ा ने जीतू पटवारी को लेकर कहा कि, मैं आपके पास दो बार आया घंटे घंटे आपका इंतजार किया। लेकिन घंटों इंतजार के बाद आप बंगले से बाहर आते हैं, कार में बैठते हैं और कहते हैं चलो बाद में मिलते हैं। इतना ही नहीं बल्कि सोहन मेवाड़ा ने तो यहाँ तक कह दिया कि, कोई भी कार्यकर्ता मिलने आए तो आप गंभीरता से सुन लें।

दरअसल इस बैठक में जीतू पटवारी ने संबोधन के दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों से कहा था आप लोग मेरी कमी बताएं। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी को उनकी कमियां बताई।

---

## जीएसटी अधिकारी 1.5 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

### मांगे थे 5 लाख, भोपाल सीबीआई की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

एमपी के रतलाम में केंद्रीय जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त शंकर परमार को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने गिरफ्तार किया गया है। भोपाल सीबीआई टीम ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में एक और व्यक्ति सुरेश मनसुखानी को भी आरोपी बनाया गया है। एक फर्म की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। शंकर परमार ने जीएसटी कार्रवाई रोकने के बदले पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

दरअसल एक फर्म ने केंद्रीय जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त शंकर परमार के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। फर्म का आरोप था कि अफसर ने जीएसटी से संबंधित कार्रवाई रोकने के एवज में पांच लाख रुपये मांगे हैं। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने आरोप की तस्दीक की। जिसके बाद अफसर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। बीते दिन फर्म द्वारा अफसर को रिश्वत की पहली किश्त के तौर पर डेढ़ लाख रुपये देने की बात कही गई।

#### रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



शंकर परमार ने जैसे ही डेढ़ लाख रुपये पकड़े, सीबीआई टीम ने उसे रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। मंगलवार दोपहर को यह कार्रवाई हुई और जीएसटी कार्यालय में देर रात तक जांच जारी रही। इस दौरान टीम द्वारा कार्यालय में व्यक्तियों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। इस मामले में सुरेश मनसुखानी नाम के व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है। सीबीआई टीम द्वारा दोनों आरोपियों के ठिकानों की तलाशी ली गई। इस केस में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## नए भी ढले पुराने सांचों में... ढर्रा वही

खुसूर फुसूर

एक इलायची से केले की घेढ पक जाती हैखरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदल देता है। अब इसे इलायची का प्रभाव कहें या फिर पके खरबूजे का ये अलग बात है। ऐसा ही कुछ शहर की संस्था में देखने को मिल रहा है। पुराने तकनीकी जानकारों ने यहां ऐसी धूनी रमाई है कि पिछले वर्षों में यहां आए नए भी उसी पुराने सांचे में ढल गए हैं। पुराने तो उस सांचे के खिलाडी हैं ही नयों ने भी पैंतरे और गुर सीख लिए हैं। इस पैंतरेबाजी एवं गुरबाजी में ये धीरे-धीरे पारंगत होते जा रहे हैं। कुछ समय तक नयों पर पुराने सांचों का रंग नहीं चढा था तब तक तो बात निर्माण की हो या फिर कागजी काम की सब नियमों के अनुसार किया जाता था यहां तक की बगैर किताब देखे और नियम कानून देखे संबंधित विषय या मामले में कोई बात नहीं होती थी। यहां तक की वर्षों पुराने दस्तावेजों को भी खुलवा लिया गया। समय के साथ नए भी पुराने सांचों में ढल गए और अब वही ढर्रा शुरू हो चुका है। बात निर्माण के काम की हो या फिर दस्तावेजी काम की, बगैर पैंतरों के और गुरबाजी के अब ये भी पत्ता नहीं हिलाते हैं। इन पर भी पुरी तरह से राजनैतिक रंग छा गया है। एक नहीं, दो नहीं पूरे के पूरे इस रंग में समा गए हैं। काम को भी उसी रंग और उसी मान से गति दी जा रही है। अधिकारी को गुमराह करने वाली स्थिति में ही सब कुछ चल रहा है। करना इन्हें है तो पैंतरेबाजी एवं गुरबाजी को पूरी तरह अंजाम देने वाली स्थिति में ही काम कर रहे हैं। गुरु इन्हें ज्ञान बांट रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि इन्हें इस बात का गुमान है कि शहर से बाहर कोई इन्हें भेज नहीं सकता है। इनकी नियोक्ता संस्था यहीं है। सामान्य प्रशासन के आदेश के तहत तीन वर्ष वाले नियम में इनका बहुत ज्यादा कुछ बिगडना नहीं है। यथावत यहीं रहना है। रहना शहर की सीमा में ही है, और अगर बहुत ज्यादा कुछ हुआ तो जहाज से उडकर फिर से शहर संस्था रूपी जहाज पर ही आकर बैठना है। ऐसे में अब इनका दबदबा दबाने वाली स्थिति में बन रहा है।ये भी ये अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रशासनिक स्तर पर बैठे अधिकारी की प्रतिनियुक्ति कुछ ही वर्षों की है।

## अब जल्द खत्म हो सकता है राजनीतिक नियुक्तियों का लंबा इंतजार

**उज्जैन।** निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों का लंबा इंतजार अब जल्द खत्म हो सकता है। बताया जाता है कि संघ की समन्वय बैठक को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में हुई बैठक में संभावित नामों की सूची लगभग तय कर ली गई है। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल रहे। मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश संगठन के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।

मोहन सरकार ने वर्ष 2024 में निगम, मंडल, प्राधिकरण और बोर्डों के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों की नियुक्तियां निरस्त कर दी थी। इसके बाद से नई सरकार बने दो से ढाई साल का समय बीत गया हैं। इसके बावजूद अब तक राजनीतिक नियुक्तियां नहीं हो सकी।

जानकारी के अनुसार इस सूची में 50 से ज्यादा नेताओं के नाम शामिल हैं। इससे पहले केंद्रीय नेतृत्व ने सूची वापस भेजकर कुछ और नाम जोडने.को कहा था, जिसके बाद प्रदेश संगठन ने इसमें संशोधन किया। संभावना है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में इन पदों पर नियुक्तियां हो सकती हैं। जहां-जहां नामों को लेकर विवाद की स्थिति है, वहां फिलहाल नियुक्तियां टाली जा सकती हैं। बाकी पदों पर सहमति बनने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। दरअसल प्रदेश में साल 2027 में नगरीय निकाय चुनाव होना है। इसके बाद विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी। इधर, सरकार और संगठन पिछले कई महीने से राजनीतिक नियुक्तियां करने की तैयारी में जुटा है, लेकिन अब तक निगम मंडल और बड़े शहरों के विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। संघ इनमें जल्द नियुक्ति का पक्षधर है।

## ट्रैंडिंग

कुछ लोगों में पैनिक होने का इतना जुनून है कि अगर यह अफवाह फैला दी जाए कि श्मशान में बॉडी जलाने के लिए बस 10 दिन की ही लक्कड़ बची है....

तो लोग वहां भी लाइन लगा कर खड़े हो जाएंगे!

### मंदिरों में चिरंजीव रामदुत के लिए पूजा पाठ आनंद, आज कई देव स्थलों पर होंगे धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारा

# नासे रोग हरे सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कहा जाता है कि 16 वीं सदी में संत तुलसीदास ने फतेहपुर सिकरी जेल में बंदी बनाए जाने पर श्री रामभक्त हनुमान की चालीसा रच दी थी। वानरों की फौज ने जेल पर हमला कर दिया था। बीरबल की सीख पर अकबर ने उन्हें तत्काल ससम्मान रिहा किया था। जब जाकर वानर फौज शांत हुई थी। रामदुत हनुमान का गुरूवार को जन्म उत्सव मनाया जाएगा। अजर अमर श्री हनुमान के नाम के जप से ही रोग और पीडा दूर हो जाते हैं।

श्री हनुमान भगवान के जन्म को लेकर शहर के कई मंदिरों में विशेष उल्लास रहता है। भगवान श्री महाकाल की नगरी में गुरूवार उनके एक रूप में श्री हनुमान के नाम रहने वाला है। शहर के मंदिरों में जमकर आयोजन की तैयारी है। कुछ मंदिरों में एक दिन पूर्व से ही आयोजन शुरू हो चुके हैं। गुरूवार को देव स्थलों पर धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारा की धूम रहने वाली है।

### बाल विजय मस्त हनुमान का प्रकटोत्सव प्रारंभ, आज करेंगे नगर भ्रमण



श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित श्री बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर दो दिनी हनुमान जयंती आयोजित किया जा रहा है। रामायण पाठ की शुरूआत के साथ बाबा का मनोहारी श्रृंगार होगा एवं 2 अप्रैल को बाबा कि रजत प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर नयनाभिराम झांकियों के साथ चल समारोह निकाला जाएगा। जानकारी देते हुए श्री राम कथा व्यास सुलभ शांतु गुरु जी महाराज ने बताया की दो दिवसीय अयोजन में बुधवार को अंजनी के लाल बाल हनुमानजी का आकर्षक श्रृंगार होगा। दोपहर में श्री रामचरितमानस जी का अखंड पाठ का पूजन कर शुभारंभ किया गया। हनुमान प्रकटोत्सथ के दिन 2 अप्रैल को प्रातः 9 बजे मंगल आरती होगी जिसमें बाल हनुमान को बालभोग में नुक्ति का महाभोग लगाया जाएगा। भारती के पश्चात इसे भक्तों में वितरित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे अखंड रामायण पाठ की पूणार्हुति होगी। संध्या आरती पश्चात श्री बाल हनुमान जी की रजत प्रतिमा पालकी में विराजित कर उनका विधि विधान के साथ पूजन किया जाएगा। पूजन के बाद श्री बाल हनुमान पालकी में बैठकर भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

### श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर, फ्रीगंज

यहां बुधवार से ही श्री रामायण पाठ प्रारंभ हो गया है। गुरूवार को सुबह 6 बजे इसकी पूणार्हुति होगी। प्रातः 6 बजे श्री हनुमान जी की जन्मारती होगी। दोपहर 11बजे श्री रामचरितमानस का हवन व दोपहर 12 बजे आरती होगी। गुरूवार शाम 7 बजे मंदिर से चलसमारोह निकाला जाएगा जो फ्रीगंज के मुख्य मार्गो से रात 11 बजे मंदिर पर समाप्त होगा। इसे फ्रीगंज गैर के रूप में भी देखा जाता है। नए शहर में एक मात्र गैर श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर से ही निकलती है।

### श्री चैतन्यवीर हनुमान मंदिर

पानदरीबा स्थित श्री चैतन्यवीर हनुमान मंदिर पर वर्षों की परंपरानुसार इस वर्ष भी हनुमान जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। पुजारी पं.प्रणय शर्मा के अनुसार 2 अप्रैल को प्रातः 6.30 बजे भगवान की नियमित प्रातःकालीन होगा। दिवस पर्यंत भगवान श्री हनुमानजी की भक्ति के पश्चात संध्या 7.30 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जावेगा व महाआरती ढोल नगाडों की थाप पर होगी। पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

### श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर

भैरवगढ़ स्थित प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर धार्मिक श्रद्धा, भक्ति भाव से धूमधाम के साथ हनुमान जयंती उत्सव मनाया जायेगा। मंदिर पुजारी पं.अभय शर्मा इलायचीवाला पंडा के अनुसार 2 अप्रैल 2026 गुरूवार को हनुमान जयंती के दिवस बाबा श्री हनुमानजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। सुबह व शाम धार्मिक भजनों का प्रसाद वितरण होगा। सुंदर कांड पाठ के पश्चात महाआरती के साथ उत्सव का समपन होगा।

### बाल उदयवीर हनुमान मंदिर

बाल उदयवीर हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 2 अप्रैल को मंदिर समिति द्वारा अखंड रामायण पाठ एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है। बाल उदयवीर हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कई वर्षों से मंदिर में अखंड रामायण पाठ एवं भंडारे की परंपरा चली आ रही है। भंडारा शाम 5 बजे से शुरू होकर श्रद्धालुओं के आगमन तक निरंतर चलेगा।

### अलकापुरी संकटमोचन हनुमान मंदिर

अलकापुरी कॉलोनी स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बुधवार शाम संगीतमय सुंदर कांड से इसकी शुरूआत की गई है। गुरुवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### श्री अंजनीपुत्र नीलगंगा हनुमान मंदिर

नीलगंगा सरकार में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 16वें वर्ष लगातार विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के महंत अर्पित दास और पुजारी राजू गुरु ने बताया कि दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक सुंदरकांड पाठ होगा। इसके बाद शाम 5 बजे महाआरती का आयोजन होगा और फिर भंडारा प्रारंभ हो जाएगा, जो प्रभु की इच्छा अनुसार अनवरत चलेगा। स्कंद पुराण के अवंती खंड में उल्लेखित इस पवित्र स्थल की विशेष मान्यता है। यहां माता अंजनी के साथ श्री हनुमान जी ने तपस्या की थी।

## उज्जयनी रक्त संचार संस्था ने किया दो स्थानों पर प्याऊ का लोकर्पण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पहली कोयला फाटक पेट्रोल पंप पर स्व. चंदनबाला जैन की स्मृति में अशोक ट्रांसपोर्ट द्वारा, दूसरी पुलिस विभाग के रक्तदाताओं के सहयोग से अजाक थाने पर रढ महोदय द्वारा। यह जानकरी संस्था के सदस्य त्रिलोक मेहता के द्वारा प्रदान की।

## प्रवेश उत्सव शिक्षा के नए आरंभ का खुशनुमा पर्व है: शहजाद खान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शासकीय प्राथमिक विद्यालय चकरावदा में प्रवेश उत्सव मनाया गया प्रभारी शहजाद खान ने बताया कि प्रवेश उत्सव शिक्षा के नए आरंभ का खुशनुमा पर्व है शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य नव प्रवेशी विधाथीयो को विधालय की गतिविधियों से परिचित कराना और उन्हें विधालय आने के लिएं प्रोत्साहित करना था साथ ही स्कूल में प्रवेश के समय से ही अपनापन, स्नेह और प्रेरणा का अनुभव करना है।

सर्वप्रथम नवनामांकित छात्र -छात्राओ को तिलक लगाकर, फुलों की पंखुड़ियों से उनका स्वागत किया गया एवं छात्र -छात्राओ को पुस्तक वितरित की गई बच्चों को टाफी दी गई ओर भोजन कराया गया।

कार्यक्रम में शिक्षक अजय शर्मा, ऊषा शर्मा मेडम ,पालक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खामोशी से आत्मनिर्भरता तक: ऑटिज्म में नई राह दिखा रही ऑक्युपेशनल थेरेपी

### बच्चों को मिल रही नई उड़ान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



हर साल 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ऑटिज्म से जुड़े बच्चों और उनके परिवारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। ऑटिज्म (स्वलीनता) एक न्यूरो- विकासात्मक स्थिति है, जो बच्चों के संचार, व्यवहार और संवेदी समझ को प्रभावित करती है। ऐसे बच्चों के लिए रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। लेकिन इन चुनौतियों के बीच ऑक्यूपेशनल थेरेपी एक मजबूत सहारा बनकर सामने आती है। ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के लिए ऑक्यूपेशनल थेरेपी किसी पुल की तरह है, जो उन्हें उनकी दुनिया से हमारी दुनिया तक जोड़ती है। इसमें विशेषज्ञ बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझकर उन्हें जरूरी कौशल सिखाते हैं। यह थेरेपी खेल-खेल में बच्चों की मोटर स्किल्स, संवेदी प्रसंस्करण और आत्म-देखभाल को बेहतर बनाती है।

थेरेपी के दौरान विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जैसे संवेदी एकीकरण ,दृश्य सहायता (visual supports) और खेल-आधारित गतिविधियाँ। इन तरीकों से बच्चों को नई चीजें सीखने में रुचि पैदा होती है और वे आसानी से बदलाव को स्वीकार कर पाते हैं।

विशेषज्ञ हर बच्चे के लिए अलग योजना तैयार करते हैं, जिसमें उसकी ताकत और जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस व्यक्तिगत दृष्टिकोण के कारण थेरेपी अधिक प्रभावी होती है इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अधिक स्वतंत्र बनते हैं। संवेदी उत्तेजनाओं के प्रति उनकी प्रतिक्रिया संतुलित होती है, जिससे उनका ध्यान और व्यवहार बेहतर होता है। हाथ-आँख समन्वय में सुधार होने से बच्चे लिखने और अन्य गतिविधियों में अधिक सक्रिय हो पाते हैं। सामाजिक और व्यवहारिक विकास में भी इसकी अहम भूमिका है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को दूसरों के साथ जुड़ना, निर्देशों का पालन करना और अपनी भावनाओं को व्यक्त करना सिखाया जाता है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि शुरूआती पहचान और समय पर थेरेपी शुरू करने से बच्चों में सकारात्मक बदलाव तेजी से देखने को मिलते हैं। इसके साथ ही, माता-पिता की सक्रिय भागीदारी और घर पर नियमित अभ्यास इस प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाते हैं।

हर बच्चा खास होता है—बस कुछ बच्चों को समझने के लिए हमें थोड़ा ज्यादा प्यार, धैर्य और समय देना पड़ता है। ऑक्यूपेशनल थेरेपी इसी समझ और सहयोग का एक सशक्त माध्यम है।

**डॉ शुभांगिनी व्यास**
**(पीडियाट्रिक ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट)**
**BOT/MOT (पीडियाट्रिक्स)**

### शिव के ग्यारहवें रूद्र के प्रकटोत्सव को लेकर अपार उत्साह

# जै जै जै हनुमान गुसांई मे डूबा शहर



ढाबारोड स्थित गेबी हनुमान



बड़ा सराफा स्थित खड़े हनुमान मंदिर



व्याधीहरण हनुमान मंदिर , दमदमा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

**(पं राहुल शुक्ल)**

बाबा महाकालेश्वर की नगरी मे उनके ग्यारहवे रूद्र अथार्त बजरंगबली के जन्मोत्सव की तैयारियां सभी मंदिरों मे जोरशोर से चलती रहीं। प्राचीन मंदिरों मे बाबा का नयनाभिराम श्रृंगार की तैयारियां पंडित व पुजारी करते नजर आए वहीं मंदिरों की साज सज्जा भी एक दिन पूर्व तक चलती रही।

### हनुमानजी आए थे अवंतिका में

लिंगपुराण की एक कथानुसार लंका विजय उपरांत जब भगवान राम, लक्ष्मण व सीताजी जब अवंतिका नगरी आए थे तब अंजनिपुत्र हनुमान भी उनके साथ थे। रात्रि विश्राम जब उन्होने रूद्रसागर के समीप किया तब भोजन की तलाश मे माता काली निकलीं और हनुमानजी को पकडना चाहा उसी समय हनुमानजी ने विकराल रूप धारण किया तो कालिका भय से व्याकुल होकर भागीं और गढकालिका क्षेत्र चली गईं जहां कालिका देवी का वर्तमान मे गढकालिका मंदिर है। पास ही स्थिरमन गणेश भी हैं जहां सीताजी ने भगवान राम का चित्त शांत रखने की प्रार्थना गणेशजी से की थी।

### उत्तरामुखी हनुमान का रूप निराला



मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर स्थित है उत्तरामुखी हनुमान मंदिर जो अतिप्राचीन बताया जाता है। इस मंदिर मे पवनपुत्र की विशाल सुन्दर प्रतिमा है जो हाथ मे पर्वत लिए उत्तर की ओर मुख करे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि ये रामभक्त हनुमान का वह स्वरूप है जब वे लक्ष्मणजी को बाण लगनेपर संजीवनी बूटी लेकर जा रहे हैं। हनुमानजी इस अवसर पर जल्दी मे हैं इस कारण उनसे जो मांगा जाए वे देते हुए शीघ्र आगे जाना चाहते हैं। उत्तरामुखी हनुमान मंदिर मे केसरी नंदन के जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई है। मंदिर के पुजारी गोलू गुरू ने बताया कि इस अवसर पर बाबा का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। उन्हे नवीन वस्त्र और आभूषण से अलंकृत किया जा रहा है। प्रातः सूर्योदय से पूर्व आरती परंपरानुसार होगी और रात्रि आठ बजे महाआरती होगी उसके बाद प्रसादी बांटी जाएगी।

### जाखू पर किया था विश्राम



जब हनुमानजी वैद्य सुषेण की सलाह पर संजीवनी बूटी लेने जा रहे थे तो हिमाचल प्रदेश के शिमला के समीप जाखू पर्वत पर उन्होने ऋषि यक्ष को देखा और वहां रूककर पर्वत व संजीवनी बूटी के विषय मे जानकारी ली। इस स्थान पर हनुमानजी के विश्राम करने से पर्वत थोडा चपटा हो गया और उनके पदचिन्ह वाले स्थान पर अतिप्राचीन मंदिर है। यक्ष ही अपभ्रंश होकर याखू और कालांतर मे जाखू हो गया। प्रकृति के सुरम्य क्षेत्र मे स्थित जाखू हनुमान मंदिर बहुत प्रसिद्ध है और वर्षभर यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। कुछ वर्ष पूर्व मंदिर के पास ही 108फिट ऊंची बजरंगबली की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई जो शिमला जानेवाले पर्यटकों व श्रद्धालुओ के लिए आकर्षण का केन्द्र है।इस मंदिर तक पहुंचने के लिए लगभग तीन किलोमीटर की खडी चढाई है।

### द्रोणागिरि पर्वत पर थी संजीवनी

जाखू पर्वत से ऋषि यक्ष से संजीवनी की जानकारी लेकर हनुमानजी द्रोणागिरि पर्वत पर पहुंचे जो वर्तमान मे उत्तराखण्ड के चमोली मे स्थित है। यहां संजीवनी की उचित पहचान न होने से बलवीर हनुमान ने द्रोणगिरि पर्वत का एक टुकडा तोडा और लेकर वायुमार्ग से लंका पहुंचे थे। आज भी इस पर्वत पर औषधीय पौधों की भरमार है।

### नहीं पूजते हनुमान को

आज भी द्रोणागिरि पर्वत क्षेत्र के रहवासी हनुमान की पूजा नहीं करते हैं। मान्यता है कि हनुमान द्वारा पर्वत का हिस्सा तोडने से वे नाराज हैं और इसलिए वे हनुमानजी की आराधना नहीं करते हैं।

### सूर्यदेव हैं हनुमान के गुरू

हनुमान को ज्ञान, बल और बुद्धि का देवता माना जाता है। अंजनिपुत्र को सूर्यदेव ने चारों वेद,छः दर्शन, चौसठ कला और व्याकरण की पूर्ण शिक्षा दी और बदले मे अपने पुत्र सुग्रीव की रक्षा करने का वचन गुरुदक्षिणा के रूप मे लिया। मतंग ऋषि को भी हनुमानजी का गुरू माना गया है। पृथ्वी पर मतंग ऋषि ने ही हनुमानजी को विनम्रता, सेवा व रामभक्ति की महत्वपूर्ण शिक्षा दी थी।

### पंचमुखी हनुमान पाताल से लाए थे राम, लक्ष्मण को

पौराणिक मान्यतानुसार राक्षस अहिरावण, जो पाताल का राजा था वह भगवान राम व लक्ष्मण का अपहरण करके पाताल ले गया और वहां उन्हे छुपा दिया तब हनुमानजी ढूंढते हुए पाताल पहुंचे। वहां अहिरावण से बजरंगबली का सामना हुआ। अहिरावण को वरदान था कि पाताल की पांचो दिशा के दीपक जब एक समय एक साथ बुझ जाएंगे तब उसका अंत हो पाएगा। हनुमानजी ने तब अपने पांच मुंह प्रकट किए और एक साथ पांचों दीपक बुझा दिए। अहिरावण को परास्त करके वे राम व लक्ष्मण को सकुशल ले आए।

### पंचमुखी हनुमान महाशक्तिशाली

पंचमुखी हनुमान की साधना अतिफलदायी मानी गई है। चूंकि ये हनुमान का बाहुबली रूप है इसलिए इनकी आराधना से सभी कार्य सफल होते हैं। हनुमानजी के पांच मुख इस प्रकार हैं

- पूर्वमुख - वानर
- पश्चिमी - गरूड
- उत्तर - वराह
- दक्षिण - नृसिंह
- उर्ध्व- अश्व।

वानर का मुख अपार शक्ति व रामभक्ति का प्रतीक है ,गरूडमुख बुरी नजर व जादू-टोने से रक्षा करता है।वराहमुख धन, समृद्धि व यश कीर्ति मे वृद्धि करता है ,नृसिंह मुख डर,बाधा व नकारात्मकता का शमन करता है और अश्वमुख, ज्ञान व तेज मे वृद्धि का सूचक है। समस्त मनोकामना की पूर्ति हनुमान के पंचमुखी स्वरूप की आराधना से प्राप्त हो जाते हैं ऐसा पुराणों मे वर्णन है।पंचमुखी हनुमान का प्रसिद्ध स्वयंभू मंदिर पाकिस्तान के करांची शहर मे है। लोक मान्यता है कि इस मंदिर मे पंचमुखी मूर्ति की ग्यारह परिक्रमा करने से समस्त मनोरथ पूर्ण होते हैं।

### पंचमुखी हनुमान का मुख्य मंत्र

₹ ॐ दक्षिणमुखाय, पंचमुख हनुमते कराल वदनाय, नरसिंहाय ह्रां, ह्रीं, ह्रूं, ह्रौं, ह्रः सकलभूतप्रेत दमनाय स्वाहा।₹

इस मंत्र का प्रतिदिन जाप करने से शत्रुओं , असाध्य रोगों व तांत्रिक बाधाओं से मुक्ति मिलती है और राजयोग प्राप्त होता है। घर के प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमानजी का चित्र लगाने से समस्त बाधाओं से रक्षा होती है।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 02 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी ली बैठक

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी समाज के सभी वर्गों एवं आमजन के सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र में वृहत रूप से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य कराएं और इस अभियान को पूरी तरह सफल बनाएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान गत 19 मार्च से चलाया जा रहा है जो तीन माह तक चलेगा। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक लेकर अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

### पेंशनर्स को सौगात और नीतिगत सुधार

**इंदौर।** कर्मचारी हितैषी निर्णय लेते हुए बैठक में मंडल के पेंशनर्स एवं परिवार पेंशनर्स को सातवें वेतनमान के अंतर्गत 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई राहत स्वीकृत की गई। साथ ही, पारदर्शिता और व्यवस्थाओं के सरलीकरण के लिये एक बड़ा कदम उठाते हुए मंडल की आवासीय एवं व्यवसायिक संपत्तियों में मूल क्रेता के साथ अन्य नाम जोड़ने या विलोपित करने संबंधी पूर्ववर्ती परिपत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का निर्णय लिया गया। मंडल की वित्तीय सुदृढ़ता को अक्षुण्ण रखने के लिये बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट एवं आगामी वार्षिक बजट को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

### राशन की अफरा-तफरी पर शासकीय उचित मूल्य दुकान निलंबित

**इंदौर।** प्राप्त शिकायत एवं सूचना के आधार पर आज थाना छत्रीबाग, इंदौर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहन क्रमांक टढ 09 वउ 7396 के चालक मोहम्मद साहिल पिता मोहम्मद सलीम के कब्जे से अनाधिकृत रूप से शासकीय फोटीर्फाइड चावल 1.47 क्विंटल वाहन सहित जब्त किया गया। पूछताछ में साहिल द्वारा बताया गया कि उक्त राशन टाट पट्टी बाखल स्थित कंट्रोल (उचित मूल्य) दुकान से खरीदा गया है। इसके आधार पर शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 909093, श्री राम प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार, टाट पट्टी बाखल, इंदौर की जांच की गई। जांच के दौरान दुकान में चावल 1.24 क्विंटल, गेहूं 3.48 क्विंटल तथा नमक 3.73 क्विंटल अधिक पाया गया। साथ ही यह भी सामने आया कि दुकान के विक्रेता मयूर दराडे द्वारा अनधिकृत व्यक्ति को शासकीय राशन का विक्रय किया जा रहा था। उक्त अनियमितताओं एवं शासकीय राशन के अवैध व्यापार के मद्देनजर संबंधित उचित मूल्य दुकान का प्राधिकार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में विक्रेता मयूर दराडे एवं स्कूटी चालक मोहम्मद साहिल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### तीन सदस्यीय समिति करेगी मामले की विस्तृत जाँच

**इंदौर।** एक विशेष समाचार पत्र में 31 मार्च को प्रकाशित समाचार ह्लएमवायएच में मुआवजा रैकेट... पुलिस, दलाल और अस्पतालों का 25 प्रतिशत तक कमीशन फिक्सह्व के संबंध में एम.वाय. चिकित्सालय इंदौर के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. अशोक यादव ने वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बताया है कि समाचार पत्र में उल्लेखित स्टिंग ऑपरेशन एम.वाय. अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी से संबंधित है, जिसका संचालन पूर्णतः पुलिस विभाग के अधीन होता है। समाचार में उल्लेखित डॉक्टर निजी अस्पतालों से जुड़े हैं, जो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला इंदौर के कार्यक्षेत्र में आते हैं, वहीं बीमा एजेंट संबंधित बीमा कंपनियों के अधीन कार्यरत होते हैं। डॉ. यादव ने बताया कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए अधिष्ठाता, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर के निदेर्शानुसार तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### स्ट्रा रीपर से बढ़ी आजीविका, नरवाई प्रबंधन बना सशक्त

**इंदौर।** प्रदेश में संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इंदौर जिले के ग्राम धुलेट में महिलाओं ने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए न केवल अपनी आय में वृद्धि की है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय योगदान दिया है। ग्राम धुलेट के द्वारिकाधीश आजीविका स्व सहायता समूह की सदस्य दीदी पपीता रावत द्वारा स्ट्रा रीपर मशीन का सफल संचालन किया जा रहा है। समूह ने 2 लाख 50 हजार रुपए की ऋण राशि से यह मशीन खरीदी, जिससे गेहूं की कटाई के बाद खेतों में बची पराली को भूसे में परिवर्तित किया जा रहा है। अब तक इस मशीन के माध्यम से लगभग 150 ट्रॉली भूसा तैयार किया जा चुका है, जिससे करीब 3 लाख 50 हजार रुपए की आय अर्जित की गई है। यह उपलब्धि न केवल समूह की आर्थिक सशक्तता को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की क्षमता और मेहनत का भी प्रमाण है। इस पहल से खेतों में नरवाई जलाने की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है।

# दो मंडलों पर अब तक अध्यक्ष नहीं बना पाई नगर की टीम

### सात दिन समय में उलझी भाजपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर के 37 में से 35 मंडलों पर अध्यक्ष तय हो गए, लेकिन दो नंबर विधानसभा के रामायण मंडल और दीनदयाल मंडल में अब तक अध्यक्ष नहीं है। दूसरी तरफ नगर इकाई ने कार्यकारिणी बनाने का ऐलान कर दिया है, जिसके लिए रामनवमी तक का वक्त दिया है।

अब इसमें आठ दिन ही बचे हैं। ऐसे में फिर नगर इकाई दो मंडलों के कारण अपने लक्ष्य से चूकती नजर आ रही है। जब गौरव रणदिवे नगर अध्यक्ष थे, तब रमेश मेंदोला से तालमेल नहीं बैठने के कारण मेंदोला ने अपने इलाके के दो मंडलों का ऐलान रुकवा लिया था। इनमें से एक



में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय रहते हैं। मेंदोला चाहते हैं कि मनीष चोहरट को दीनदयाल मंडल की जिम्मेदारी दी जाए। उन्हें लिखित पत्र तो नहीं मिला, लेकिन काम करने का इशारा जरूर दे दिया है।

### मेंदोला के सामने किसी ने अब तक बात नहीं रखी

इलाके में उनका विरोध इस कारण भी है, क्योंकि मनीष तीन नंबर विधानसभा से आते हैं, लेकिन मेंदोला के सामने किसी ने अब तक बात नहीं रखी। वहीं रामायण मंडल में पिंटू चौधरी को काम सौंप रखा है। उन्होंने पहले पद लेने से इनकार कर दिया था, इसी कारण मंडल की नियुक्ति रुक गई थी। फिर यहां महिला नेत्री को को जिम्मेदारी दी गई, लेकिन उम्र ज्यादा होने के कारण उन्होंने भी काम नहीं किया।

मेंदोला फिर पिंटू को ले आए हैं। यहां भी विरोध है। आठ दिन में कमेटी बनाना है, ऐसे में जब तक दोनों मंडलों में अध्यक्ष तय नहीं होंगे, तब तक कार्यकारिणी घोषित होना मुमकिन नहीं है। नए फार्मेट के मुताबिक एक मंडल में 60 लोगों की टीम बनना है, जिसमें 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सोशल मीडिया प्रभारी और 1 कार्यालय मंत्री बनेगा।

### नगर अध्यक्ष के लिए भी यह बड़ी चुनौती

5 फीसद अनुसूचित जाति से आना चाहिए और 40 फीसद नई उम्र के युवा होंगे। इस मामले में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा का कहना है कि जल्द हम मंडल की नियुक्ति कर कार्यकारिणी बनवा देंगे। भाजपा में शुरू से ही हर टीम के लिए विवाद खड़ा हो जाता है। समय निकालने के बावजूद भी कई बार गठन नहीं हो पता है। मंडल के गठन के बाद ही शहर की टीम बनाई जाएगी। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के लिए भी यह बड़ी चुनौती है कि पहले वह मंडल के पदाधिकारी का गठन कर दें और उसके बाद नगर की टीम बनाएं। मंडल में विधायकों के तालमेल के



बाद ही घोषणा हो पाएगी इसलिए सबको विश्वास में लेकर काम किया जा रहा है। नगर की टीम में हर गुट को तवज्जो दी जाएगी इसलिए उसकी भी राय ली जा रही है। समय पर गठन के लिए कवायाद की जा रही है।

# जिलाध्यक्षों को मिलेंगे टिकट बांटने के अधिकार

## जिला संगठन को मजबूत बनाने दिल्ली में बैठक, राहुल गांधी रहेंगे मौजूद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लगातार चुनावी हार और दल-बदल से नुकसान झेल रही कांग्रेस अब जिला संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को दिल्ली में मध्य प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों की बैठक होगी। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल शामिल होंगे।

इस दौरान जिला अध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और संगठन को मजबूत करने पर मंथन होगा। कांग्रेस संगठन इस बात पर जोर दे रहा है कि जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार दिए जाएं ताकि वे अपने जिले में संगठनात्मक फैसलों में



अहम भूमिका निभा सके। एआईसीसी ने जिला संगठनों को सशक्त बनाने के लिए सुझाव मांग हैं।

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने पार्षद से लेकर सांसद तक के टिकट वितरण में जिला अध्यक्षों की भूमिका को अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है। चुनाव समिति की बैठकों में भी जिला अध्यक्षों की राय को प्राथमिकता दी जाएगी।

### दिल्ली में बैठक, अहमदाबाद में मिलेगी अंतिम मंजूरी



दिल्ली में आज 3 अप्रैल को होने वाली इस बैठक में जिला अध्यक्षों की भूमिका को और प्रभावी बनाने पर चर्चा होगी। इसके बाद 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव को पास किया जाएगा, जिसके बाद इसे पूरे देश में लागू किया जा सकता है।

### कांग्रेस को जिलाध्यक्षों की बैठक की जरूरत क्यों पड़ी?

मप्र में कांग्रेस पिछले चार चुनावों से हार रही है। 2018 में कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन्नी, लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ दो दर्जन से ज्यादा विधायकों के दलबदल के कारण सरकार गिर गई। जिन क्षेत्रों के विधायकों ने पार्टी छोड़ी, उनके साथ बूथ स्तर तक के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी चले गए।

ऐसे में दल-बदल वाले कई विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के दौरान कांग्रेस को कई बूथों पर बिना कार्यकताओं के चुनाव लडना पड़ा और हार भी मिली। कतीस ने दल बदल से सबक लेते हुए अब यह रणनीति बनाई है कि संगठन को नेता और व्यक्ति आधारित की बजाय जिलाध्यक्ष केंद्रित किया जाए। ऐसे में जिले के संगठनात्मक फैसले जिलाध्यक्ष ही लेंगे।

### उज्जैन की फैक्टरी में काम करने वालों की सुनने की शक्ति खत्म, आई शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देवास रोड स्थित सोयाबीन प्लांट के पास एक केमिकल फैक्टरी पर गंभीर आरोप लगे हैं। यहां काम कर चुके कर्मचारियों का दावा है कि फैक्टरी में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण उनकी जिंदगी बर्बाद हो गई है। पीड़ितों के अनुसार, शुरूआत में वे खुशी-खुशी काम करने आए थे, लेकिन उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह नौकरी उनकी सेहत पर भारी पड़ जाएगी। कर्मचारियों का कहना है कि फैक्टरी से निकलने वाली गैस के कारण करीब 30 से 35 लोग 60 से 70 प्रतिशत तक अपनी सुनने की क्षमता खो चुके हैं। वे बिना हियरिंग मशीन के कुछ भी सुन पाने में असमर्थ हैं। पीड़ित कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन, प्रशासन, पुलिस और लेबर कोर्ट तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। फैक्टरी में काम कर चुके वासुदेव सोलंकी ने बताया कि दो साल पहले काम शुरू करने के बाद उनके कानों में सीटी बजने लगी और आंखों में जलन होने लगी। उन्होंने इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज किया और प्रबंधन को भी जानकारी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

महाकाल की भक्ति में डूबे सितारे

## अक्षय-टाइगर-डिंपल ने भस्म आरती में लिया आशीर्वाद

### देश की प्रगति की कामना भी की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और फिल्म अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने आज ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। तीनों कलाकार सुबह भस्म आरती में शामिल हुए, जहां उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष शर्मा और पंडित यश गुरु ने बताया कि सभी कलाकार दर्शन के दौरान भक्ति में लीन नजर आए और जय श्री महाकाल का जयघोष किया। दर्शन के बाद अक्षय कुमार ने कहा कि वे देश की खुशहाली और प्रगति की कामना लेकर बाबा महाकाल के दरबार में आए हैं। साथ ही उन्होंने परिवार के सुख-समृद्धि की भी प्रार्थना की। दर्शन उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी द्वारा तीनों कलाकारों का स्वागत किया गया। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार पहले भी कई बार बाबा महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। इस बार वे टाइगर श्रॉफ और डिंपल कपाड़िया के साथ पहुंचे। उन्होंने माथे पर तिलक लगाया, गले में जय श्री महाकाल का दुपट्टा धारण किया।



61 गांवों की जमीन का अधिग्रहण मुआवजे की वजह से अटका

# डेडलाइन फेल, उज्जैन-जावरा हाईवे का काम टला

## दो साल पहले 7 मार्च 2024 को उज्जैन-जावरा हाइवे निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी

### तय समयसीमा के अनुसार 30 अक्टूबर 2025 तक किसानों को मुआवजा वितरित हो जाना था


दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश की सबसे महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं में से एक, 98.41 किलोमीटर लंबा उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे, वर्तमान में कागजी दावों और धरातल की चुनौतियों के बीच झूल रहा है।

संभागायुक्त आशीष सिंह के 1 अप्रैल से काम शुरू करने के सख्त निर्देशों के बावजूद, प्रशासनिक सुस्ती और भूमि अधिग्रहण की कछुआ चाल ने इस लक्ष्य को लगभग नामुमकिन बना दिया है। प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण है। करीब 98.41 किलोमीटर लंबे इस हाईवे के लिए उज्जैन जिले के 49 और रतलाम जिले के 12 गांवों की लगभग 430 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जानी है। तय समयसीमा के अनुसार 30 अक्टूबर 2025 तक किसानों को मुआवजा वितरित हो जाना था, लेकिन अब तक राशि तय ही नहीं हो सकी है।

### जमीनी स्तर पर कोई गतिविधि शुरू नहीं हुई

प्रशासन अभी भी मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया में उलझा हुआ है, जिससे परियोजना की शुरुआत में देरी तय मानी जा रही है। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने 28 अगस्त 2025 को निविदा खोलने के बाद रशियन बेस्ड कंपनी एलएलसी वोल्गादोस्त्रोय को सिविल वर्क का ठेका दिया है। बावजूद इसके, जमीनी स्तर पर कोई गतिविधि शुरू नहीं हो सकी है। अधिकारियों के मुताबिक, निर्माण कार्य शुरू होने में अब भी कम से कम दो सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच, मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। हाल ही में किसानों ने एमपीआरडीसी कार्यालय पर धरना देकर विरोध जताया। किसानों का कहना है कि मुआवजा तय किए बिना निर्माण शुरू करना उनके हितों के खिलाफ होगा।



### हाईवे की ऊंचाई को कम करने की तैयारी

प्रशासन के लिए यह असंतोष एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। परियोजना को लेकर एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आया है। किसानों के आंदोलन और तकनीकी पुनर्मूल्यांकन के बाद हाईवे की ऊंचाई (एलिवेशन) कम करने की तैयारी चल रही है। संशोधित डिजाइन के अनुसार सिविल वर्क की लागत में लगभग 440 से 450 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। पहले जहां कुल लागत करीब 2400 करोड़ आंकी गई थी, वहीं अब इसे घटाकर लगभग 1950 करोड़ करने का प्रस्ताव है। हालांकि इस संशोधित डिजाइन को शासन से अंतिम स्वीकृति मिलना बाकी है, जिससे काम और अधिक अटक गया है। संभागायुक्त ने परियोजना को 30 नवंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया है और साप्ताहिक मानिटरिंग की व्यवस्था भी लागू की है। उन्होंने साफ कहा है कि अब देरी का कोई बहाना स्वीकार नहीं होगा और संबंधित एजेंसियों को तत्काल काम शुरू करना होगा।

दो साल पहले 7 मार्च 2024 को उज्जैन-जावरा हाइवे निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। कायदे से अब तक हाइवे निर्माण पूरा हो जाना था, मगर विडंबना देखिये कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते अब तक प्रोजेक्ट धरातल पर शुरू भी न हो सका है, जो व्यवस्था पर गंभीर सवाल है।

एआई रोबोटिक्स जैसे कोर्स से रोजगार की राह, प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए

# युवाओं को स्किल ट्रेनिंग से जोड़ रही सरकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। प्रदेश सरकार युवाओं को अस्थायी रोजगार से जोड़ने और उन्हें स्किल ट्रेनिंग देने की दिशा में काम कर रही है। सबको हुनर, सबको काम योजना के तहत युवाओं को जिले में ही प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( अक) और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक कोर्स भी कराए जाएंगे। सरकार ने अब शिक्षा का पैटर्न बदल दिया है। युवाओं को ऐसे नए कोर्स कराए जा रहे हैं, जिनकी ट्रेनिंग पूरी होने के साथ ही रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी और उन्हें बेहतर सैलरी भी मिल सकेगी। दो माह के इस प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं।



**लगातार मिल रहा रोजगार का अवसर-** वर्ष 2025-26 में 10 रोजगार एवं स्वरोजगार युवा संगम मेलों में 1779 आवेदकों का प्रारंभिक चयन हुआ, 214 छात्रों को अप्रेंटिसशिप और 2313 आवेदकों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

यह जानकारी उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने दी। आईटीआई उज्जैन में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन, 3ऊ प्रिंटिंग और वेब 3.0 जैसे कोर्स पर विशेष ध्यान देकर युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### अभी इन्हें दिया जा रहा प्रशिक्षण

संभागीय आईटीआई उज्जैन द्वारा हब एंड स्पोक मॉडल के तहत शासकीय पॉलिटेक्निक के छात्रों को 2 से 4 सप्ताह की हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग और सीएनसी मशीन पर प्रोग्रामिंग सिखाई जा रही है। क्वेस्ट अलाईंस एनजीओ के सहयोग से सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण देकर छात्रों को रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इन विद्यार्थियों का बेंगलुरु में कैंपस प्लेसमेंट भी हुआ है। संभागीय आईटीआई उज्जैन और लघु उद्योग भारती के बीच 9 मार्च को एमओयू हुआ है, जिससे छात्रों को अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप और इंडस्ट्री में प्लेसमेंट में सहायता मिलेगी। साथ ही आईटीआई के आधुनिकीकरण में भी मदद मिलेगी।

### इंदौर में नशा मुक्ति अभियान को लेकर अहम बैठक आयोजित

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एसपी ग्रामीण यांगचेन भूटिया, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त श्री आकाश सिंह, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में नशा मुक्ति अभियान को व्यापक, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि अवैध नशे के विरुद्ध मल्टी-प्रोंग रणनीति के तहत आबकारी विभाग, पुलिस एवं एनसीबी के डाटा के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जन-जागरूकता को मजबूत करने के लिए जिले के सभी कॉलेजों में नशा मुक्ति समितियों का गठन किया जाएगा। इन समितियों में विद्यार्थी एवं फैकल्टी शामिल रहेंगे, जो कैंपस में नशे से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखेंगे तथा प्रभावित छात्रों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

## न्यूज कालम



## नवागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का भावभीना स्वागत

**बुरहानपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर के पैरालीगल वालेनटियर्स ने नवागत पदस्थ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना से सौजन्य भेंट कर चर्चा की और भावभीना स्वागत किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदया ने कहा कि हम सबको साथ में लेकर कार्य कर माननीय न्यायालय की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे हुए जरूरतमंद पात्रधारियों को प्राप्त हो। साथ ही सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम पर भी कार्य करना है।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर के प्रेमदीप सांकला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखंड /सचिव, वरिष्ठ पैरालीगल वालेटियर्स व कुट्म्ब न्यायालय परामर्शदाता महेन्द्र जैन, डॉ. फौजिया सोडावाला, डॉ किरण सिंह, रजनी गट्टानी, अल्मास खान उपस्थित थे।

## नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों के घरों में छाया आर्थिक संकट, वेतन नहीं मिला




**नेपानगर।** एशिया की सबसे बड़ी और पुरानी पेपर मिल नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों के घरों में छाया आर्थिक अंधेरा अब केंद्र सरकार की चौखट तक पहुँच गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने इस मामले में सीधा हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी.कुमारस्वामी को पत्र लिखकर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया है नेपा लिमिटेड के कर्मचारी 17 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण भुखमरी और कर्ज के कगार पर पहुँच गए हैं। जून 2024 से पिछले 17 महीनों का वेतन नहीं मिलने के कारण यहाँ के श्रमिक और उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि उन्होंने अपनी भविष्य निधि भी घरेलू खर्चों में समाप्त कर दी है नेपा लिमिटेड की स्थिति बहुत खराब है। मिल में उत्पादन ठप पड़ा है और कर्मचारियों की संख्या घटकर 370 रह गई है, जिनमें अधिकांश ठेका कर्मचारी हैं। मिल को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने 469 करोड़ रुपये का पैकेज दिया था, लेकिन अभी तक इसका कोई फायदा नहीं हुआ है ।

## पीएम श्री विद्यालय पिपरी में तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत



**बाग ।** दिनांक 1अप्रैल को पीएम श्री एकीकृत शा.हाई स्कूल पिपरी मे राज्य शासन के निदेर्शानुसार स्कूल चले हम अभियान के तहत नवीन शिक्षा सत्र- 2026-27 हेतु प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्लवित कर पूजन किया गया। तत्पश्चात जनप्रतिनिधि श्री राजुसिंह मंडलोई, श्री अर्जुन जमरा, श्री प्रेम जमरा, श्री दयाराम पटेल एवं नवप्रवेशीत छात्र /छात्राओं का श्री रामसिंह बघेल भारतसिंह भवर और अंगुरबाला भवर श्रीमती रेशम चौहान द्वारा तिलक और माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।समस्त उपस्थित छात्र /छात्राओं को जनप्रतिनिधियों के द्वारा कॉपी पेन और निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य जगदीश अलावा द्वारा बताया गया कि शासन के द्वारा पीएम श्री विद्यालय पिपरी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए प्रवेशोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्कूल आने योग्य हर बच्चे का प्रवेश स्कूल में करवाना।और जो बच्चे पढाई छोड़ चुके है। उन्हें पुनः विधालय मे नामांकित कर बच्चों को शिक्षा से जोडना और विधालय के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित कर बच्चों /पालकों और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना ही शासन का उद्देश्य है ।

## चंद्रशेखर सोनिस होंगे नए न.पा. सीएमओ राहुल शर्मा गए मऊगंज

**जावरा ।** मध्य प्रदेश नगरीय प्रशासन विभाग के उप सचिव के मंगलवार को जारी आदेश में नगर पालिका के सीएमओ राहुल शर्मा का स्थानांतरण नगर पालिका परिषद मऊगंज( इंदौर) किया गया। शर्मा के स्थान पर मऊगंज से ही चंद्रशेखर सोनिस का जावरा नपा के लिए आदेश जारी हुआ।

## हनुमान जयंती पर खेड़ापति धाम में पंचकुंडीय यज्ञ, 2 अप्रैल को पूणार्हुति

**देपालपुर।** श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर पूज्य संत भगवानदास जी महाराज के सानिध्य में श्रीमन कामनेश्वर खेड़ापति, हनुमान धाम जूनागढ़ (कटकोदा) में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला के तहत गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन यज्ञ की पूणार्हुति होगी। प्रातः 5.30 बजे दुग्ध एवं दही से भगवान हनुमान का महाअभिषेक संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच अभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थित रही। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और रामधुन से वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो गया।

# पुलिस ने दो बदमाशों को लूट के आरोप में किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा



पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक धार श्री मंयक अवस्थी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी श्री सुनिल गुप्ता के नेतृत्व में थाना प्रभारी संजय कुमार रावत व टांडा पुलिस की टीम के द्वारा दिनांक 12 मार्च 2026 को टांडा- बोरी रोड पर दो मोटर सायकलो से अज्ञात बदमाशों के द्वारा लुट की घटना की थी पुलिस ने फरियादी द्वारा बताये हुलिये व फुटेज के माध्यम से अज्ञात आरोपियो की पता तलाश की गई जो आरोपी गणो की पहचान होने पर लगातार आरोपियो की ठिकानो पर दबिश दी जा रही थी जो दिनांक 1 अप्रैल को सुचना मिली थी की लुट में गया मसरुका टेबलेट आईफोन आदि सामान ग्राहक को बैचने के लिए राजगढ जाने की सुचना प्राप्त हुई की पुलिस ने तत्तपरता व त्वरीत कार्यवाही करते हुए अलग अलग पुलिस टीम गठित कर घेराबंदी की गई जो पुलिस को देख कर पकडंडी रास्ते से भागने का प्रयास किया पुलिस ने चारो तरफ से घैराबंदी कर दबोच लिया नाम पता पुछने पर सुखराम पिता रेमसिहं वसुनिया निवासी पिपलवा ,अंतरसिह पिता खुरपसिह निवासी गुराडिया का बताया और मौके से लुट मे गया मसरुका बरामद किया गया तथा मोटर सायकल बारे मे पुछताछ की गई जो राजस्थान से चोरी कर लाना बताया आरोपीयो को गिरप्तार कर अन्य मामलो मे पुछताछ कर कार्यवाही की जा रही है।

## अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए 10 अप्रैल तक होंगे पंजीयन

**बड़वानी ।** अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया की तिथि बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। अग्निवीर पदों के लिए 1 जुलाई 2005 से 1 जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए 1 जुलाई 2004 से 1 जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे।

## संकल जैन समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



श्री सयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर नगर मे ऐतिहासिक एवं अनुशासित चल समारोह निकाला गया ।जिसका अनेक सस्थाओ ने स्वागत किया। चल समारोह पीपली बाजार मे धर्मसभा मे बदला जहा साध्वी श्री चारित्रकला श्रीजी म.सा.आदि ठाणा 6 ने धर्मसभा मे प्रवचन दिऐ ।

धर्मसभा मे सयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष अभय कोठारी ने स्वागत भाषण देते हुऐ 28 मार्च से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को जानकारी दी।

धर्मसभा मे विधायक राजेन्द पाण्डेय ने कहा की महावीर के संदेश आज भी सही दिशा देते अपनी प्रासगिकता प्रमाणित कर रहे हे। मंगला चरण अर्चना कर्नावट ओर वर्षा रूनवाल ने एवं जैन ध्वज वंदना आशीष दासोत श्री संघ अध्यक्ष अजीत चतर, पंकज कांठेड, प्रकाश चोरडिया, अनिल पोखरना, पवन पाटनी, इंदरमल टुकड़िया, रितेश जैन, अशोक कोठारी, प्रदीप चोधरी ने चल समारोह की अगवानी की

चल समारोह नगर के प्रमुख मार्ग पिपली बाजार से प्रारंभ होकर शुक्रवारीया, सोमवारीया, लाला गली, तंबाकू बाजार, घंटाघर चोराहा, खारीवाल मोहल्ला, आजाद चौक, पिंजारवाड़ी, नीम चौक बजाज खाना, चुडी बाजार, जवाहर पथ से पीपलीबाजार पहुचकर धर्मसभा मे परिवर्तित हुआ।

चल समारोह मे महामंत्री शिखर धारीवाल, कोषाध्यक्ष कैलाश बारोड, चल समारोह संयोजक संदीप रांका, मदनलाल धारीवाल, चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, धरमचंद चपडोद, अनिल धारीवाल, अजय सकलेचा, राहुल ओस्तवाल, राहुल चपडोद, ऋषभ पटवा, अशोक मेहता, अतुल मेहता रवि दुग्गड, पारस कांठेड, महावीर छाजेड, राजेश बरमेचा, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। चल समारोह का जगह जगह आत्मीय स्वागत किया गया।

धर्मसभा मे महिलाओं की सभी मण्डल एवं पाठशालाओं के छात्रों द्वारा शानदार प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम का संचालन सुरेश मेहता ने किया तथा आभार चंद्र प्रकाश ओस्तवाल ने माना।

## शासकीय स्कूलों में नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ, विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद




नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर बुधवार को प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्र,छात्राओं को मप्र शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण किया। विधायक ने शासकीय बालक उमावि के पात्र 25 छात्रों और शासकीय कन्या उमावि की पात्र 17 छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं और सभी छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं।

शासकीय बालक उमावि के प्राचार्य धर्मेंद्रसिंह कछवाहे ने विधायक के समक्ष स्कूल की चार क्षतिग्रस्त कक्षाओं के मरम्मत की मांग रखी। विधायक ने क्षतिग्रस्त कक्षाओं का निरीक्षण किया और नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र मिश्रा को स्कूल की क्षतिग्रस्त कक्षाओं की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। प्राचार्य ने कहा कि स्कूल परिसर में निर्मित दुकानों का किराए की राशि नगरपालिका प्रशासन से स्कूल को दिलवाई जाए। ताकि किराए की राशि से स्कूल की क्षतिग्रस्त कक्षाओं और वाटरकूलर की मरम्मत और अन्य रखरखाव संबंधी छोटे कार्य करवाए जा सकें। प्राचार्य ने स्कूल की बाउंड्रीवाल की मरम्मत और नगरपालिका से स्कूल के शौचालय की नियमित साफ-सफाई की मांग भी की। सीएमओ ने कक्षाओं की शीघ्र मरम्मत और नियमित सफाई कार्य के प्रति आश्वस्त किया। उधर शासकीय कन्या उमावि में विधायक ने नवनिर्मित संगीत कक्ष का शुभारंभ किया और कहा कि संगीत शिक्षक की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। विधायक ने प्राचार्य दुगार्राम मुछाला एवं शिक्षकों की मांग पर विधायक निधि से डिजिटल बोर्ड देने की घोषणा की।विधायक ने कहा कि प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार द्वारा नवीन शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया जा रही है। प्रदेश सरकार शासकीय स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण

## पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिरजी में भजन निशा का आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

परम पूज्य विदुषीआर्यिका 105 प्रशांत मति माता जी के 41वे संयम दिक्षा दिवस पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिरजी मैं भव्य भजन निशा का आयोजन किया गया। जिसमे संगीता पाटोदी, पूर्णिमा जैन, दीपांशी जैन,सभ्यता जैन, सारिका जैन,राजू जैन, पंकज जटाले, प्रशांत चौधरी, कमल के के, सुदेश जटाले ने शुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर सभी भक्तों को भक्ति में विभोर कर दिया। सन्मति जैन काका बताया की आर्यिका माँ प्रशांत मति माता जी का जन्म 3 ऑक्टोम्बर 1956 को आशोज कृष्ण चौदस को भावनगर (गुजरात) मे हूवा आप ने आजीवन ब्रमचर्य व्रत कार्तिक शुक्ल दूज को नसलापुर मे आचार्य शुभल सागर जी महाराज से लिया।आप की आर्यिका दीक्षा 22 अप्रैल 1986 चैत्र शुक्ल चतुर्दसी को मुनि श्री दया सागर जी महाराज से हुई। आप को विदुषी आर्यिका की उपाधि भी प्राप्त है ।आप के दिक्षा के पूर्व का नाम ब्र.पंकज बेन था। आप ने वर्ष 2012 का चातुर्मास सनावद में एवम वर्ष 2013 का चातुर्मास सनावद के समीप श्री सिद्ध क्षेत्र पोदनपुरम मैं कर के अपनी ज्ञान की गंगा बहाकर सभी उसका रस पान करवाया था। इस अवशर पर प्रत्यूष जैन, महेन्द्र कुमार मुंशी, अरविंद जैन, अक्षय जैन, लोकेंद्र जैन, सरल जटाले, शौभाग्यचंद जैन. गुरु मां भक्त मंडल की और से प्रभावना वितरीत की गई।

## पत्रकारों का दायित्व केवल घटनाओं का प्रकाशन नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना-श्री तोमर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महेश्वर



मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने खरगोन में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र है। पत्रकार समाज की आंख और कान होते हैं, जो आमजन की पीड़ा और समस्याओं को शासन- प्रशासन तक पहुंचाते हैं। पत्रकारिता केवल खबर नहीं, समाज को दिशा देने का माध्यम श्री तोमर ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व केवल घटनाओं का प्रकाशन नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने लेखनी में विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कई बार जोखिम भी उठाने पड़ते हैं, बावजूद इसके पत्रकार अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। पत्रकारों को अपनी साख और पहचान बनाए रखने की जरूरत है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारिता का मूल धर्म है कि वह गांव, गरीब और वंचित वर्ग की समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करे। मीडिया को सरकार कोआईना दिखाते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

श्री तोमर ने कहा कि संपादकीय किसी भी अखबार की आत्मा होता है, जो उसकी सोच और दिशा को स्पष्ट करता है। एक सकारात्मक लेख समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में शासन स्तर पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को मुख्यमंत्री के संज्ञान में फिर से लाया जाएगा।

## बड़वानी में धुमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया

**बड़वानी ।** प्राचार्य श्रीमती करुणा बैस ने छात्रो एवं पालकों का स्वागत कर पूरे सत्र में होने वाली शैक्षिक व पाठयेत्तर गतिविधियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी आईसीटी, आईटी/बैंकिंग लैब पाठ्यक्रम के साथ उच्च गणित, जीव विज्ञान, कृषि, वाणिज्य एवं कला संकाय विषयों में अध्यापन की सुविधा है। विद्यालय में अध्ययनरत पात्र छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तके व निःशुल्क सायकल वितरण की गई । कार्यक्रम की शुरूआत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से प्राप्त वाद्ययांत्रो के साथ की गई, जिसमें कई प्रकार के वाद्य यंत्र प्रदान किए गए हैं । उनके साथ सरस्वती वंदना और स्कूल चलो हम कार्यक्रम मनाया गया और नए फर्नीचर को हाल में जमा कर इस पर छात्रों और अभिभावकों को बैठाकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर चटर्जी व वरिष्ठ व्याख्याता आराधना श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया ।

## पुलिस ने अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद किये

**नीमच।** पुलिस थाना नीमच सिटी ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अवैध पिस्टल (शस्त्र), एक जिंदा कारतूस तथा अवैध हथियार खरीददार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल और एक जिंदा राउंड जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को 30 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रोहन पिता महेश खरे, जाति बाल्मीकि, निवासी गांधी नगर, हरिजन मोहल्ला नीमच अपने पास एक अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस लेकर मनासा रोड से कॉलेज ग्राउंड रोड की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और तलाशी में उसके पास से एक अवैध पिस्टल तथा एक जिंदा राउंड बरामद किया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त पिस्टल उसे साहिल उर्फ टुकू पिता संतोष जाती निवासी हरिजन कॉलोनी, नीमच ने दी थी। इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

## आपदा प्रबंधन एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उज्जैन के निर्देशानुसार गत दिवस को एक दिवसीय आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन जिला सेनानी होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट के नेतृत्व में पॉलिटेक्निक कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में संपन्न हुआ।

इस जनजागरूकता वर्कशॉप में पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रोफेसर श्री विष्णु नारायण सक्सेना , श्री जिनवाल सहित कॉलेज के 130 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।आपदा प्रबंधन जन जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में घटित होने वाली विभिन्न प्रकार की आपदाओं बाढ़, भूकंप, आगजनी सहित मेडिकल इमरजेंसी में किस प्रकार आपदा से बचाव करना है ,जिससे आपदा के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों को प्लाटून कमांडर शीला चौधरी के द्वारा बाढ़ एवं आगजनी में किस प्रकार बचाव करना है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में किस प्रकार फायर एग्जीग्यूसर का उपयोग कर आग को नियंत्रित करना है इसके बारे में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया । तत्पश्चात प्लाटून कमांडर दिलीप बामनिया एवं प्लाटून कमांडर पुष्पेंद्र त्यागी द्वारा भूकंप से बचाव की विभिन्न विधियां सहित किस प्रकार घायल व्यक्ति को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित तरीके से भेजना है इसके बारे में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।मेडिकल इमरजेंसी में घायल व्यक्ति को किस प्रकार सीपीआर देना है।

इसके बारे में एसडीआरएफ सैनिक पंकज मंडलोई के द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण उपरांत विद्यार्थियों से सीपीआर का अभ्यास भी कराया गया। तत्पश्चात आपदा के विभिन्न उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई जिससे विद्यार्थी अधिक से अधिक आपदा उपकरणों को सजीवता से देखकर उनके बारे में जान सके।

## कालिदास संस्कृत अकादमी में ग्रीष्म कालीन कला रुचि कार्यशाला 5 मई से

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा ग्रीष्मावकाश में छात्रों, युवाओं में कला में रुचि रखने वाले कला रसिकों के लिए ग्रीष्मकालीन कला रुचि कार्यशाला 5 मई 2-26 से प्रारम्भ होगी।कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि इस कार्यशाला में सुगम संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, लोक संगीत, नाट्य मंचन, कैलीग्राफी आदि कला विधाओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए गुगल फॉर्म के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। गुगल फॉर्म आकदमी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## कलेक्टर ने किया सिंहस्थ निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को आगामी सिंहस्थ 2028 महापर्व के अंतर्गत जूना सोमवारिया से पीपलीनाका तक बनने वाले फोरलेन मार्ग, ओखलेश्वर के समीप बनने वाले नए घाट निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## 15 साल की लड़कियों को वैक्सीन लगाया

**मनावर।** कई बीमारियों से बचने के लिए और जो बच्ची हुई लड़कियों से भी निवेदन है कि वैक्सीन लगाए जो 15 साल की लड़की है और उनके माता-पिता से भी निवेदन की अपनी लड़कियों को 15 वर्ष की लड़कियों को वैक्सीन लगवाएं विधानसभा जिला प्रदेश लेवल पर सभी वैक्सीन 15 साल की लड़कियों से निवेदन है कि सभी वैक्सीन लगाए बीमारी से लड़कियों को अस्पताल से शिवकोर मैडम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सेवंती मैडम कुसुम स्कूल टीचर टीम के साथ उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### पिता ने फटकार लगाई तो घर छोड़ निकली बालिका

**उज्जैन।** देवास गेट थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 साल की बालिका को पिता ने सोमवार-मंगलवार रात काम करने की बात को लेकर फटकार लगा दी थी। बालिका पिता की बात पर नाराज हो गई। मंगलवार दोपहर वह घर से बिना बताए निकल गई। शाम तक घर नहीं लौटी तो परिवार ने तलाश शुरू की, सभी रिश्तेदारों और कारखाने में नहीं मिलने पर रात में परिवार देवासगेट थाने पहुंचा और पुत्री के लापता होने की जानकारी देते हुए बताया कि परिवार एंब्रॉयडरी का काम करता है। काम को लेकर पिता ने डांटा था। तत्काल थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने नाबालिक के लापता होने पर एसआई रामेश्वर धानक, प्रधान आरक्षक अवधेश प्रताप और आरक्षक सुनील को अलर्ट किया वही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखें। बालिका चामुंडा माता चौराहा से प्रेम छाया मार्ग की ओर जाती दिखाई दी। फुटेज परिजनों को दिखाया गया, उन्होंने अपनी बेटी होने की पुष्टि की। पुलिस ने बालिका के जाने वाले रास्ते को ट्रेस किया और एक घंटे में महाकाल मंदिर क्षेत्र से दस्तयाब कर लिया। पूछताछ करने पर बालिका ने बताया कि पिता द्वारा डांटने पर वह घर छोड़कर निकली थी। थाना प्रभारी पाराशर में बालिका को समझाया और परिजनों के सुपुर्द किया।

### श्मशान में हार-जीत का दाव लगा रहे थे जुआरी

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ावदा श्मशान घाट पर कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की खबर पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने धरपकड़ के लिये टीम रवाना की, टीम ने दबिश देकर भागीरथ पिता रतनलाल 55 साल, दशरथ पिता भेरुलाल 30 साल, घनश्याम पिता रमेश पाटीदार 38 साल, राकेश पिता बसंतीलाल 43 साल निवासी खेडावदा, बबलू उर्फ विकास पिता राजेंद्र कुमार 47 साल निवासी नागदा रोड खाचरोद, मुबारक पिता अहमद 65 साल निवासी खातीपुरा कालका माता रोड रतलाम और फारूक पिता शेर 30 साल निवासी गुरु नानक मार्ग खाचरौद को हिरासत में लिया। सभी जुआरियों के पास से 7 हजार 260 रुपये नगद और ताश पत्ती बरामद की गई। थाना प्रभारी के अनुसार जुआ खेलने वालों के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### शादी की खरीददारी कर लौट रहा युवक घायल

**उज्जैन।** भेरूगढ़ क्षेत्र के ग्राम हरिगढ़ में रहने वाले नानूराम पिता सिद्धूलाल 23 साल के भाई का कुछ दिन बाद विवाह होना है। नानूराम शादी का सामान खरीदने के लिए उज्जैन आया था। खरीददारी के बाद बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था तभी रास्ते में ग्राम सिपावरा मार्ग पर बाइक के सामने कुत्ता आ गया जिसके चलते संतुलन बिगड़ने पर नानूराम गिरकर गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने गंभीर चोट होने पर कुछ दिनों तक उपचार के लिए भर्ती रखने की बात कही। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही परिवार अस्पताल पहुंच गया था। विदित हो कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्ट्रीट डॉग (कुत्तों) की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि दुर्घटना का कारण बन रहे हैं, यही नहीं स्ट्रीट डॉग आए दिन बच्चों से लेकर बुजुर्गों को अपना शिकार भी बना रहे हैं। बावजूद इसके नगर निगम और ग्राम पंचायतो द्वारा स्ट्रीट डॉग की धड़पकड़ का अभियान लगातार नहीं चलाया जा रहा है।

### नानाखेड़ा स्टेडियम के पास पलटा ई रिक्शा 2 घायल

**उज्जैन।** शांति पैलेस चौराहा के पास नानाखेड़ा स्टेडियम के सामने मंगलवार-बुधवार रात ई-रिक्शा पलटी खा गया। घटनाक्रम में 70 साल की कमलाबाई और 16 वर्षीय पहला व्यास निवासी अथर्व एनक्लेव घायल हो गए। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा कीर्ति पति रूपम व्यास की शिकायत पर रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। कीर्ति व्यास के अनुसार फ्रीगंज से वह रिक्शा में घर लौट रहे थे, चालक द्वारा तेजगति से रिक्शा चलाए जा रहा था। पुलिस ने रिक्शा जप्त कर लिया है।

### पिपलोन के घायल की निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** आगर मालवा के ग्राम पिपलोन में रहने वाले सरदार पिता मांगूसिंह 42 साल को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर परिवार उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। जहां नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। बुधवार सुबह सरदार की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग डायरी जांच के लिये आगर मालवा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 126-9 |
| मेन बाजार | 457-6 | 340-7 |
| कल्याण नाइट | 550-0 | 134-0 |
| मिलन डे | 490-3 | 447-2 |
| मिलन नाइट | 147-2 | 149-4 |
| मधुर डे | 138-2 | 578-0 |
| मधुर नाइट | 168-5 | 370-0 |
| शुभांक | 1 6 | 9 |

# गिरफ्त में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले 2 बदमाश

## भोपाल-रासयेन से आते थे, चैकिंग अभियान में धराये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ट्रेनों में यात्रियों के साथ होने वाली वारदतों को लेकर जीआरपी और आरपीएफ टीम द्वारा विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें 2 शातिर बदमाशों को पकड़ा गया है। दोनों ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करते थे। उनके पास से 50 हजार रूपये कीमत के 2 मोबाइल बरामद किये गये है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि बुधवार को रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये विशेष चैकिंग अभियान आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया था। इस दौरान नागदा आउटर क्षेत्र में 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, उनके पास से 2 कीमती मोबाइल मिले। पूछताछ करने पर दोनों ने मोबाइल ट्रेनों में यात्रियों के चोरी करना कबूल किया। मोबाइल चोरी का खुलासा होने पर उन्हे गिरफ्तार किया गया। इस दौरान उनके नाम अमित तोमर 35 साल निवासी भोपाल और रोहित तोमर निवासी रायसेन सामने आये।



जिसकी कीमत 51 हजार के लगभग थी। दोनों का अपराधिक रिकार्ड निकालने पर सामने आया कि अमित तोमर के खिलाफ थाना बागसेवनिया, मण्डीदीप, बुधनी, जीआरपी गाडरवाडा एवं जीआरपी रानीकमलापति में 10 संगीन मामले दर्ज है। वहीं रोहित तोमर के खिलाफ थाना मण्डीदीप में 3 प्रकरण दर्ज है। दोनों को मोबाइल चोरी के आरोप में न्यायालय पेशकर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

### प्रयागराज ट्रेन से चोरी किया था मोबाइल

थाना प्रभारी भावसार के अनुसार बदमाशों से बरामद मोबाइल की जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि 30 मार्च को विदिशा के रहने वाले रामचरण रजक ने प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा के दौरान अपना रेडमी कंपनी का मोबाइल चोरी होने की शिकायत जीआरपी का दर्ज कराई थी। दूसरे मोबाइल के संबंध में जांच जारी है। दोनों भोपाल रायसेन से ट्रेनों में चोरी करने के निकलते थे और अलग-अलग स्टेशन तक पहुंचते थे।

# चन्देसरी में ग्रामीणों ने रोका राजस्व अमले का रास्ता

## अतिक्रमण हटाने का किया विरोध, तहसीलदार से अभद्रता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय जमीन पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण का मामला सामने आने पर बुधवार को राजस्व का अमला कार्यवाही के लिये पहुचा, ग्रामीणों ने रास्ता रोक लिया, तहसीलदार से युवती ने अभद्रता की। पुलिस ने 4 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

मामला देवास रोड स्थित नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेसरी का है। कुछ ग्रामीणों द्वारा अपने से पर जाने के लिए शासकीय जमीन पर कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया था। मामले की शिकायत राजस्व विभाग के पास पहुंची थी, बुधवार को तहसीलदार अर्चना गुप्ता के साथ नायब तहसीलदार दिप्ती मांझी, दो राजस्व निरीक्षक,चार पटवारी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के लिए जेसीबी और अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे।

दौरान ग्रामीणों ने राजस्व अमले का रास्ता रोक लिया और विवाद करने लगे। तहसीलदार ने समझाने की कोशिश की तो एक युवती ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। कुछ लोग जेसीबी के आगे खड़े हो गए। मामला बिगड़ता देख नागझिरी थाना पुलिस को सूचना दी गई, थाना प्रभारी कमल निगवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे, यह देख कुछ ग्रामीणों ने पत्थरों का प्रयास भी किया लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए मामला शांत कराया और राजस्व विभाग की कार्रवाई को पूरा कराया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में नायब तहसीलदार के आदेश पर शांति भंग करने एवं विवादित स्थिति पैदा करने वाले आकाश पिता सत्यनारायण, मोहन पिता सिद्ध, भेरूलाल पिता सिद्धुलाल, बहादुर पिता आत्माराम को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### तेजगति में आये डंपर ने कार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के विक्रम उद्योगपुरी मार्ग पर तेजाजी मंदिर के पास बुधवार सुबह तेजगति से आये डंपर ने पीछे से कार को टक्कर मार दी।

दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं डॉ. कृष्ण वल्लभ शर्मा निवासी वसंत विहार की पत्नी घायल हो गई। नरवर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल-शाजापुर (म.प्र.)

-: जाहिर सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) भोपाल के पत्र क्रमांक / 1471-72 दिनांक 20.4.2023 से प्राप्त काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की 38 वीं बैठक दिनांक 16.3.2023 के कार्यवाही विवरण के बिंदु क्रमांक 01 के निर्णय अनुसार सामान्य वनमंडल, शाजापुर के वनपरिक्षेत्र सुसनेर अंतर्गत श्री राधेश्याम भाई स्व. शंकालाल पिता मांगीलाल, निवासी सोयतकलां, जिला आगर-मालवा की स्थित निजि भूमि खसरा नंबर 1198/1/1/1/1/2/1/2 रकबा 0.0100 हैक्टर में से 80 X 100 = 8000 वर्गफिट पर स्थापित आरामशीन अनुज्ञप्तिधारक (अनुज्ञप्ति क्रमांक / 602400068 नवीनीकरण वर्ष 2024 से 2026 तक) स्व. शंकरलाल पिता मांगीलाल की मृत्यु एवं श्री राधेश्याम पिता मांगीलाल, की वृद्धावस्था के कारण उनके पुत्रों श्री राजेश पिता राधेश्याम एवं श्री बालकिशन पिता शंकरलाल, निवासी सोयतकलां, जिला आगर-मालवा के नाम से आरामशीनमालिक के सभी संभावित वारिसों (परिवार के सदस्यों) द्वारा नोटरी शपथ-पत्र पर अनापत्ति दिये जाने के फलस्वरूप सोयतकलां स्थित निजि भूमि खसरा नंबर 1198/1/1/1/1/2/1/2 रकबा 0.0100 हैक्टर में से 80X100 = 8000 वर्गफिट पर स्थापित आरामशीन का स्थाई रूप से नियमानुसार नामांतरण किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में आरामशीन अनुज्ञप्तिधारक, श्री राजेश पिता राधेश्याम एवं श्री बालकिशन पिता शंकरलाल, निवासी सोयतकलां, जिला आगर-मालवा के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति से वनमंडल कार्यालय, ए.वी.रोड़-शाजापुर में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें, बाद अवधि व बिना प्रमाण के कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। **अनुज्ञापन अधिकारी एवं वनमण्डलाधिकारी शाजापुर**

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार संजु केवट पिता मोहनजी केवट निवासी फुलकरडिया तहसील हातोद जिला इंदौर म.प्र. ने कृषि भुमि स्थित ग्राम जमालपुरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. स्थित भुमि सर्वे नंबर 53/3 रकबा 0.58 हे., सर्वे नंबर 53/4 रकबा 0.58 हे., भुमि सर्वे नंबर 53/7 रकबा 0. 20 हे., कुल किता 03 कुल रकबा 1.36हे., भुमि को भुमि स्वामी जयपालसिंह पिता राजेन्द्रसिंह पंवार जाति राजपुत निवासी ग्राम जमालपुरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा कर लिया है तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में सौदा चिट्ठी भी संपादित हो चुकी है तथा मेरे पक्षकारा द्वारा बयाना राशि भी अदा कर दी गयी है तथा नियत दिनांक 04/05/2026 तक उक्त भुमि का विक्रय पत्र संपादित होना शेष है। यदि उपरौक्त विक्रय कृषि भुमि के संबंध में किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तिय संस्था, या अन्य का ऋण, भार या किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का कर, पेनल्टी या देनदारी बकाया हो या उक्त विक्रयशुदा भुमि पर किसी का हित, स्वत्व संबंधी कोई विवाद या विक्रय सम्बंधी कोई आपत्ती हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधिन हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मुझे सप्रमाण लिखीत में आपत्ति पेश करे ताकी उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा भुमि के स्वामी को शेष विक्रय मुल्य अदा कर उक्त वर्णित भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में संपादित करवा लिया जावेगा जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सुचित हो इति दिनांक 01/04/2026

**गोविंद प्रजापत एडव्होकेट**
**कार्यालय पता- कोर्ट परिसर, बडनगर**
**मो. 9926990488**

### बहू तलाश में निकली तो कुएं में मिली सास की लाश

**उज्जैन।** मानसिक रूप से बीमार वृद्धा बुधवार सुबह घर से निकल गई, काफी देर तक वापस नहीं आई तो बहू तलाश में निकली। इस दौरान घर के पीछे कुएं में सास का शव पड़ा होना सामने आया। ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। घट्टिया तहसील के ग्राम कदवाली में रहने वाली शारदा बंजारा मानसिक रूप से बीमार अपनी सास मीराबाई पति बापू बंजारा 73 साल को घर नहीं पाकर उनकी तलाश में निकली। आसपास गांव वालों से पूछने पर कुछ पता नहीं चला। इस दौरान घर के पीछे खेत में तलाश के लिये पहुंची। जहां कुएं के पास चप्पल दिखाई दी। शंका होने पर अंदर झांका तो सास पड़ी दिखाई दी। परिवार और गांव वालों को बुलाकर आधे घंटे की मशक्कत के बाद मीराबाई को बाहर निकाला गया, लेकिन मौत हो चुकी थी। वृद्ध महिला की लाश कुएं से मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। परिजनों ने बताया कि मानसिक रूप से बीमार थी, पहले भी कई बार घर से चली गई थी। 2-3 दिन की तलाश के बाद उन्हे घर लाया गया था। उसके बाद से काफी ध्यान रखा जाता था, लेकिन सुबह अचानक घर में दिखाई नहीं तो उनकी तलाश शुरू की गई थी। एसआई अलकेश डांगी ने बताया कि कुआ ग्राम कदवाली में रहने वाले दरबार का है, जिसकी मुंडेर भी एक से डेढ़ फीट की है। प्रारंभिक जांच में मामला हादसा प्रतीत हो रहा है। लेकिन मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट आने और जांच में घटना की सही वजह सामने आ पायेगी।

### मृतक ने जहर खाने से पहले बनाया था वीडियो

**उज्जैन।** 6 दिनों पहले जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में पुलिस को उसके मोबाइल की डिटेल खंगाली है। जिसमें एक वीडियो सामने आया है। जहरीला पदार्थ खाने से पहले उसने उक्त वीडियो बनाया था। जिसमें कुछ लोगों से परेशान होने की बात कहीं गई है। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 25 मार्च की शाम आशु मेतरानी माता मंदिर के पास से एक युवक का शव लोगों की सूचना पर बरामद किया गया था। जिसकी दूसरे दिन पहचान निलेश पिता अर्जुन जोशी 30 साल निवासी नईदिल्ली उन्हेल हाल मुकाम पंवासा किराये का मकान के रूप में हुई थी। उसकी जेब से सल्फास का एक खाली और दूसरा भरा पाऊच मिला था। पहचान होने पर पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की गई थी। इस दौरान मृतक का मोबाइल मिला, जिसकी डिटेल खंगालने पर एक वीडियो सामने आया है। जिसमें कुछ लोगों के नाम है, जिनके द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। वीडियो में किस बात के लिये परेशान कर रहे थे इसका उल्लेख नहीं किया है। वीडियो जहरीला पदार्थ खाने से पहले का सामने आया है। थाना प्रभारी के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज होना शेष है। उसके बाद ही वीडियो में बताये गये नामों के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामि 1-कमल सिंह डोडिया पिता श्री बाबुसिंह डोडिया आयु 38 वर्ष, व्यवसाय कृषि, जाति-राजपूत, निवासी ग्राम निनौरा तह. व जिला उज्जैन म.प्र. 2 लखन सिंह डोडिया पिता श्री बाबुसिह डोडिया आयु 40 वर्ष, व्यवसाय कृषि, जाति राजपूत, निवासी ग्राम निनौरा तह0 व जिला उज्जैन म0प्र0 से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 178 रकबा 0.41 हेक्टर व सर्वे नंबर 176/2 रकबा 0.73 हेक्टर कुल कीता 2 कुल रकबा 1.14 हेक्टर ग्राम निनौरा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष विकय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक 01-04-2026

**आशीष भदोरिया एडवोकेट**
**कार्यालय 2, द्रविड़ मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**99812-60727**

### जहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण 1. श्री अशोक पिता श्री उमराव सिंह, 2. श्रीमती मंजूबाई पत्नी श्री अशोक, निवासीगण ग्राम बाड़कुम्मेद, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र. ) के स्वमित्व एवं आधिपत्य की एक संपत्ति जिसका भवन क्रमांक 96, टाईप बी, अंजुषा एन्क्लेव, सेक्टर-बी, पांड्याखेड़ी, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) के आवासिय क्षेत्र में स्थित है। उक्त उल्लेखित संपत्ति की चेन रजिस्ट्री जिसका विक्रय दस्तावेज क्रमांक ए-1/5454 दिनांक 24/01/2000 का होकर श्रीमती सरोज बांगड़ पति स्व श्री कृष्णकान्त बांगड़, निवासी 1 रामकृष्ण कॉलोनी, देवास रोड़, उज्जैन के नाम से उप पंजियक कार्यालय उज्जैन में रजिस्टर्ड था, उक्त दस्तावेज का असल विक्रय पत्र मेरे पक्षकारगण से कहीं गुम हो गया है, तथा उक्त दस्तावेजात पर किसी वित्तदायी संस्था अथवा निजी साहुकार का कोई भार नहीं है और न ही पूर्व में मेरे पक्षकारगण द्वारा क्रय की गई संपत्ति कहीं गिरवी नहीं है यदी फिर भी उक्त संपत्ति पर कहीं कोई भार पाया जाता है तो ऐसा कोई भी भार मेरे पक्षकारगण के हितों के विपरित होकर उक्त जाहिर सूचना के प्रकाश में 7 दिवस की अवधि बीतने के पश्चात् प्रभावहीन व शुन्य माना जावेगा। उक्त उल्लेखित दस्तावेज यदी किसी को मिले एवं उसके मिलने की सूचना किसी को भी प्राप्त हो तो उक्त दस्तावेज मेरे निम्नलिखित कार्यालय पर कार्यालयीन समय में प्रदान करे। दिनांक 31.03.2026

**कलीम एहमद खान एडव्होकेट**
**कार्यालय 123 सी-21 रेस्कोम, फस्ट फ्लोर, नानाखेड़ा, उज्जैन**
**मो 9926027099**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार मेहताब हुसैन पिता आरिफ रज्जाक के पक्ष में माननीय न्यायालय नवम् व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन द्वारा प्रकरण क्रमांक EXA-33ए/2022 में निर्णित ऋणी मोहम्मद इरफान पिता गुफरान खान के विरुद्ध 31,13,850/- रुपये की वसूली हेतु डिक्री पारित की गई है। उक्त डिक्री के निष्पादन हेतु माननीय न्यायालय द्वारा आदेश 21 नियम 66 C.P.C. के अंतर्गत मदयून की निम्नलिखित चल एवं अचल संपत्ति को अरशद खान पिता सलीम खान से विकय अनुबन्ध पत्र दिनांक 05/08/2015 से क्रय किया गया है उक्त सम्पत्ति की कुर्की के आदेश जारी किए गए हैं निर्णित ऋणी मोहम्मद इरफान पिता गुफरान खान की अचल संपत्ति म्युनिसिपल क्रमांक 30 व 31 का भाग, मालवा स्टील गली, महाकाल मार्ग, (क्षेत्रफल लगभग 600 वर्ग फीट, जिसमें 1 हॉल, 2 बेडरूम, किचन आदि महाकाल मार्ग, जिला उज्जैन में स्थित है, को न्यायिक प्रक्रिया के अधीन कुर्क की जाना हैं मदयुन उक्त उल्लेखित भवन को अनाधिकृत रूप से विकय तथा अंतरित करना चाहते हैं जो कि विधिक प्रकिया के विपरीत होकर मोहम्मद इरफान पिता गुफरान खान को अंतरण का कोई अधिकार नहीं है। निर्णित ऋणी मोहम्मद इरफान की चल संपत्ति पल्सर गाड़ी MP-09-XH-8727), एल.ई.डी. टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, सोफा सेट एवं अन्य घरेलू सामग्री उक्त संपत्तियां न्यायिक प्रक्रिया के अधीन कुर्क की जा चुकी है नीलामी हेतु प्रस्तावित है सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति का संव्यवहार नहीं करे अन्यथा ऐसा संव्यवहार, अंतरण, विक्रय उक्त संपत्ति पर तथा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक नहीं माना जावेगा ऐसा करने वाला व्यक्ति स्वयं की जोखिम और जिम्मेदारी पर कार्य करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस सूचना के बाद भी उक्त संपत्ति के संबंध में कोई लेनदेन या संव्यवहार करता है, तो वह अवैध, व शून्य आरंभ से रहेगा और मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा। इति दिनांक-02/04/2026 स्थान- उज्जैन मध्यप्रदेश

**शैलेष परमार (हायकोर्ट एडव्होकेट)**
**एवं भारत सरकार द्वारा अधिकृत नोटरी**
**कार्यालय-एम.आई.जी. एफ 2/9, जवाहर नगर, नानाखेड़ा उज्जैन**
**मो. 98934-43124**

# एक ही चेतना का विस्तार



एक साधक ने मुझसे बेहद रोचक प्रश्न किया कि बाबा, हम प्रकृति, ईश्वर, पेड़-पौधे में अलग-अलग बांटकर जीवन को देखते हैं। आखिर जीवन को किस तरह देखना चाहिए? ब्रह्मांड को समझने की सबसे गहरी कोशिश हमें ऐसे विचार तक ले जाती है, जिसे ब्रह्मांडीय चेतना कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें, तो यही वह मूल शक्ति है, जिससे सब कुछ उत्पन्न हुआ है और जो हर क्षण इस सृष्टि को देख रही है। हम हैं, क्योंकि वह है और शायद इसलिए भी कि वह हमें इस अस्तित्व में देखना चाहती है। अक्सर हम जीवन को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर देखते हैं- मैं, तुम, प्रकृति, ईश्वर। आध्यात्मिक दृष्टि कहती है कि यह विभाजन हमारी समझ की सीमा है। वास्तव में, सब कुछ एक ही चेतना का विस्तार है। जब हम इस सत्य को भूल जाते हैं और मान लेते हैं कि ईश्वर के अलावा भी बहुत कुछ स्वतंत्र रूप से मौजूद है, तब यह सीमित दृष्टिकोण होता है। जब भीतर से यह अनुभव होने लगे कि जो कुछ भी है, वह उसी एक चेतना का रूप है, तब हम समग्र दृष्टि की ओर बढ़ते हैं।

यही समग्र दृष्टिकोण साधना की ऊंची अवस्थाओं- जैसे सविकल्प, निर्विकल्प और संप्रज्ञात समाधि की ओर ले जाता है। यह कोई अचानक मिल जाने वाला अनुभव नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे विकसित होने वाली समझ है, जिसमें व्यक्ति अपने भीतर और बाहर एक ही सत्य को पहचानने लगता है। आज की एक बड़ी विडंबना यह है कि आध्यात्मिक ज्ञान की कमी नहीं है, किताबें, प्रवचन और विभिन्न साधन आसानी से उपलब्ध हैं, फिर भी सच्चे साधक और योग्य मार्गदर्शक कम दिखाई देते हैं। कारण यह है कि अध्यात्म को समझने के बजाय कई लोग उसे दिखावे या लाभ का साधन बना लेते हैं। ऐसे तथाकथित गुरु अक्सर लोगों को उलझा देते हैं। जैसे, ईश्वर का रूप कैसा है? कौन-से देवता श्रेष्ठ हैं या स्वर्ग-नरक की कल्पनाएं क्या हैं? इन चर्चाओं में उलझकर साधक मूल प्रश्न से दूर हो जाता है। कुछ लोग भय व लालच का सहारा लेकर भोले-भाले लोगों को नियंत्रित करने की कोशिश भी करते हैं। अध्यात्म इसके बिल्कुल विपरीत है। वह बांटता नहीं, बल्कि जोड़ता है। एक सच्चा साधक हर व्यक्ति, हर जीव में उसी एक चेतना को देखता है। उसके लिए न जाति का भेद होता है, न धर्म का, न देश का। वह पशु-पक्षी व पेड़-पौधों को भी अपने ही अस्तित्व का हिस्सा मानता है। यही एकात्म दृष्टिकोण है। आध्यात्मिक यात्रा का सार ही यही है- बाहरी भ्रमों से निकलकर उस एक चेतना को पहचानना, जो हर जगह, हर रूप में, हर क्षण विद्यमान है।



## सम्पादकीय

# मंदिर में भगदड़

बिहार में नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ और उनमें आठ महिलाओं की मौत की घटना जितनी मर्मांतक है, उतनी ही क्षुब्ध करने वाली भी। आखिर ऐसी कितनी घटनाएं और घटेंगी, तब जाकर तंत्र संवेदनशील बनेगा? हर बार, जब ऐसी कोई घटना घटती है, कुछ दिनों तक उसका असर दिखता है और फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर लौट आता है। जैसे कि ब्योरे हैं, हरेक मंगलवार को इस मंदिर में देवी-दर्शन के लिए भीड़ उमड़ती है और चैत्र माह का आखिरी मंगलवार होने के कारण इस बार भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, जिनका प्रबंधन नहीं हो सका और यह हादसा हो गया। यह अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों के लिए छह लाख व केंद्र सरकार ने दो लाख रुपये के मुआवजे और घायलों के पूरे इलाज का भार उठाने का एलान किया है, मगर इन सबसे परे जाकर यह जांच करने की जरूरत है कि मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ के प्रबंधन में क्या-क्या चूक हुईं, ताकि उनके आधार पर पुख्ता दिशा-निर्देश तय किए जाएं और राज्य के तमाम उपासना स्थलों के कर्ता-धताओं व मेला प्रशासन के लिए उनके अनुपालन को बाध्यकारी बनाया जा सके।

भीड़ का प्रबंधन हमारे देश में लगातार एक चुनौती बना हुआ है। अभी बहुत ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब तमिलनाडु के करूर में अभिनेता विजय की राजनीतिक रैली में मची भगदड़ ने 40 से अधिक लोगों की जान ले ली थी, जबकि 100 से अधिक घायल हुए थे। उसके कुछ ही महीने पहले आईपीएल क्रिकेट टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विजय जुलूस में भगदड़ से 11 लोग अपनी जान गंवा बैठे थे। कुंभ मेले के दौरान प्रयागराज और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के हादसे भी हम भूले नहीं हैं। ये तमाम घटनाएं इस बात की तस्दीक करती हैं कि ढांचागत विकास व तकनीकी तरक्की के बावजूद प्रशासन के स्तर पर आपराधिक लापरवाही की प्रवृत्ति दूर नहीं हो रही और इसकी सबसे बड़ी कीमत बेकसूर आम लोग चुका रहे हैं।

शीतला माता मंदिर की ये पीड़िताएं वहां अपनी और अपनों की सलामती-समृद्धि के लिए प्रार्थना करने पहुंची थीं। उन्हें क्या पता था कि वह खुद आखिरी दर्शन वाली देह बनकर लौटेंगी? यह घटना एक श्रद्धालु के रूप में भी हमारी कमियों को उजागर करती है। देव-दर्शन के आकांक्षी भक्तों को यह समझने की जरूरत है कि धर्म का आधार ही धीरज और करुणा है।

## (हनुमान जयंती पर विशेष) हनुमान प्राकट्य उत्सव

# आस्था, विश्वास और पाताल विजय की दिव्य परंपरा

चैत्र पूर्णिमा का पावन दिवस भारतीय सनातन परंपरा में हनुमान प्राकट्य उत्सव के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भक्ति, शक्ति और सेवा के आदर्श का जीवंत स्मरण है। इस वर्ष 2 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह उत्सव श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह दिन हमें पवनपुत्र हनुमान के त्याग, समर्पण और पराक्रम की प्रेरणा देता है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में हनुमान जी के अनेक मंदिर हैं, किंतु कुछ मंदिर अपनी विशिष्टता और अद्भुत स्वरूप के कारण अलग पहचान रखते हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित संगम तट का लेटे हनुमान मंदिर इस श्रृंखला में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहाँ हनुमान जी की लगभग बीस फीट लंबी प्रतिमा लेटी हुई मुद्रा में विराजमान है, जो पूरे देश में अद्वितीय मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि संगम स्नान का पूर्ण फल तभी प्राप्त होता है, जब श्रद्धालु यहाँ आकर हनुमान जी के दर्शन करते हैं। वर्षा ऋतु में जब गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ता है, तब यह प्रतिमा जलमग्न हो जाती है, जो आस्था और प्रकृति के अद्भुत संगम का प्रतीक बन जाती है।

इस मंदिर से जुड़ी अनेक जनश्रुतियाँ प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार, एक भक्त व्यापारी हनुमान जी की प्रतिमा को जलमार्ग से लेकर आ रहा था, किंतु प्रयाग के समीप उसकी नाव डूब गई और समय के साथ यह प्रतिमा पुनः प्रकट हुई। उसी समय मुगल शासक अकबर ने इस प्रतिमा को किले के समीप स्थापित करवाया। एक अन्य कथा में कहा गया है कि लंका विजय के बाद जब हनुमान जी अत्यंत कष्ट से पीड़ित हुए, तब माता जानकी ने उन्हें सिन्दूर देकर नया जीवन प्रदान किया। इसी कारण यहाँ सिन्दूर चढ़ाने की परंपरा विशेष रूप से प्रचलित है।

इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के इंदौर के समीप सांवेर स्थित उल्टा हनुमान मंदिर अपनी अनूठी विशेषता के कारण विश्वभर में प्रसिद्ध है। यह मंदिर राम पाताल विजय के नाम से भी जाना जाता है और इसकी मान्यता त्रेतायुग से जुड़ी हुई मानी जाती है। जब रामायण काल में अहिरावण भगवान राम और लक्ष्मण को पाताल लोक में ले गया था, तब हनुमान जी ने अद्भुत पराक्रम दिखाते हुए पाताल में प्रवेश कर उनका उद्धार किया। जनश्रुतियों के अनुसार, उन्होंने इसी स्थान से पाताल में प्रवेश किया था, इसी कारण यहाँ उनकी प्रतिमा उल्टी अवस्था में स्थापित की गई है।



इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ हनुमान जी सिर नीचे और चरण ऊपर की ओर विराजमान हैं। यह स्वरूप केवल एक अनोखी आकृति नहीं, बल्कि गहरे आध्यात्मिक अर्थ को भी प्रकट करता है। यह हमें यह संदेश देता है कि जब धर्म की रक्षा का प्रश्न होता है, तब शक्ति हर दिशा में सक्रिय हो जाती है—चाहे वह आकाश हो या पाताल। श्रद्धालुओं के बीच यह विश्वास है कि यहाँ लगातार तीन या पाँच मंगलवार दर्शन करने से जीवन की बाधाएँ दूर होती हैं और मानसिक तथा शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

भारत में हनुमान जी के अन्य स्वरूप भी भक्ति के विविध आयामों को प्रस्तुत करते हैं। छत्तीसगढ़ के रतनपुर में स्थित गिरिजाबंध मंदिर में हनुमान जी की स्त्री रूप में पूजा की जाती है, जो शक्ति और भक्ति के अनूठे संगम को दर्शाता है। वहीं गुजरात के जामनगर का बाल हनुमान मंदिर अपनी अखंड रामधुन के लिए विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है।

इन सभी मंदिरों की विशेषता यह है कि वे केवल पूजा के स्थान नहीं हैं, बल्कि आस्था, इतिहास और संस्कृति के जीवंत केंद्र हैं। यहाँ आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु केवल दर्शन ही नहीं करता, बल्कि एक अदृश्य शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव भी करता है। यही अनुभव उसे जीवन की कठिनाइयों से लड़ने की प्रेरणा देता है। हनुमान प्राकट्य उत्सव हमें यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति केवल पूजा तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सेवा, समर्पण और साहस के रूप में हमारे जीवन में प्रकट होती है। हनुमान जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि यदि हमारे भीतर अटूट विश्वास और निष्ठा है, तो कोई भी बाधा हमें हमारे लक्ष्य से विचलित नहीं कर सकती।

आज के समय में जब जीवन अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है, तब हनुमान जी की प्रेरणा और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। उनका प्रत्येक रूप हमें यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और सकारात्मक सोच बनाए रखना ही सच्ची साधना है। अंततः यह कहा जा सकता है कि हनुमान प्राकट्य उत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मबल और आस्था का महापर्व है। चाहे प्रयागराज के संगम तट पर लेटे हनुमान जी हों या सांवेर के उल्टे हनुमान—हर स्वरूप हमें यही सिखाता है कि विश्वास और भक्ति के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

# श्रेष्ठ नागरिक बनने का उदाहरण प्रस्तुत करे

वर्तमान समय में मध्य एशिया तथा खाड़ी देशों में उत्पन्न परिस्थितियों के कारण भारत में भी पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी ईंधन सामग्री को लेकर संकट की आशंका दिखाई दे रही है। हालांकि यदि वास्तविकता पर विचार करें, तो देश में पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है, लेकिन कुछ व्यक्तियों और एजेंसियों द्वारा की जा रही कालाबाजारी तथा अफवाहों के कारण यह संकट गहराता प्रतीत हो रहा है।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

एक छोटी-सी भ्रामक सूचना या अफवाह के चलते लोग अपनी आवश्यकताओं से कहीं अधिक ईंधन का भंडारण करने लगे हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और अनावश्यक दबाव उत्पन्न हो रहा है।

यदि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए केवल उतना ही ईंधन संग्रह करे जितनी उसे वास्तव में आवश्यकता है, तो निश्चित रूप से इस प्रकार की कृत्रिम किल्लत उत्पन्न नहीं होगी। यह समझना आवश्यक है कि हर समस्या का समाधान केवल सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

हमें यह विचार अपने मन में रखना चाहिए कि हमारे द्वारा किया गया अतिरिक्त भंडारण किसी अन्य परिवार की आवश्यकताओं को प्रभावित कर सकता है। संभव है कि हमारे कारण किसी के घर का चूल्हा न जल पाए। ऐसी स्थिति में हमें वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को अपने जीवन में उतारना चाहिए और जरूरतमंद परिवारों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। हमें उदारता का परिचय देते हुए ईंधन की खपत को यथासंभव कम करना चाहिए तथा अपने घर-परिवार में भी छोटे-छोटे उपाय अपनाकर ईंधन बचत का प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार, हम न केवल संकट की स्थिति से निपटने में सहयोग कर सकते हैं, बल्कि एक जिम्मेदार और श्रेष्ठ नागरिक होने का भी परिचय दे सकते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02 अप्रैल 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:22 सूर्यास्त 18:39
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - पूर्णिमा 07:42 उपरांत एकम
नक्षत्र - हस्त 17:39 उपरांत चित्रा
योग - ध्रुव 14:19 उपरांत व्याघ्र
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 13 तारिख

**मेष-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**वृषभ-** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है।

**मिथुन-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कर्क-** किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी।

**सिंह-** व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी।

**कन्या-** मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। थकान व कमजोरी रहेगी।

**तुला-** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी।

**धनु-** सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा।

**मकर-** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें।

**कुंभ-** बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

**मीन-** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## हास्य व्यंग्य

# हे जालिम जमाने तेरी वाह-वाह,भई..?



दिनेश गंगराड़े
(दैनिक अवन्तिका)

बचपन में दही जमाने का सुना था, बड़े-लंब-तडंग हुए तो ज्ञात हुआ कि इस संसार को भी 'जमाना'कहते है?इधर अवतरण के बाद न जाने क्या-क्या जमाना पड़ता है।जब आप जमाना सीख जाओ तभी इस 'जमाने'मे जम पाते हो?जमती तो बर्फ भी है पर साली थोड़ी सी गर्मी में पिघलने लगती है।लोग आइसक्रीम जमाने में घँटों लगा देते है किंतु इस जमाने को जमाने मे कई साल लग जाते है फिर भी कुछ लोगों की तो घरवाली भी ढंग से नही जम पाती है और वें जमाने भर की बातें करते रहते है?जमाने को जमाने के लिए कई पापड़ बेलने पड़ते है।कई लोग इस जमाने को सेट करने के वास्ते मजबूरन रोटी भी बेलते है फिर भी ये जालिम जमाना जम नही पाता है।जिंदगी भर लोग पूछते-फिरते हैं जमा?मैं उत्तर देता हूँ ना,ना बाबा ना।ऐसा है ये जमा,ना?हिंदी वाले इसे संसार भी बकते है।फिरंगी इसे वर्ल्ड बोलते हैं।मतलब समय, सन-सन गुजरता जाता है और व्यक्ति को अंत में भान होता है कि कोई 'सार' नही है?तभी तो संत उवाच, निःसार संसार,जालिम दुनिया, वाहियात जमाना!अब देखो नारियों को ,मर्यादित होकर ढंकी-पहनी,ओढ़ी रहना चाहिए किंतु वें बदन से चीथड़े उतारती जा रही है।होड़ मची हुई है कि कौन बाई कितने कपड़े उतारे,कित्ता कम कपड़ा पहने,जो वस्त्रहीन होगी उसे शायद पुरस्कृत किया जाएगा?एक कोई बाई अत्यावश्यक ,आंतरिक वस्त्र भूल( ? )से धारण कर पूरी कालोनी ,आखा शहर में गर्व से घूम आई,वाह री नागड़ी लुगाई,निर्लज्ज बाई,तू भी तो होगी किसी की मां,भाभी,बहन,या लुगाई?मयार्दाओं की बात इस जमाने में अब किसी को जमती नही है।सारे के सारे ,सब अमर्यादित होने को आमादा है।सब नँगाई पर उतरने को ततपर है।सब अपने मन के राजा जो है और बाई होण मनमर्जी की महारानी ?एक समय,एक जमाना था जब मर्द अपने पुरुषार्थ बताने के लिए ढोले-शोले,सिक्स पैक(पैग नही)दिखाने के लिए कपड़े उतारते थे।हमारे सौरव दादा ने मैच जीतने पर शर्ट उतारा था किंतु इस बेदर्द जमाने की नँगाई देखते हुए अब मर्द खुद को ढंकने लगे हैं, ज्यादा चिथड़े घालने लगे हैं जिसके विलोम नारियों को वस्त्र धारण करने से नफरत सी हो रही है, महिलाएं कम वस्त्रों में उघाड़ीफट्ट होकर 'चहक' रही है।क्या सच में नई पीढ़ी 'बहक' रही है?या अश्लीलता'महक' रही है?

## प्रवेशोत्सव पर रचना

आओ मिलकर दीप जलाएँ, शिक्षा का उत्सव मनाएँ,
नन्हे कदमों से विद्यालय में खुशियों के फूल खिलाएँ।
ज्ञान धरा का यह आँगन है, सपनों की पहली उड़ान,
यहीं से बनते हैं भविष्य, यहीं सजे हर एक अरमान।
नन्हीं आँखों में चमक लिए, आशा की नई किरण,
कल के भारत के निमार्ता, आए लेकर नव जीवन।
किताबों की खुशबू महके, स्लेटों पर सपने लिखें,
हर अक्षर में उजियारा हो, हर मन में दीपक दिखें।
शिक्षक बनकर मार्गदर्शक, दें संस्कारों का उपहार,
प्रेम, अनुशासन, परिश्रम से, करें उज्ज्वल हर परिवार।
प्रवेशोत्सव का यह पर्व, नई उमंगों का संदेश,
हर बच्चा पढ़े-लिखे आगे, यही हमारा सच्चा प्रयास विशेष।
आओ मिलकर प्रण करें हम, शिक्षा का दीप जलाएँ,
हर घर से विद्यालय तक, ज्ञान की गंगा बहाएँ।

**- मुकेश चौरसिया नलखेड़ा**

# श्रीराम काज की सफलता के लिए हनुमानजी के विभिन्न रूप

श्री तुलसीकृत श्रीरामचरितमानस में हनुमानजी की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मानस का कथानक उनके आसपास ही घूमता रहता है। हनुमानजी के बिना श्रीराम का अपने लक्ष्य तक पहुँचने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है क्योंकि श्रीराम यहाँ भगवान नहीं वरन मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में अपने भक्तों के सम्मुख उपस्थित होते हैं।



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

सर्वप्रथम हम हनुमानजी की बाल्यावस्था की चर्चा करेंगे। आनन्द रामायण के अनुसार एक बार भगवान शिव श्रीरामजी का बाल रूप देखने के लिए मदारी बनकर अयोध्या पधारे। उनके साथ वानर रूप में हनुमानजी भी आए। भगवान राम वानर रूप हनुमानजी को प्राप्त करने के लिए मचलने लगे। दशरथजी ने मदारी बने शिव से वानर रूप धारी हनुमानजी को क्रय कर लिया। हनुमानजी तब तक अयोध्या में बालक श्रीराम के साथ रहे जब तक वे गुरु वसिष्ठ के साथ विद्याध्ययन तथा यज्ञ रक्षा के लिए नहीं गए।

पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार हनुमानजी नटखट तथा शैतान थे। मतंग आदि ऋषियों ने उन्हें शाप दिया था, जिससे वे अपनी शक्ति भूल गए थे। किष्किन्धा कांड में जामवन्त जी ने उन्हें अपनी शक्ति का स्मरण कराया-

कवन सो काज कठिन जग माहीं।
जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं।।5।।
राम काज लगि तव अवतारा।
सुनतहि भयउ पर्वताकारा।।6।।
(श्रीराम व.मा. किष्किन्धा काण्ड दो. 29)

माता सीताजी का पंचवटी में रावण द्वारा हरण होने पर श्रीराम और लक्ष्मण उन्हें खोजते हुए वनों में घूमते हैं और वनस्पति सम्पदा से पूछते हैं-

हे खग! मृग! हे मधुकर श्रेणी।
तुम देखी सीता मृगनयनी।।
(श्रीरामचरितमानस अरण्यकाण्ड 29/5)

घूमते हुए वे ऋष्यमूक पर्वत पर पहुँचते हैं। बालि से भयभीत सुग्रीव उन्हें दूर से देखता है तो हनुमानजी से कहता है कि तुम जाकर पता लगाओ कि ये कोई गुप्तचर तो नहीं हैं। हनुमानजी एक विद्वान ब्राह्मण का रूप धारण कर दोनों भाइयों से संस्कृत भाषा में संभाषण करते हैं। उनकी संभाषण कला से श्रीराम बहुत प्रभावित हुए। श्रीराम और लक्ष्मण उन्हें अपना परिचय देते हुए कहते हैं हम दोनों भाई राजा दशरथ के पुत्र हैं-

कोसलेस दसरथ के जाए। हम पितु बचन मानि बन आये।
नाम राम लछिमन दोउ भाई। संग नारि सुकुमारि सुहाई।।
(श्रीरामचरितमानस किष्किन्धाकाण्ड ९/९)
इहां हरी निसिचर वैदेही। बिप्र फिरहिं हम खोजत तेही।।
(श्रीरामचरितमानस किष्किन्धा काण्ड 1/२)

हनुमानजी ने उन दोनों को पहिचान लिया-

प्रभु पहिचानि परेउ गहि चरना। सो सुख उमा जाइ नहिं बरना।।
(श्रीरामचरितमानस किष्किन्धाकाण्ड दो.1/3)

श्रीलंका के लिये प्रस्थान करते हुए हनुमानजी को समुद्र लाँघना पड़ा। वहाँ उनकी भेंट सिंहिका से होती है। वह उड़ते हुए प्राणी की परछाई देखकर उनका भक्षण कर लेती थी। उसने हनुमानजी को भी खा लिया। हनुमानजी ने उसके पेट में विशाल रूप धारण कर लिया और उसका पेट फाड़कर बाहर आ गए।

**सुरसा-** सुरसा नागों (सर्पों) की माता थी। हनुमानजी को उसने समुद्र में देखा तो वह अपना विशाल मुँह खोलकर सामने आ गई। हनुमानजी ने भी अपना विशाल मुँह खोला और अपना रूप भी विशाल कर दिया। फिर लघु रूप धारण कर उसके मुँह से बाहर आ गए। चतुर हनुमानजी को देखकर वह प्रसन्न हो गई। उसने श्रीराम के कार्य में बाधा न डालने का विचार कर उन्हें आगे जाने दिया।

## धर्म-आस्था

# आस्था, विश्वास और समर्पण का पर्याय - श्री हनुमान

हनुमानजी की जयंती पर यहां बात कर रहे हैं चिरंजीवी और ब्रह्माण्ड के हर कालखंड में प्रकाशित देदीप्यमान पुंज श्री हनुमान जी महाराज की ।



डा. घनश्याम बटवाल
(दैनिक अवन्तिका)

रूद्रावतार हनुमान को चिरंजीवी आशीर्वाद प्राप्त हुआ और चारों युगों सतयुग, त्रेता युग द्वापर युग और अब कलयुग में भी सर्वकालिक रूप से पूजनीय हैं । वेद व्यास रचित महाभारत और तुलसी कृत रामचरितमानस और वाल्मीकि कृत रामायण में भी हनुमानजी का व्यक्तित्व और चरित्र उभर कर आता है । सच माने तो आस्था, विश्वास और समर्पण का पर्याय हैं हमारे हनुमान ।

सत्य सनातन धर्म वैदिक संस्कृति और प्राचीन काल से ही पूजन अर्चना दर्शन क्रम निरन्तर चल रहा है हनुमान जी महाराज के साथ । जहां महाभारत युद्ध रणक्षेत्र में पाण्डवों में धनुधार्री अर्जुन के रथ को सारथी बन योगेश्वर श्री कृष्ण चला रहे थे तब भी उस रथ की पताका पर हनुमान जी विराजमान हैं और वहीं श्री राम दरबार की कल्पना मात्र से ही हृदय पटल पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, माता जानकी और लक्ष्मण के साथ संगठित समर्पित निष्ठावान श्री हनुमान जी विराजमान दिख पड़ते हैं ।

शास्त्रोक्त उपाय में कहा गया है कि इस कलिकाल में भगवन्नाम, सत्संग और यज्ञ ही श्रेष्ठ कर्म है जो जीवन यात्रा को पूर्णता के साथ सफल बनाते हैं । मानव रूप में जन्में अवतारी भगवान श्री राम की महिमा सर्वकालिक और सर्वजन के ज्ञान और ध्यान में है, कहा भी जाता है कि राम से बड़ा है राम का नाम। प्रसंग में आता है कि जब युद्ध में अनुज लक्ष्मण मूर्छित हो पड़े तब सोलह योजन पार कर हनुमान संजीवनी लेकर आए और उपचार बाद लक्ष्मण की चेतना वापस लौटी। तब श्री राम ने हर्षित होकर हनुमान को गले लगाया और कहा तुम मम प्रिय भरत ही सम भाई।

हनुमान का जीवन मानव मात्र के लिए प्रोत्साहित और प्रेरणा प्रदान करने वाला है। वे निस्वार्थ भक्ति, विनम्रता और सेवा, बल और बुद्धि की अतुलनीय और अनुपम मिसाल हैं । प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने बुद्धि कौशल से संकट मोचक बन कर रक्षा करते हैं । दायित्वों के निर्वहन पूर्ण दक्षता के साथ विनम्र भाव से और शिष्टता के साथ अनुशासित रूप से उच्चतम परिणामों में परिवर्तित करते हैं ऐसे हैं हमारे हनुमान।

राम - रावण युद्ध में महासागर पार करने के लिए वानरों को संगठित कर सेतु निर्माण करना, वायु वेग से जाकर अपनी शक्तियों और क्षमता का उपयोग कर महाबली रावण की लंका में प्रवेश कर सीता जी को संदेश देना, रावण के दरबार में चेतावनी देना ऐसे अनेक प्रसंगों का उल्लेख आता है जो हनुमान जी की उच्चकोटि की श्रेष्ठता को प्रमाणित करता है ।

देश में विदेश में गांव में शहर में राजधानी में महानगर में घरों में मोहल्लों में परिवारों में मंदिरों देवालयों में ही नहीं मन में भी विराजे हैं राम भक्त हनुमान। कई नाम से पुकारते हैं हमारे हनुमान को फिर भी द्वादश नाम सिद्ध माने गए हैं अंजनी सुत , वायु पुत्र, फाल्गुन सखा - अर्जुन के मित्र , पिंगाक्ष - भूरे नेत्र वाले , रामेष्ट - राम के प्रिय आदि ।

अतिशयोक्ति नहीं है यह सत्य है कि विश्व में हनुमान जी को सर्वाधिक स्मरण किया जाता है । हनुमान चालीसा सबसे अधिक दोहराया जाता है। तैंतीस करोड़ देवताओं में भी यह बताया है कि ₹ओर देवता चित्त न धरई - हनुमत सेई सर्व सुख करई₹ , संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा।

यह आस्था विश्वास है जो जनमानस को हनुमानजी के दर्शन पूजन अर्चना नमन स्मरण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरणा प्रदान करता है ।

हनुमान जी का चरित हमारे जीवन शैली,जीवन क्रम, जीवन दर्शन और जीवन प्रबंधन में सही दिशा प्रदान कर सकता है। केवल नाम जपना , पूजा आरती अर्चना करना, स्मरण करना ही पर्याप्त नहीं है , उनके जीवन चरित्र को स्वीकार करें और विशिष्टताओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करेंगे तो निश्चित अपना परिवार का समाज और राष्ट्र का कल्याण होगा । नम्रता शिष्टता के साथ अनुशासित रूप से कर्म पथ पर अग्रसर होकर हनुमानजी को पाया जा सकता है । हनुमान जयंती पर्व पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भक्ति भाव से स्मरण करते हुए कर्म पथ पर अग्रसर हो यह प्रार्थना और कामना करते हैं ।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,700, रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,38,000 पाट- 2,37,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## राजगढ़ दरगाह शरीफ में 112वां उर्स-ए-मुबारक अकीदत के साथ मनाया

### एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष की शिरकत

**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ की पावन सरजमीं पर स्थित दरगाह शरीफ में हजरत हाजी सूफी कुर्बान शाह बाबा बदख्शानी रहमतुल्लाह अलैह का 112वां उर्स-ए-मुबारक अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस रूहानी मौके पर एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष जनाब मोहसिन अली खान ने भी शिरकत कर दरगाह में हाज़िरी पेश की। उर्स के मौके पर दरगाह शरीफ में नूरानी माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने पहुंचकर फैज हासिल किया और बुजुर्ग-ए-दीन को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। जनाब मोहसिन अली खान की आमद पर राजगढ़ की अवाम ने उनका इस्तकबाल बेहद गर्मजोशी, मोहब्बत और इज्जत के साथ किया। दरगाह शरीफ में हाज़िरी के दौरान उन्होंने मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और तरक़्की के लिए खास दुआएं कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे रूहानी मराकज समाज में एकता और इंसानियत का पैगाम देते हैं, जिनसे हमें मोहब्बत और भाईचारे की सीख मिलती है। उर्स के आयोजन को कामयाब बनाने में स्थानीय लोगों और इंतजामिया की अहम भूमिका रही। जनाब मोहसिन अली खान ने राजगढ़ के अवाम की खुलूस भरी मोहब्बत के लिए दिल से शुक्रिया अदा किया। साथ ही उन्होंने खास तौर पर एडवोकेट एहतेशाम सिद्दीकी भाई, मुबारक भाई, अमीन खान,डॉक्टर फारूक, राजेन्द्र खत्री सूफी खान समीर खान फिरोज लाल अमन इंकलाबी और तमाम साथियों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। यह उर्स मुबारक न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि आपसी भाईचारे, मोहब्बत और सामाजिक एकता का भी बेहतरीन पैगाम लेकर आया।

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर सिसोदिया का सम्मान



**शुजालपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा शुजालपुर के उपाध्यक्ष भागीरथ सिसोदिया को पिछड़ा वर्ग महापंचायत का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन पदाधिकारियों ने उनके निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। इस दौरान तहसील शाखा शुजालपुर के अध्यक्ष गंगाधर वर्मा, मोहन बड़ोदिया तहसील अध्यक्ष मांगीलाल अंबावतीया, मक्सी शाखा अध्यक्ष किशोर कुमार श्रीवास्तव एवं पोलाय कला शाखा अध्यक्ष गजराज सिंह वर्मा ने सिसोदिया को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में चंद्रकांता श्रीवास्तव, लक्ष्मीनारायण मरेठिया, परमानंद बैरागी, जीवनलाल मंडलोई, कैलाश नारायण आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सिसोदिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अध्यक्ष गंगाधर वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लिए यह गौरव का विषय है कि संगठन के उपाध्यक्ष को प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने सिसोदिया को कर्तव्यनिष्ठ, समयनिष्ठ, हंसमुख एवं मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि वे निरंतर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## तितलियों के संरक्षण की पहल इको क्लब ने लगाए विभिन्न प्रजातियों के पौधे



**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में तितलियों के संरक्षण एवं उनके प्राकृतिक आवास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इको क्लब द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस पहल से परिसर में जैव विविधता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि शुजालपुर क्षेत्र में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा लगभग 64 प्रकार की तितलियों को सूचीबद्ध किया गया है। इन तितलियों के अनुकूल आवास विकसित करने के लिए महाविद्यालय परिसर में मिल्कवीड, गेंदा, जिनिया, लैंटाना, वबीर्ना, केना, बेर, आम, नींबू, स्टार जैस्मिन, मोगरा, साल्विया, पेंटास, एस्टर, कॉसमॉस, एक्सोरा, गुलाब, पैशन फ्लावर, काक्स कोम्ब, जयवीड, वेडेलिया सहित अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इको क्लब के गठन के बाद से परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार से जुड़ी गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। इन प्रयासों से पक्षियों, कीटों, स्तनपायियों एवं तितलियों के लिए प्राकृतिक आवास उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनकी संख्या में वृद्धि की संभावना है। इस अभियान में एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं के साथ इको क्लब के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह गतिविधि पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल द्वारा प्रायोजित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के डॉ. तुषार यादव, डॉ. सुनील कुमार मित्तल, किशोर विश्वकर्मा, संगीता सोनी, उमेश पांडे, पूजा सांखला, जयेश मालवीय, डॉ. सुनील मेवाड़ा, डॉ. सौरभ नेमा, डॉ. अर्पिता शुक्ला, डॉ. शाकिब मलिक, संस्कृति विश्वकर्मा, भूपेन्द्र परमार, विनय सिंह वर्मा सहित अन्य स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

# महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत रथ यात्रा निकली

### विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर





नगर में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर श्री आदर्श महावीर नवयुवक मंडल के तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य आयोजन के अंतर्गत मंगलवार को भव्य रथ यात्रा निकाली गयी। रथ यात्रा जैन धर्मशाला तिलकपथ से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। रथयात्रा में प्रभु महावीर की दो वेदीजी सम्मिलित थी। पूरे नगर में जगह जगह गवली की गई।

भगवान की रथयात्रा में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस भी सम्मिलित हुए। श्री आदर्श महावीर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अपुल धाड़ीवाल एवं सचिव यश ओस्तवाल का स्थानीय कोठारी भवन के सामने ब्लाक एवं शहर कांग्रेस द्वारा विधायक दिनेश जैन बोस की गरिमामयी उपस्थिति में साफा बांध कर पुष्पमाला से सम्मान किया गया। वहीं जैन सोशल ग्रुप मेन, नगरपालिका परिषद, जैन सोशल ग्रुप सार्थक, श्री रणजीत हनुमान मंदिर समिति सहित विभिन्न संस्थाओ द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया। विधायक एवं मण्डल के परामर्शदाताओं का माला पहनाकर सम्मान किया गया।

महोत्सव के पहले दिन सोमवार को प्रातः 7 बजे दिगंबर जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान महावीर के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। सायंकाल जैन धर्मशाला, तिलक पथ से जन्म कल्याणक अहिंसा पथ यात्रा निकली। इस यात्रा में समाजजन हाथों में ध्वज एवं बैनर लिए शामिल हुए और भगवान महावीर के अहिंसा एवं सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बन गया। इसके बाद रात्रि में जैन धर्मशाला में भक्ति संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान महावीर स्वामी की महाआरती रखी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं मंडल द्वारा प्रोत्साहन राशि भेट की गई। महाआरती के लाभार्थी ललित गार्डी एवं पाटनी रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष, सचिव के साथ हर्ष ओस्तवाल, स्वतंत्र मेहता, रेशु कोचर, वैभव चोपड़ा, हर्षित कोचर, रोमिल चोपड़ा, मोहित जैन, सम्यक रुनवाल, तनिष्क कोठारी, समक्ष जैन, राज गादिया, करण चोपड़ा, रितेश धाड़ीवाल, विपुल सोनगरा, जितेश बोथरा, आशीष सोनगरा एवं मंडल के अन्य सदस्यों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी वैभव चैपड़ा द्वारा दी गई।

**ब्यावरा।**

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में सकल जैन समाज के तत्वधान में भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, महावीर जयंती के पावन पर्व पर जैन समाज द्वारा एक विशाल चलसमारोह निकाला गया यह चल समारोह पार्श्वनाथ मंदिर से प्रारंभ हुआ जो सुभाष चौक, मुख्य बाजार, भरथरे चौक, सब्जी मंडी होता हुए मंदिर पहुंचा, रथ पर विराजित श्रीजी भगवान महावीर स्वामी का जगह जगह पूजा अर्चना की, चल समारोह का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया, भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना के बाद कलश अभिषेक किया इस दौरान अहिंसा के संदेश से नगर सराबोर हो गया सकल जैन समाज की ओर से आयोजित भव्य चल समारोह में सैकड़ो श्रद्धालुओ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज की एकजुटता और आध्यात्मिक आस्था का परिचय दिया भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा सत्य और करुणा का यह पावन संदेश समाज में सद्भाव संयम और मानवता के मूल्यों को सुदृढ करने की प्रेरणा देते हैं जेन समाज ने दुनिया को अहिंसा का रास्ता दिखाया और जिओ और जीने दो का संदेश दिया।

**शुजालपुर**

क्षेत्र के राणोगंज गांव में महिला सशक्तिकरण को लेकर महिला समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर महिलाओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में कृपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन के चीफ कोऑर्डिनेटर संतोष मनोरिया, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शुजालपुर से एबीएम सहाना, शांति कान्वेंट हाई स्कूल जामनेर के मैनेजर फ ादर थॉमस एवं अकोदिया केंद्र की अधिकारी सिस्टर लिसी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहाना ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक समय था जब महिलाओं को सीमित दायरे में रखा जाता था, लेकिन आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपने निर्णय स्वयं ले रही हैं। उन्होंने कहा कि सही जानकारी, प्रेरणा और अवसर मिलने पर महिलाएं हर जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभा सकती हैं। फ ादर थॉमस ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन भी आवश्यक है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए कठिनाइयों का सामना करते हुए लक्ष्य पर केंद्रित रहना जरूरी है। संतोष मनोरिया ने बालक-बालिका में भेदभाव समाप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी शिक्षा एवं अन्य संसाधनों को लेकर असमानता देखने को मिलती है, जिसे दूर करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कम्युनिटी एजुकेटर मनीषा चंद्रवंशी ने सभी अतिथियों एवं महिलाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पेन-कॉपी देकर पुरस्कृत किया गया।

## जीरापुर नप का 39.54 करोड़ का बजट पारित, बिना कर वृद्धि के नागरिकों को राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



नगर परिषद के सभाकक्ष में 30 मार्च 2026 को आयोजित सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 का 39,54,21,909 रुपये का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अनुसूइया झ पवन कुशवाहा ने विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में की। परिषद ने इस बार नगरवासियों को राहत देते हुए किसी भी प्रकार की कर वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया।

प्रस्तुत बजट में नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल किए गए हैं। इनमें हटीले हनुमान मंदिर से अटल चौक तक डामरीकरण, नगर में सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था, स्टेडियम एवं नवीन बस स्टैंड पर बाउंड्री वाल एवं लाइट व्यवस्था प्रमुख हैं। इसके साथ ही छापी डेम पर नर्मदा मैया स्थल एवं घाट निर्माण, डग रोड स्थित मंदिर के पास वाटर बॉडी का सौंदर्यीकरण, घाट एवं प्रकाश व्यवस्था के कार्य भी प्रस्तावित हैं। जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत नगर के सभी कुओं एवं चोपड़ा के जीर्णोद्धार, मल्टी यूटिलिटी सेंटर का निर्माण, हाट बाजार विकास, विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं नाली निर्माण सहित अन्य आधारभूत कार्यों को भी बजट में शामिल किया गया है।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पशुपंजीयन एवं मवेशी ट्रक ठीया नीलामी की 1,31,18,268 रुपये की बोली को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही नामांतरण प्रकरणों को मंजूरी दी गई। खेल मैदान की बाउंड्री सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में विधायक हजारीलाल दांगी, अध्यक्ष अनुसूइया झ पवन कुशवाहा, उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, रचना झ सुनील हिंडोनिया, मिथलेश झ कुशल कुशवाह, संजय भावसार, शुशिला बाई मनोहर बरेठा, बंकट माहेश्वरी, प्रिया मुकेश पुष्पद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, रमेश मालवीय, विशाल दांगी, प्रवीण शर्मा, राकेश मंडलोई, हेमंत शर्मा, मनोज शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देवास में पत्नी से मारपीट करने वाला भाजपा नेता पदमुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

भाजपा के नगर मंत्री राजू सोनी को पत्नी की शिकायत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर पत्नी के साथ मारपीट करने और एक भाजपा नेत्री से नजदीकियां बनाने का आरोप है। इस मामले में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष ने राजू सोनी और एक महिला को पार्टी से पदमुक्त कर दिया।

राजू सोनी की पत्नी ने 26 मार्च को कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति राजू सोनी के भाजपा से जुडी नेत्री से संबंध हैं, जिसके कारण वह प्रतिदिन विवाद करते हैं। पत्नी ने यह भी बताया कि 14 मार्च को बाजार में पति को महिला नेत्री के साथ देखने पर आपत्ति जताने पर रात में उनके साथ मारपीट की गई थी। महिला के अनुसार, उस दिन कोतवाली पहुंचने पर पति ने 15 दिन के लिए समझौता किया था। हालांकि, पति ने कथित तौर पर उक्त महिला से संबंध जारी रखे और 25 मार्च को फिर से धमकी दी। इस बीच, महिला के साथ हुई मारपीट का एक वीडियो और राजू सोनी के भाजपा नेत्री के साथ कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।




## संकल्प से समाधान शिविर में 34 शिकायतों का मौके पर समाधान

**जीरापुर।** प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज थाना परिसर जीरापुर में एक विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण करना रहा, जिसके तहत दोनों पक्षों को थाने बुलाकर आपसी समझाइश एवं समन्वय के माध्यम से विवादों का समाधान कराया गया। शिविर में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त कुल 12 शिकायतों एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त 22 शिकायतों सहित कुल 34 प्रकरणों को मौके पर ही सुना गया और अधिकतर मामलों में आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इस पहल से लोगों को न्यायालयीन प्रक्रिया से बचते हुए त्वरित राहत मिली और आपसी रिश्तों में भी सुधार देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में संकल्प से समाधान अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में सौहार्द और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा समझाइश के माध्यम से विवादों को सुलझाने और आपसी समन्वय स्थापित करने के प्रयास को अत्यंत सराहनीय बताया।

### त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की

## वरघोड़े में लगे भगवान महावीर के जयकारे, झूमे समाजजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बिछड़ौद

नगर के श्वेतांबर जैन समाजजनों में चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर प्रभु के जन्म कल्याणक दिवस को लेकर बड़ी धूम मची। पर्व को लेकर अंचल के दोनों जिनमंदिरों में कई प्रकार के आयोजन संपन्न हुए। मंगलवार को पर्व को चलते सुबह 6 बजे से ही समाज के श्रावक- श्राविकाओं की मंदिरों में दर्शन- पूजन को लेकर भीड़ उमड़ी। समाज के श्रावक- श्राविकाओं ने बड़ी शांति और सद्भावना के साथ दर्शन- पूजन करते हुए पर्व की खुशियाँ मनाई। बिछड़ौद गांव के बीचों- बीच स्थित अतीप्राचीन श्री सुविधीनाथ प्रभु और श्री विमलनाथ प्रभु जिनमंदिर परिसर में समाज के श्रावक- श्राविकाओं ने एकत्रित होकर 6.30 बजे के शुभ मुहूर्त में अक्षत से कई प्रकार की कलाकृतियों में गहुलीयां बनाई। वहीं 7 बजे से श्रावक- श्राविकाओं ने नित्य- नियमित होने वाले जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ पाद- प्रक्षालन करते हुए वासक्षेप, कैशर इत्यादि से देवी- देवताओं की पूजा- अर्चना की। बाद में देवी- देवताओं की प्रतिमाओं की चांदी के वर्कों सहित अन्य आभुषणों से भव्य अंगरचना की गई। साथ ही श्रावक- श्राविकाओं ने एक साथ मिलकर 9 बजे स्नात्र पूजन का आयोजन किया। जिसमें श्रावक- श्राविकाओं ने शांतिनाथ भगवान की पूजा- अर्चना कर चैत्यवंदन, देववंदन का पाठ करते हुए शांति कलश आदि के आयोजन किए। वहीं शाम 4 बजे भव्य वरघोड़ा भी निकाला गया, वरघोड़े में प्रमुख रूप से भगवान महावीर प्रभु को वैदीजी में विराजमान कर नगर भ्रमण करवाया, जहां समाजजनों ने जगह- जगह गहुलियां बनाकर भगवान महावीर प्रभु के जन्म कल्याणक पर स्वागत किया। नगर भ्रमण करते हुए वरघोड़ा वापस मंदिर परिसर पहुंचा, जहां विधि- विधान पूर्वक अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हुए। वहीं श्राविकाओं ने नवकार महामंत्र का जाप भी किया। जिसमें देश- प्रदेश में सुख- समृद्धि की कामना के साथ- साथ बेजुबान जानवरों के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार को लेकर उनके जीवन के आत्म- कल्याण को लेकर प्रार्थना की गई।

## सेना में 17 साल सेवा देने के बाद सेवा-निवृत्त होकर लौटे 2 फौजियों का स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे कनासिया के रवि देथलिया एवं रवि सुनानिया का उनके पैतृक गांवों कनासिया और मक्सी में भव्य स्वागत किया गया। उज्जैन जिले के कनासिया में लगभग 300 लोग भारतीय सेना में हैं। ग्रामीण और स्थानीय लोग ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और रंग-गुलाल के साथ अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। ऐसे मौकों पर, लोग उत्साहित होकर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट कर रहे हैं जो देशभक्ति और एकता की एक अनोखी मिसाल है।

लंबी सेवा के बाद घर लौटने पर परिवार और ग्रामीणों द्वारा गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया जा रहा है। कई स्थानों पर सैनिकों को पारंपरिक साफा, शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया जा रहा है। ग्रामीणों में, विशेषकर बुजुर्गों और युवाओं में, देश सेवा कर लौटे जवानों को लेकर विशेष उत्साह और सम्मान देखा जा रहा है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) रमेशचन्द्र पिता धुला जी आयु 74 वर्ष जाति तैली (2) रेखा पति जितेन्द्र जी आयु 41 वर्ष जाति तैली निवासीगण ग्राम कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम ग्राम कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 410/1/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर भूमि सर्वे नम्बर 410/2 रकबा 0.21 हेक्टेयर भुमि, कुल सर्वे नम्बर 02 कुल रकबा 0.41 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो ।

**रवि प्रजापति अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक**
**मो.नं. 8827905460**



In The Court Of Civil Judge Class II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**सुश्री पारूल जैन**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000645/2025)
**भारती आठले----वादी**
**Vs**
**सर्व साधारण ---- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांक: 07/05/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थीगण क्रं. 1 भारती आठले पति श्री अनिल आठले पिता श्री कृष्णराव मजुमदार, आयु-61 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासी-जी-7 सिंचाई विभाग कालोनी दशहरा मैदान उज्जैन मप्र, क्रं.2 मोहित आठले पिता श्री अनिल आठले, आयु-26 वर्ष, व्यवसाय-अध्ययन, निवासी-जी-7 सिंचाई विभाग कॉलोनी दशहरा मैदान उज्जैन मप्र ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्ते घोषणात्मक सहायता हेतु वादीगण के पति व पिता श्री अनिल आठले पिता श्री कृष्णराव मजुमदार, निवासी-जी-7 सिंचाई विभाग कालोनी दशहरा मैदान उज्जैन मप्र दिनांक 18/11/2009 से लापता है तथा उनका कोई पता ठिकाना इतने वर्षों के उपरांत भी नहीं मिला है तथा अब अनिल आठले की मिलने की कोई भी संभावना शेष नहीं है तथा सिविल डेथ डिक्लेयर किये बगैर विभागीय कार्यवाहियां करना भी संभव नहीं है इस कारण वादीगणों के पति व पिता अनिल आठले स्व. प्रभाकर आठले की सिविल डेथ घोषित करवाने हेतु सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 26 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(पारूल जैन)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे- प्रभारी मंत्री

## स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी नारायन सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय गांधी हॉल शाजापुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर विधायक अरूण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत भी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री कुशवाह ने संबोधित करते हुए नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेशित बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन नवप्रवेशित बच्चों के लिए भविष्य की शुरूआत है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा से अच्छे राष्ट्र, परिवार, समाज का निर्माण होता है। प्रभारी मंत्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित न रहे, इसलिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सांदीपनी विद्यालयों का निर्माण कर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाकर शिक्षा दी जा रही है। साथ ही इन विद्यालयों में डिजिटल माध्यम से भी शिक्षाएं दी जा रही हैं। प्रभारी मंत्री कुशवाह ने कहा कि विदेशों में भी उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्रभारी मंत्री कुशवाह ने सभी पालकों एवं उपस्थित जनों से अनुरोध किया कि वे अपने ग्राम, मोहल्ला, क्षेत्र आदि में निगरानी करें और जो बच्चें विद्यालय नहीं जा रहे हैं उनका चिन्हांकन कर उन्हें विद्यालयों में प्रवेश दिलाने में सहयोग कर अपना कर्त्तव्य निभाएं। साथ ही उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। विद्यालयों में प्रवेश के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर जनजागरूकता अभियान भी चलाएं। इस दौरान प्रभारी मंत्री कुशवाह ने विधायक भीमावद की मांग पर उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 02 को उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01 में शामिल करने के लिए कलेक्टर को निर्देश दिए। विधायक भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2023 के बाद से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। साथ ही सरकार द्वारा सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण कर इनमें शिक्षा संबंधी सर्वसुविधा प्रदान की गई हैं। साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भी शिक्षा के क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बालक-बालिका शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए सभी प्रयास करें। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे ने स्कूल चलें हम अभियान 2026-27 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी नारायन सिंह कुशवाह एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा कक्षा-8वी के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली माध्यमिक विद्यालय मूलीखेड़ा की छात्रा अराधना पिता महेश राठौर, मा.वि. लोंदिया के छात्र अनमोलसिंह पिता रघुवीरसिंह सिसोदिया, उमावि ज्योतिनगर की छात्रा मंजू पिता जगदीश कुण्डला तथा कक्षा-5वी के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली सांदीपनि उमावि शाजापुर की छात्रा कनिका पाटीदार पिता राकेश पाटीदार, मा.वि. दिल्लौदरी की छात्रा अनीता पिता बलवानसिंह एवं प्राविरिंग्नीखेड़ा के छात्र कार्तिक राजपूत पिताकृपालसिंह को पाठ्य पुस्तकें, बस्ता एवं उपहार भेंट किए। इसी तरह कक्षा-6 के अक्षय, आयुष्का, खुशी, पलक एवं पवन नायक को साईकिल वितरित की गई।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक ने ई-गौरैया टीम को भेंट की जल की टंकियां

**शाजापुर।** भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए शाजापुर की ई-गौरैया टीम लगातार सराहनीय प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को समीपस्थ ग्राम भदोनी के माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एक विदाई समारोह में मानवता और जीव-प्रेम का एक अनूठा उदाहरण देखने को मिला। विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक मुज्जमील सिद्दीकी ने अपने इस खास दिन को यादगार बनाते हुए, पशुओं के लिए विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर रखने हेतु ई-गौरैया टीम को सीमेंट की दो बड़ी टंकियां भेंट कीं।



9 वर्षों से जारी है संरक्षण का महाभियान

गौरतलब है कि ई-गौरैया टीम पिछले 9 वर्षों से निरंतर गौरैया संरक्षण और पर्यावरण प्रेम की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। हर वर्ष ग्रीष्मकाल आते ही टीम के सदस्यों द्वारा पक्षियों को भूख-प्यास से बचाने के लिए सार्वजनिक स्थलों, घरों, स्कूलों, मंदिरों, मस्जिदों और सरकारी कार्यालयों में सकोरे (मिट्टी के बर्तन) बंधवाए जाते हैं। इस वर्ष टीम ने अपने सेवा कार्य का विस्तार करते हुए पक्षियों के साथ-साथ मवेशियों और अन्य पशुओं के लिए भी विशेष अभियान छेड़ा है। टीम के सदस्य अब शहरवासियों के पुनीत एवं महत्वपूर्ण अवसरों जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या सेवानिवृत्ति पर सीमेंट की टंकियां रखवा रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि टीम द्वारा केवल टंकियां ही नहीं रखी जा रही हैं, बल्कि उनमें सतत पेयजल आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है ताकि गर्मी में कोई भी मवेशी प्यासा न रहें। टंकियां भेंट करने के इस पुनीत अवसर पर ई-गौरैया टीम के संयोजक लोकेश राठौर, वरिष्ठ सदस्य जगदीश भावसार, आशीष सक्सेना, शिव नारायण कराड़ा, शिवाजी सोनी कैलाश सूर्यवंशी, प्रभुलाल सूर्यवंशी, बी.सी. सौराष्ट्रीय, संस्था प्रधान प्रियंका सक्सेना सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। मौजूद सभी लोगों ने शिक्षक सिद्दीकी की इस पहल और ई-गौरैया टीम के सेवा भाव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## पेयजल प्रबंधन की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाजापुर।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नारायनसिंह कुशवाह की अध्यक्षता में बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पेयजल प्रबंधन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री कुशवाह ने निर्देश दिए कि जनसहयोग के माध्यम से जानजागरूकता अभियान चलाकर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्य करें। उन्होंने तालाब, नदी, स्टॉप डेम, कुए, बावड़ी आदि की साफ-सफाई, गहरीकरण कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता कर इनके जीर्णोद्धार में सहयोग करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत, नवीनीकरण का कार्य करें।

## संतों की निश्रा में श्रीचंद्रप्रभु जैन मंदिर दुपाड़ा के जीर्णोद्धार हेतु भगवान का उत्थापन संपन्न

**शाजापुर।** दुपाड़ा स्थित श्रीचंद्रप्रभु जी जैन मंदिर के जीर्णोद्धार का पुनीत कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इसी श्रंखला में जैन संतों की पावन निश्रा में पूरे विधि-विधान के साथ भगवान का उत्थापन कार्यक्रम निर्विघ्न व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। यह मांगलिक और ऐतिहासिक कार्य गुरुदेव आगमरत्न महाराज साहेब, प्रसमरत्न महाराज साहेब, वज्ररत्न महाराज साहेब आदि संतों की पावन निश्रा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान इंदौर से आए विधिकारक रत्नेश द्वारा पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान की विशेष पूजा-अर्चना एवं अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस मौके पर ठाकुरिया परिवार के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर कार्यक्रम में सहभागिता की और पूरे आयोजन को हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया। सभी ने प्रभु की भक्ति में लीन होकर धर्मलाभ लिया। इस पावन प्रसंग पर आयोजित भगवान की भव्य आरती और स्वामी वात्सल्य (भोजन प्रसादी) के लाभार्थी होने का सौभाग्य ठाकुरिया परिवार के सुरेश कुमार एवं महेश कुमार ने प्राप्त किया।

## नेशनल हाईवे-52 पर भूसे से भरे ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

**शाजापुर।** जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-52 पर टुकराना जोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो बच्चों सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक बच्चे की स्थिति चिंताजनक होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौकी मुरादाबाद निवासी 18 वर्षीय विजय पिता मांगीलाल, बसंता बाई और दो बच्चे मोहित व मनोज एक ही बाइक पर सवार होकर दुबली तराना गांव से लौट रहे थे। यह सभी लोग वहां एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे और वापस अपने घर की ओर जा रहे थे। बुधवार शाम करीब चार बजे जब उनकी बाइक टुकराना जोड़ के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे भूसे से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

## जय हाटकेश के जयकारों और पुष्पवर्षा के बीच निकली आराध्य की भव्य पालकी

**शाजापुर।** हवाओं में घुली चंदन की महक, आसमान गूंजाते हर-हर महादेव के जयकारे और कदम-कदम पर बिछे फूलों के गलीचे...। बुधवार को शाजापुर की सड़कें मानो किसी देवलोक के प्रांगण में तब्दील हो गई थीं। मौका था नागर ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान हाटकेश्वर जी की जयंती का। सुबह महादेव के पवित्र अभिषेक के साथ शुरू हुआ आस्था का यह सिलसिला, शाम को एक भव्य और नयनाभिराम शोभायात्रा के रूप में शहर की सड़कों पर उमड़ पड़ा। समाजजनों की अटूट भक्ति और शहरवासियों के आत्मीय स्वागत ने इस पूरे आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया और मां राजराजेश्वरी की नगरी पूरी तरह से शिवमय हो गई।

**लगा नेत्र परीक्षण शिविर**-भगवान हाटकेश्वर के जन्मोत्सव की शुरुआत बुधवार सुबह 8.30 बजे पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई। समाज के वरिष्ठजनों ने आराध्य देव का श्रद्धापूर्वक रुद्राभिषेक कर शहर की सुख-शांति की मंगल कामना की। धर्म और आस्था के इस पर्व पर समाज ने नर सेवा का भी उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। श्री आनन्दम नेत्रालय, शाजापुर के सहयोग से एक नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने स्वास्थ्य लाभ लेकर आयोजन को सार्थकता प्रदान की।

शाम 5.30 बजे हरायपुरा स्थित हाटकेश्वर धर्मशाला से जैसे ही भगवान हाटकेश की पालकी उठी, पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे समाज के महिला-पुरुष अपने आराध्य के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों की थाप पर उल्लास से झूमते श्रद्धालुओं का यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। करीब दो घंटे के नगर भ्रमण के पश्चात शाम 7.30 बजे शोभायात्रा पुन: धर्मशाला पहुंची, जहां ढोल-मंजीरों की ध्वनि के बीच महादेव की भव्य महाआरती उतारी गई।

**शहर ने बिछाए पलक पांवड़े, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा**- भगवान हाटकेश्वर के नगर भ्रमण के दौरान शहरवासियों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। मार्गों पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया। नई सड़क पर सर्व हिन्दू उत्सव समिति द्वारा पालकी पर जमकर पुष्पवर्षा की गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की पालकी का पूजन कर आशीर्वाद लिया। शहरवासियों ने शीतल पेय व जलपान से समाजजनों का स्वागत किया। दर्शन के लिए पूरे मार्ग पर लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं।

**महाप्रसादी में उमड़ा समाज, इन प्रमुख जनों की रही उपस्थिति**- महाआरती के पश्चात रात्रि 8 बजे से विशाल महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जहां सभी ने एक साथ पंगत में बैठकर प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन में समाज के वरिष्ठजन व पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास, सुरेश मेहता, कैलाशचंद्र मेहता, भगवान दास नागर, लक्ष्मीकांत नागर, राजेन्द्र नागर, अध्यक्ष अनिल नागर, कोषाध्यक्ष मोहनलाल नागर, सचिव प्रसून मेहता, युवा अध्यक्ष अनिल नागर, व्यवस्थापक संजय नागर, राम व्यास, दिलीप नागर, जगदीश नागर, आशी नागर, वल्लभ नागर, हरिनारायण नागर, भेरूलाल मेहता, अनिल नागर बापचा, विवेक मेहता, अन्नू नागर, ओपी नागर, दिलीप नागर, दीपक नागर, ऋतिक नागर, चित्रांश नागर, निखिल शर्मा, आशु नागर और महिला अध्यक्ष उर्मिला त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व समाजजन उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन (म.प्र.)**

**// नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना //**

क्रमांक: सम्पत्तिकर/2026/426 उज्जैन, दिनांक : 30/03/26

सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि, मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 क प्रावधान अंतर्गत नगर पालिक निगम उज्जैन में नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| झोन क्र. | वार्ड क्र. | प्र.क्र. | सम्बन्धित सम्पत्ति का पूर्ण पता (जिसका नामांकन होना है) | सम्पत्ति स्वामी का नाम | आवेदक का नाम, जिसका नामांकन होना है | नामांकन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 18 | 701 | भू.क्र. आनन्द नगर उज्जैन | केली बाई पति मोतीलाल जी पटोन्दिया निवासी आनन्द नगर | सत्यनारायण पिता स्व मोतीलाल जी पाटोन्दिया निवासी आनन्द नगर | शपथ पत्र / मृत्यू प्रमाण पत्र |
| 05 | 38 | 673 | भू.क्र. - 02/05 कालिदास मार्ग उज्जैन | 1 अशोक सिंह 2 हरिसिह 3 गजराज सिंह पिता स्व भंवर सिह, निवासी कालिदास मार्ग उज्जैन | हरिसिंह पिता भवंर सिह निवासी कालिदास मार्ग उज्जैन | शपथ पत्र / मृत्यू प्रमाण पत्र |
| 05 | 17 | 672 | भू.क्र. - सर्वे 1825/1/1/1 एम आर 4 उज्जैन | 1 कांतिलाल पिता स्व रघुनाथ जी 2 महेश पिता स्व रघुनाथ जी 3 अनिता पिता स्व रघुनाथ 4 सुनीता पिता स्व रघुनाथ जी निवासी देवास | 1 अंजु पति महेश तिलक 2 रश्मि पति धर्मेन्द्र जी राय 3 राजकुमारी पति सुरेश बाथम निवासी फाजलपुरा उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 678 | भू.क्र.- 93 सर्वे 1688 1689 भाग प्रीति परिसर प्रीतिनगर आगर रोड | 1 केशवलाल पिता सुंदरलाल जी 2 चेतन पिता केशवलाल निवासी ढांचाभवन | ऐस्टर फ्रांसिस पति पॉल फांसिस निवासी नगर निगम उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 18 | 668 | भू.क्र. सर्वे 1546 का भाग एम आर 4 रोड सुदामा नगर के पास उज्जैन | दिनेश पिता भागीरथ यादव निवासी गायत्री नगर | शर्मिला पति बद्री शर्मा निवासी अंकपात मार्ग | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 671 | भू.क्र.- 1/9 हीरामिल की चाल के पीछे उज्जैन | प्रेमकुमार पिता स्व कुंजलाल जी निवासी ऋषिनगर उज्जैन | जितेन्द्र पिता प्रहलादजी पारिया निवासी गणेशपुरा | विक्रय पत्र |
| 05 | 38 | 693 | भू.क्र.- 01 क्षपणक मार्ग उज्जैन | उर्मिला पति नारायण जी निवासी क्षपणक मार्ग उज्जैन | 1 चिराग पिता राजकुमार मेघवंशी 2 सोना पति चिराग निवासी क्षपणक मार्ग | विक्रय पत्र |
| 05 | 18 | 661 | भू.क्र.- 71 बी म्यु 71/बी/1 पश्चिमी भाग अशोक मण्डी मार्ग आगर रोड | 1 शोयब पिता स्व हमीद खान 2 शबनम खान पिता स्व हमीद खान 3 इमरान 4 रेशमा निवासी चिमनगंज मंडी | प्रीति पति मनीष कोठारी निवासी राजनगर | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 644 | भू.क्र.- 4/8 सर्वे 1819 का भाग गोकुल नगर उज्जैन | 1 केशोराम पिता पूरालाल जी कुसुम पति वासुदेव जी गेहलोत 2 प्रेमनारायण 3 दिनेश 4 राधेश्याम 5 मुकेश 6 लोकेश निवासी महाश्वेता नगर | मदन पिता स्व पंचमलाल खोया निवासी सांदीपनी नगर उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 652 | भू.क्र.- 66 सर्वे 1766/1/2 का भाग मायापुरी कालोनी उज्जैन | अतिश पिता रामलाल अखंड निवासी हीरामिल की चाल | अंतिम पति कमलेश पगारिया निवासी विकमादित्य उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 659 | भू.क्र.- एलआईजी सेकण्ड 140 सान्दिपनी नगर उज्जैन | मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सावन पिता जगदीश सोलंकी निवासी खरगौन | पदमा पति हुकुम पंवार निवासी सांदिपनी नगर | पटटाभिलेख |
| 05 | 18 | 643 | भू.क्र.- 85 द ग्रांड तिरूपति कालोनी सुदामा नगर के पास उज्जैन | ईशांत पिता अनिल लोरवाडिया निवासी देसाई नगर | 1 पवित्रा बाई पति कमल सिंह 2 शैली पिता कमल सिंह निवासी निजातपुर | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 627 | भू.क्र.- 115 सर्वे 1836 का भाग धार्मिक नगर उज्जैन | चापेकर सिंह | 1 गायत्री पति स्व राजेन्द्र गोमे 2 यश पिता स्व राजेन्द्र गोमे निवासी देसाई नगर | विक्रय पत्र |
| 05 | 39 | 654 | भू.क्र 153 देसाई नगर | राजेन्द्र पिता मोतीलाल गोमे निवासी देसाई नगर | 1 गायत्री पति स्व राजेन्द्र गोमे 2 यश पिता स्व राजेन्द्र गोमे निवासी देसाई नगर | विक्रय पत्र |
| 05 | 39 | 647 | भू.क्र 14 कालिदास मार्ग उज्जैन | राजू पिता हरिदास बिसरोतिया निवासी कंचनपुरा | 1 शकुंतला पति स्व राजू विसरोतिया 2 पंवन कुमार 3 दर्शन कुमार 4 रत्नेश निवासी कंचनपुरा उज्जैन | शपथ पत्र / मृत्यू प्रमाण पत्र |
| 05 | 40 | 749 | भू.क्र. सर्वे 754 755 754/1/1/मिन आदि उण्डासा उज्जैन | 1 विमलसिंह पिता भागीरथ जी राठौर 2 सुरेशसिंह पिता भागीरथ, निवासी उण्डासा | दिनेश पिता चुन्नीलाल जी चौहान निवासी वैगमपुरा | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 691 | भू.क्र एल 2 एलआईजी तिरूपति कासा ग्रीन फेस 1 कालोनी उज्जैन | तिरूपति इन्फा 01 महेश पिता स्व नारायण दास जी परियानी 02 दिलीप पिता स्व नारायणदास जी परियानी निवासी महाश्वेता नगर | जितेन्द्र पिता गोपीचन्द्र कुकरेजा निवासी तिरूपति एवेन्यू उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 711 | भू.कं. 153 ब्लाक बी तिरूपति सोलिटेयर तिरूपति गोल्ड के पास पाण्डयाखेडी उज्जैन | युवराज सिंह पिता गोपाल जी निवासी अंकपात मार्ग | राकेश पिता कोशल प्रसाद तिवारी निवासी तराना | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 710 | भू.कं. 49 का भाग ब्लाक ए तिरूपति सोलिटेयर तिरूपति गोल्ड के पास पाण्डयाखेडी उज्जैन | संध्या पति रानू धाकड निवासी इन्दौर | 1 दिग्पाल सिंह पिता दीपसिंह निवासी खाचरोद उज्जेन | विकय पत्र |
| 05 | 40 | 709 | भू.क्र 127 तिरूपति कासा ग्रीन फेस 1 कालोनी उज्जैन | तिरूपति इन्फा 01 महेश पिता स्व नारायण दास जी परियानी 02 दिलीप पिता स्व नारायणदास जी परियानी निवासी महाश्वेता नगर | अमित पिता अशोक कुमार जाटवा निवासी किशनपुरा उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 722 | भू.क्र 122 सर्वे 211/1 का भाग आस्था परिसर शंकरपुर उज्जैन | उमराव पति जगदीशचन्द्र नरवरिया निवासी शंकरपुर | मनीषा पति पप्पू जी निवासी तराना | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 731 | भू.क्र 199 तिरूपति सेफरॉन कॉलोनी एम आर 5 आगर रोड उज्जैन | मेसर्स तिरूपति रियलिटिस द्वारा भागीदार अमित पिता सुरेशचन्द्र कावडिया निवासी 203 अलखधाम नगर सांवेर रोड उज्जैन | बाबूलाल पिता रामजीलाल शर्मा निवासी नागदा उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 732 | भू.क्र 119 ब्लाक ई तिरूपति सोलिटेयर पाण्डयाखेडी उज्जैन | शशि पति सौभाग्य मल कुमावत निवासी उर्दूपुरा उज्जैन | रंजना पति महेश शर्मा निवासी नागदा | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 733 | भू.क्र. ए 07 सर्वे 201/211 का भाग गौरी नगर ए पाण्डयाखेडी उज्जैन | देवबाई पति अनोखीलाल जी निवासी पंवासा | कु. अंजलि पिता दीपक सिंह सिकरवार निवासी पंवासा | विक्रय पत्र |
| 05 | 18 | 734 | भूक्रं 3/353/36 गोकुल नगर हीरामिल चाल के पीछे उज्जैन | सरलादेवी पति रमेशचन्द जी नाटानी निवासी क्षीर सागर कालोनी | 1 सीमा पति मनीष कोठारी 2 बरखा पति विनोद कुमार जैन निवासी प्रकाश टाकिज उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 736 | भू.क्र 141 तिरूपति सेफरॉन कॉलोनी एम आर 5 आगर रोड उज्जैन | मेसर्स तिरूपति रियलिटिस द्वारा भागीदार अमित पिता सुरेशचन्द्र कावडिया निवासी 203 अलखधाम नगर सांवेर रोड उज्जैन | ज्योति पुत्री शिवनारायण चौहान निवासी नानाखेडा | विकय पत्र |
| 05 | 40 | 640 | भू.क्रं. म्यु क 1716/1 दक्षिणी भाग आनन्द नगर हिरामिल मार्ग उज्जैन | डिम्पल पति अनिलकुमार जैन की निवासी नयापुरा | स्मृति पति दिलीप आचार्य निवासी इंदौर | विक्रय पत्र |
| 05 | 38 | 735 | भू.क्र 02 वररुचि मार्ग उज्जैन | 1 लीला पति स्व कुमार बीजलानी 2 कृष्णा 3 रूपा 4 सुषमा 5 निशा 6 लता 7 रेशम 8 टेकचंद 9 नरेन्द्र निवासी वररूचि मार्ग | भूपेन्द्र पिता स्व लक्ष्मणदास कोटवानी निवासी वररूचि मार्ग | विकय पत्र |
| 05 | 17 | 737 | भू.क्र एस एच 552 सान्दिपनी नगर उज्जैन | मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सावन पिता जगदीश सोलंकी निवासी खरगोन | सविता पति जय चन्द्र त्रिवेदी निवासी ढांचा भवन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 738 | भू.क्र- 88 कला जानकी प्रेम एम आर 5 उज्जैन | मेसर्स श्रीराम इन्फा भागीदार फर्म द्वारा 1 अजय पिता स्व रामलाल जी यादव, 2 जगदीश पिता सीताराम भागवानी, निवासी संतराम सिन्धी कालोनी उज्जैन | मनीष पिता कैलाश चन्द्र चौहान निवासी इंदिरा गांधी कालोनी उज्जैन | विकय पत्र |
| 05 | 41 | 739 | भू.क्र. 19 ब्लाक न.06 मणीनगर कालानी नीमनवासा उज्जैन | स्काई हाईटस डेव्हलपर्स श्रीमति जसमीत कोर मल्होत्रा पुत्री श्री नरेन्द्रसिंह खनूजा गुरुसिख एग्रो एण्ड स्टेटस एलएलपी, रसमीतसिंह मल्होत्रा पिता सरदार अजीतसिह मल्होत्रा निवासी वार्ड 13 नेहरु वार्ड पिपरिया (म.प्र.) | 1 सीमा पति भरतलाल 2 भरतलाल पिता रामचन्द्र जी निवासी बोरखेडा उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 740 | भू.क्र 198 तिरूपति सेफरॉन कॉलोनी एम आर 5 आगर रोड उज्जैन | मेसर्स तिरूपति रियलिटिस द्वारा भागीदार अमित पिता सुरेशचन्द्र कावडिया निवासी 203 अलखधाम नगर सांवेर रोड उज्जैन | बाबूलाल पिता रामजीलाल शर्मा निवासी नागदा | विक्रय पत्र |
| 05 | 18 | 717 | भू.क्र 126 मनीपार्क वे आगर रोड उज्जैन | 1 संजय पिता सत्यनारायण शर्मा, 2 सनीता पति संजय शर्मा, निवासी नजरअली मार्ग | सुनिता पति संजय जी शर्मा निवासी नजरअली मार्ग | शपथ पत्र / मृत्यू प्रमाण पत्र |
| 05 | 40 | 741 | भू.क्र 127 तिरूपति कासा ग्रीन फेस 2 कालोनी उज्जैन | तिरूपति इन्फा 01 महेश पिता स्व नारायण दास जी परियानी 02 दिलीप पिता स्व नारायणदास जी परियानी निवासी महाश्वेता नगर | अंजलि गोयल पति अपूर्व आचार्य निवासी सुभाष नगर | विकय पत्र |
| 05 | 41 | 716 | भू.क्र. 17 18 ब्लाक न.08 मणीनगर कालानी नीमनवासा उज्जैन | स्काई हाईटस डेव्हलपर्स श्रीमति जसमीत कोर मल्होत्रा पुत्री श्री नरेन्द्रसिंह खनूजा गुरुसिख एग्रो एण्ड स्टेटस एलएलपी, रसमीतसिंह मल्होत्रा पिता सरदार अजीतसिह मल्होत्रा निवासी वार्ड 13 नेहरु वार्ड पिपरिया (म.प्र.) | सुशीला बाई पति स्व इंदर सिंह राठौर निवासी ज्योति नगर | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 712 | भू.क्र. 03 पंवासा उज्जैन | 1 विजय पिता बाबूसिंह 2 संतोषसिंह 3 देवकुंवरबाई 4 दिलीपसिंह पिता निवासी पंवासा | रामदेवी पति रामस्वरूप तिवारी निवासी पंवासा | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 742 | भू.क्र ई 12 ई डब्ल्यू एस तिरूपति कासा ग्रीन फेस 2 कालोनी उज्जैन | तिरूपति इन्फा 01 महेश पिता स्व नारायण दास जी परियानी 02 दिलीप पिता स्व नारायणदास जी परियानी निवासी महाश्वेता नगर | ललताबाई पति मांगीलाल जी निवासी तराना | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 746 | भू.क्रं.- 55 का भाग प्रेम एवेन्यू प्रेमनगर कालोनी एम आर उज्जैन | रंजन सूरी पिता श्री आर डी सूरी निवासी दीपालय उज्जैन | नारायणदास पिता ओमप्रकाश जी टेकवानी निवासी साकेत नगर उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 747 | भू.क्र.- सर्वे 165/1/2 एवं 10 11 12 का भाग वर्मानगर पंवासा उज्जैन | राजकुमारी परिहार पति योगेन्द्रसिंह जी परिहार निवासी राजीवनगर | सुशीला गुर्जर पति स्व प्रभुलाल जी निवासी पंवासा | विक्रय पत्र |
| 05 | A7 | 748 | भू.क्र.- 14 सर्वे 1823 का भाग कृष्ण विहार उज्जैन | लता पति अविनाश पंवार निवासी प्रतापगढ राजस्थान | 1 भूरी बाई पत्ति प्रवेश कुमार डूबरिया 2 प्रवेश कुमार पिता स्व रामलाल डूबरिया, निवासी विजयागंज मंडी देवास | विक्रय पत्र |

अतः उक्त नामांकन के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के **भीतर** लिखित में मय अभिलेख / प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति संबंधित्त झोन के प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी को प्रस्तुत करें, नियत अवधी के **पश्चात्** कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**नोटः-** उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना निगम की वेबसाईट http://nagarnigamujjain.org/ पर भी देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त (सम्पत्तिकर)**
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

## मानदेय रुकने से जूनियर डॉक्टरों ने की हड़ताल

**रतलाम।** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय शासकीय मेडिकल कॉलेज के पीजी रेजिडेंट्स (जूनियर डॉक्टरों) ने 1 अप्रैल (बुधवार) से हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल का कारण पिछले तीन माह से स्टाइपेंड (मानदेय) नहीं मिला है। तीन दिन में अगर उन्हे स्टाइपेंड की राशि नहीं मिलती है तो वह पूरी तरह से अपना काम बंद कर देंगे। अभी केवल आपातकालीन सेवा वह दे रहे है।सोमवार को इन्होंने मेडिकल कॉलेज में डीएन डॉ. अनिता मूथा को पत्र लिख समस्या से अवगत कराया था। तीन में राशि नहीं मिलने पर बुधवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। सुबह से सभी पीजी रेजिडेंट्स एक जगह एकत्र हुए। मेडिकल कॉलेज परिसर में धरने पर बैठ हड़ताल पर चले गए है। इसके पहले डीन डॉ. अनिता मूथा से मुलाकात की।

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी चढ़ा हत्थे

**मन्दसौर।** दलौदा थाना पुलिस ने चोरी हुई दो मोटरसाइकिलों को बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी नागेश्वर पिता रामेश्वर धोबी, निवासी पटेला है, जिससे पुलिस ने चोरी के वाहन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। वैज्ञानिक साक्ष्यों और तकनीकी कौशल की मदद से पुलिस ने आरोपी को धरदबोचा। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## स्थापना को लेकर बैठक आयोजित

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 6 अप्रेल को स्थापना दिवस मनायेगी। इस दिन पार्टी कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय के साथ घर-घर पार्टी का ध्वज फहरायेगे। इससे पूर्व पार्टी कार्यालयों पर आकर्षक सजावट होगी। स्थापना दिवस पर प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा। 7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलों अभियान भी चलायेगी। रतलाम मे स्थापना दिवस तक भाजपा अपने नवीन कार्यालय भवन के निर्माण की शुरूआत भी करेगी। अगले स्थापना दिवस तक कार्यालय भवन निर्माण पूर्ण करने लक्ष्य रखा गया है।

## हनुमान जयंती पर अवकाश की मांग

**रतलाम।** कांग्रेस की जिला प्रवक्ता रश्मि सिंह ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर हनुमान जयंती पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम के परम भक्त पवनपुत्र हनुमानजी की जयंती हिन्दू समाज के लिए अत्यंत श्रद्धा और आस्था का पर्व है। इस दिन करोड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना, धार्मिक आयोजन और सेवा कार्य करते हैं। रश्मि सिंह ने कहा कि हनुमान जयंती पर अवकाश की मांग लंबे समय से उठती रही है, लेकिन अब तक सरकार ने कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया।

## शहर के 15 स्कूलों के लिए राशि स्वीकृत

**रतलाम।** जिले में विद्यालयों को टाटपट्टी मुक्त करने के लिए चलाये जा रहे ज्ञानोदय अभियान में अधिकारियों कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी बढ- चढ कर सहयोग किया जा रहा है। रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री एवं सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री चेतन्य काश्यप ने अपनी विधायक निधि से 5 लाख 94 हजार रुपए स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए फर्नीचर( बेन्च) की व्यवस्था हेतु स्वीकृत की है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की परंपरा शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करना और उत्कृष्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देना है।

# रतलाम में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं पाठ्य पुस्तक प्रदाय की गई। विद्यार्थियों को अतिथियो द्वारा साईकिल प्रदाय की गई।

कार्यक्रम स्थल पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का लाईव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अनीता कटारा, भोपाल से ओआईसी आरएसके वैभव श्रीवास्तव, जेडी कार्यालय से सहायक संचालक क्रीड़ा रामसिंह बनिहार (प्रेक्षक), जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा, प्राचार्य सुभाष कुमावत, डीपीसी राजेश झा, योजना अधिकारी जितेंद्र जोशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपेन्द्र ठाकुर, एपीसी मुकेश राठौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम.एल. डामर एवं बीआरसी विवेक नागर सहित अन्य शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने स्वागत भाषण दिया। बीआरसी विवेक नागर द्वारा प्रवेशोत्सव की रूपरेखा रखी गई एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि प्रवेशोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने का है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त नागरिक बनाती है।

श्री उपाध्याय ने विशेष रूप से अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हैं, जिनका लाभ हर पात्र विद्यार्थी तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासित दिनचर्या अपनाने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने जीवन में ऐसा मुकाम हासिल करने का प्रयास करना चाहिए जिससे वह अपने परिवार, विद्यालय और जिले का नाम रोशन कर सके तथा समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बन सके।

नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अनीता कटारा ने विद्यालय को व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बताया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें तथा 12 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।





## रतलाम में हाटकेश्वर जयंती पर नागर ब्राह्मण समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

हाटकेश्वर जयंती के अवसर पर रतलाम में मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद शाखा रतलाम के तत्वाधान में बड़ी संख्या में नागर ब्राह्मण समाज ने हाटकेश्वर भगवान की पूजा अर्चना अभिषेक किया और शाम को शहर के प्रमुख मार्गो से एक भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें नागर पुरुष एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जुलूस बैंड बाजा के साथ निकाला गया इसमें बग्गी पर भगवान हाटकेश्वर की प्रतिमूर्ति स्थापित कर नगर भ्रमण कराया गया।

## भक्ति और उत्साह के सैलाब के साथ निकली भव्य श्री वीर हनुमान यात्रा





### तलाई वाले बालाजी के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

नगर के धार्मिक इतिहास में 1 अप्रैल बुधवार का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर से पहली बार श्री वीर हनुमान यात्रा का अत्यंत विहंगम और भव्य शुभारंभ हुआ। दोपहर 3 बजे मंदिर प्रांगण में हनुमान जी के अद्भूत विग्रह की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद विग्रह को एक विशेष रूप से तैयार किए गए दिव्य रथ पर विराजित कर यात्रा प्रारंभ की गई।

इस यात्रा का स्वरूप इतना विशाल था कि समूचा मार्ग च्जय श्री रामज और च्वीर हनुमानज के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा के आकर्षणों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, जिसमें सबसे आगे विशाल ध्वज और हाथी पर सवार होकर की जा रही इत्र वर्षा वातावरण को सुगंधित कर रही थी। बड़ौदा के नगाड़े, नासिक के ढोल और मंदसौर के स्थानीय ढोल दलों की थाप पर युवा और श्रद्धालु झूमते नजर आए। यात्रा में शामिल लव-कुश की झांकी, उड़ते हुए हनुमान जी का ट्राला, पंचमुखी हनुमान जी और बाहुबली हनुमान जी की सजीव झांकियों ने आकर्षण का केंद्र बनीं। इसके साथ ही दिल्ली से आए वानर सेवा दल और राम दरबार की झांकी ने सभी को भावविभोर कर दिया।

यात्रा का समापन पुनः श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में हुआ, जहाँ उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। आयोजन समिति के अनुसार, इस यात्रा की तैयारी पिछले दो महीनों से की जा रही थी, जिसमें नगर के 60 से अधिक समाजों को पीला चावल देकर आमंत्रित किया गया था।

## कलेक्टर अदिति गर्ग ने पुस्तक मेले का किया शुभारंभ



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग ने संजय गांधी उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागृह में आयोजित पुस्तक मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। यह पुस्तक मेला 5 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं द्वारा लगभग 20 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां शैक्षणिक पुस्तकों, कॉपियों एवं अन्य सामग्री पर विशेष छूट दी जा रही है। निजी प्रकाशनों की पुस्तकों पर 15 प्रतिशत, कॉपियों पर 30 प्रतिशत तथा शैक्षणिक सामग्री पर 10 प्रतिशत की छूट उपलब्ध है। एनसीईआरटी की पुस्तकें नेट रेट पर प्रदान की जा रही हैं। साथ ही करियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

मेले में स्थापित पुस्तक बैंक विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसमें विद्यार्थी एवं अभिभावक स्वप्रेरणा से अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर रहे हैं। अपना घर की बालिकाओं द्वारा 11वीं, 9वीं एवं द्वितीय कक्षा की पुस्तकें दान की गईं, जिस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए बधाई दी। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए कि पुस्तक बैंक में पुस्तकों का व्यवस्थित प्रदर्शन किया जाए तथा कक्षा-वार रैक बनाकर उन्हें सजाया जाए।

## नपा द्वारा गौधाम बालाजी मार्ग का भूमिपूजन कार्यक्रम 2 अप्रैल को

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास श्रृंखला के तहत श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर 2 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 9 बजे वार्ड क्रमांक 34 के अंतर्गत आने वाले ब्रह्माकुमारी आश्रम से गौधाम बालाजी तक 48.27 लाख की लागत से होने वाले सड़क सौंदरीकरण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद श्रीमती शारदा-दीपक पाटनी ने बताया कि उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीपसिंह परिहार, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, भाजपा जिला संगठन प्रभारी सुभाष पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना-करणसिंह परमाल, लोक निर्माण सभापति श्री मनोहर मोटवानी, समस्त सभापतिगण एवं गणमान्य नागरिकों के विशेष आतिथ्य में आयोजित होगा।

### सरसों भावांतर योजना अंतर्गत खरीदी 16 अप्रैल से होगी प्रारंभ

**रतलाम।** रबी 2025-26 हेतु सरसों भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों के गहन सत्यापन के बाद योजना के क्रियान्वयन की तिथि में बदलाव किया गया है। पूर्व में यह योजना 1 अप्रैल से प्रारंभ होना प्रस्तावित थी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अब इसे 16 अप्रैल से लागू किया जाएगा।

## खिमला प्लांट में मजदूरों की मौतों के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनासा/नीमच

केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के साथ-साथ स्थानीय ज्वलंत समस्याओं को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी नीमच द्वारा आज मंगलवार 31 मार्च को मनासा में एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

इस आंदोलन का मुख्य केंद्र बिंदु केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियां एवं मनासा के खिमला स्थित ग्रीनको प्लांट में लगातार हो रही मजदूरों की संदिग्ध मौतें और वहां व्याप्त भारी अव्यवस्थाएं हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवारों के लिए उचित मुआवजे की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तरुण बाहेती ने सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लेते हुए बिजली बिलों में की गई बेतहाशा वृद्धि को तत्काल वापस लेने और गैस सिलेंडर की आसमान छूती कीमतों को कम करने की पुरजोर मांग की है। इसके साथ ही पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की किल्लत से जनता को हो रही परेशानी तथा सहकारी सोसायटियों में कर्ज जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने जैसे किसान हितैषी मुद्दों को लेकर भी आवाज बुलंद की जाएगी।

जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें तबाह हो गई थीं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान भाई बड़ी संख्या में लामबंद होंगे। बाहेती ने कहा की खिमला ग्रीनको प्लांट की अव्यवस्थाएं किसी से छिपी हुई नहीं है। वहा मजदूरों की जान से हो रहे खिलवाड़ की जांच की सख्त आवश्यकता है।

मनासा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम सोनी, कुकड़ेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चंद्रावत और रामपुरा ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर मुजावदिया ने संयुक्त रूप से बताया की मनासा में दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत कार्यालय के बाहर आयोजित होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में जिले भर के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे।

धरना स्थल पर जनसभा के पश्चात कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल अनुविभागीय अधिकारी मनासा को महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर इन समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग करेगा। जिला कांग्रेस कमेटी नीमच सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनासा अध्यक्ष श्याम सोनी, कुकड़ेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चंद्रावत और रामपुरा ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर मुजावदिया ने सभी क्षेत्रवासियों से इस जन-आंदोलन में शामिल होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

## न्यूज कालम



### नगर में पुलिस ने रात भर कॉम्बिंग गश्त चलाई,सख्त जाँच व कार्यवाही की

**नीमच।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रातभर सघन कॉम्बिंग गश्त चलाई। 31 मार्च और 1 अप्रैल की दरम्यानी रात को चलाए गए इस अभियान में फरार आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए 165 गैर जमानती वारंट तामील किए गए, वहीं अवैध गतिविधियों पर भी प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कॉम्बिंग गश्त आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और बल ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, निगरानी बदमाशों की जांच, होटल-लॉज-ढाबों की चेकिंग और महिला अपराधियों पर विशेष नजर रखी। 12 स्थानों पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 100 से अधिक वाहनों की जांच हुई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 23 चालान बनाकर ९ हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया।पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### कलेक्टोरेट में सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन किया गया



**नीमच।** जिला कलेक्टर कार्यालय नीमच में बुधवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन, म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.एस.मांगरिया तथा जिला अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात अप्रेल माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसंपर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पति को बेहोश कर जानलेवा हमला करने वाली पत्नी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार किया है। घटना ग्राम बिशन्या की है, जहाँ 19 वर्षीय फरियादी सूरज सिंह ने अपनी पत्नी मनीषा के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार, उसकी पत्नी ने खाने में नशीली दवा मिलाकर उसे बेहोश कर दिया और फिर हाथ-पैर बांधकर कैंची से उसके सीने, गले और पीठ पर कई वार किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी मनीषा को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) और 123 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### महावीर जयंती चल समारोह में महिला मंडलों ने बिखेरी श्रद्धा की अनुपम छटा



**मंदसौर।** भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव पर सकल जैन समाज मंदसौर द्वारा निकाले गये चल समारोह में जैन समाज की विभिन्न महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी करते हुए तपती गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना, श्रद्धा और उल्लास के साथ नंगे पैर चलते हुए महावीर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाया।सकल जैन समाज ने इन सहभागी महिला मंडलों का सम्मान कर अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन परिवार की ओर से नकद पुरस्कार राशि भेंट की गई। जिसमें चन्दनबाला महिला मण्डल को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 10,100 रुपये द्वितीय स्थान पर रहे नरसिंहपुरा दिगम्बर महिला मण्डल को 9,100 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त महावीर जिनालय महिला मण्डल को 8,100 रुपये, चतुर्थ स्थान पर रहे खरतरगच्छ महिला मण्डल नयापुरा को 7,100 रुपये तथा पंचम स्थान प्राप्त सुरेन्द्र महिला मण्डल को 6,100 रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। शांत क्रांति महिला मण्डल को भी 3,100 रु. की विशेष राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बण्डीजी का बाग महिला मण्डल, अरिहन्त महिला मण्डल, श्रेयांस राजेन्द्र महिला मण्डल, श्रेयांसनाथ मंदिर मंडल, श्री नई पौषधशाला को 2100-2100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। निर्णाय के रूप में धार से बरखा जैन व सरिता जैन, कविता जैन, इंदौर से राजकुमारी जैन व ज्योति जैन तथा मंदसौर से निवेदिता नाहर व डॉ. प्रीति मुरडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## संकल्प से समाधान शिविर में 34 शिकायतों का मौके पर समाधान

### पुलिस की पहल को विधायक ने बताया सराहनीय

**जीरापुर।** प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज थाना परिसर जीरापुर में एक विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण करना रहा, जिसके तहत दोनों पक्षों को थाने बुलाकर आपसी समझाइश एवं समन्वय के माध्यम से विवादों का समाधान कराया गया। शिविर में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त कुल 12 शिकायतों एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त 22 शिकायतों सहित कुल 34 प्रकरणों को मौके पर ही सुना गया और अधिकतर मामलों में आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इस पहल से लोगों को न्यायालयीन प्रक्रिया से बचते हुए त्वरित राहत मिली और आपसी रिश्तों में भी सुधार देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में संकल्प से समाधान अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में सौहार्द और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा समझाइश के माध्यम से विवादों को सुलझाने और आपसी समन्वय स्थापित करने के प्रयास को अत्यंत सराहनीय बताया। इस अवसर पर एसडीओपी डी.वी.एस. नागर, तहसीलदार आर.पी. सिंह, थाना प्रभारी जीरापुर आदित्य सोनी, एसआई संतोष सिंह, एसआई ध्रुवे, मधुकांत शर्मा, रवि जाट, राजेंद्र शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जहां पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गंभीरता से सुनवाई कर त्वरित समाधान किया गया। इस प्रकार के आयोजनों से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में सकारात्मक माहौल बन रहा है।

## स्वयंसेवकों न वेस्ट मटेरियल से बनाए सकोर जल संरक्षण पर विद्यार्थियों ने रखे विचार



**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने वेस्ट मटेरियल से आकर्षक सकोरे तैयार किए तथा जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जल संरक्षण के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करते हुए सुंदर सकोरे बनाए। बाद में इन्हें महाविद्यालय के बोटैनिकल गार्डन में पशु.पक्षियों के लिए बांधा गया, ताकि गर्मी में उन्हें पानी उपलब्ध हो सके। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का भी संदेश देती है। जल संरक्षण विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में राधिका राठौर प्रथम, निसर्ग गायकवाड द्वितीय एवं पायल पुरबिया तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतिभागियों ने जल संकट, संरक्षण के उपाय एवं जनजागरूकता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। इसी क्रम में सकोरा सज्जा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें पायल पुरबिया प्रथम,नौवेद्य गायकवाड द्वितीय एवं निसर्ग गायकवाड तृतीय स्थान पर रहे। प्रतिभागियों की रचनात्मकता की निर्णायकों ने सराहना की। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और छोट-.छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा 10 अप्रैल को विशाल धरना प्रदर्शन-




**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में सिविल अस्पताल रोड स्थित सिटी पार्क में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया और पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के पुराना एबी रोड के दोनों ओर करोड़ों रुपए की लागत से लगाए गए गुणवत्ताविहीन पेवर्स में भारी भ्रष्टाचार हुआ जिसकी जांच की मांग करते हुए शहर में घटिया नाली निर्माण कार्य, प्रदूषित अजनार नदी के शुद्धिकरण, सरकारी पैसों की बंदरबाट और उसके दुरुपयोग को रोकने, नगर पालिका की नाकामियों और सरकार की उदासीनता से शहर में गहराता पेयजल संकट, मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार, ठेकेदारों के भुगतान और प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे भाई भतीजावाद, जिले के सबसे गंदा शहर होने से आम नागरिक परेशान, 50 प्रतिशत से अधिक लाडली बहनो को योजना का लाभ नहीं मिल रहा लाडली बहनों को 3 हजार रुपये दिए जाए, आवारा पशुओं की समुचित व्यवस्था की जाये शहर में पार्किंग, यातायात, स्टेट लाइट आदि अनेक मुद्दों को लेकर स्थानीय पीपल चौराहे पर आगामी 10 अप्रैल शाम 4 बजे कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची के नेतृत्व में जिला युवा कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए उग्र आंदोलन के साथ स्थानीय नगर पालिका परिषद का गहराव किया जाएगा।

सारंगपुर नगर पालिका परिषद

# एक अरब बयालीस करोड़ विकास पर खर्च आय, 50 हजार से ज्यादा राशि की होगी बचत, बजट में कोई नया टैक्स नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर नगर पालिका का सोमवार को नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बजट पेश किया। शहर में विकास के लिए इस साल करीब 1 अरब 82 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। इसमें शहर के विकास से जुड़े कई मुद्दे रखे गए है। इधर, बजट में इस बार टैक्स नहीं बढाया गया है, ऐसे में कई उपभोक्ताओं पर इसका असर पडेगा। दरअसल नगर पालिका परिषद सारंगपुर अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में साधारण सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु बजट पारित किया गया। बजट प्रस्तुत करते हुए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे द्वारा सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निकाय की समस्त स्त्रोतों से प्रस्तावित आय एक अरब बयालीस करोड़ अठावन लाख दस हजार दौ सौ चौबीस तथा समस्त मदों में प्रस्तावित व्यय एक अरब बयालीस करोड़ सत्तावन लाख सत्तावन हजार आठ सौ बानुरुपये बताया गया। इस प्रकार कुल रुपए 52 हजार 332 रुपये की बचत का बजट परिषद द्वारा सर्व सम्मति से पारित किया गया।

### यह बोले नपाध्यक्ष पालीवाल




नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा प्रस्तावित बजट को सम्मेलन में पारित करवाते हुए कहा कि बजट 2026-27 में विशेष रूप से शासन की साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्वसुलभ वैचारिक अध्ययन केन्द्र के रूप में गीता भवन- की स्थापना संबंधी निदेर्शानुसार कार्यो तथा ऑडोटोरियम निर्माण एवं वर्ष 2028 में उज्जैन में होने जा रहे सिंहस्थ में आने वाले दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु ए.बी.रोड़ बायपास पर प्रतीक्षालय निर्माण व अन्य सार्वजनिक सुविधायें संबंधी निर्माण कार्यो को सम्मिलित किया गया है। नपाध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि नगर विकास अंतर्गत कपिलेश्वर लोक का निर्माण कार्य व शीलनाथजी के धूना पर विकास कार्य अंतर्गत घाट, पार्क व भवन तथा सडक निर्माण कार्य भी शामिल किये गये हैं। उन्होंने कहा कि बजट में आय के मुख्य श्रोत के रुप में निकाय को शासन से प्राप्त होने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति एवं यात्रीकर क्षतिपूर्ति राशि एवं अनुदान राशि, विशेष निधि, शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं अमृत 2.0 एवं कायाकल्प अभियान, स्वच्छ भारत मिशन और समय-समय पर प्राप्त होने वाले शासन अनुदान व निकाय की स्थानीय वसूलियां सम्पत्तिकर समेकित कर आदि से होने वाली आय मुख्य रूप से बजट में शामिल की गई हैं।

### संधारण व रखरखाव पर होने वाले व्यय को लेकर हुई चर्चा

उक्तानुसार प्रस्तावित प्राप्त आय से वर्ष 2026-27 में होने वाले व्यय में कर्मचारियों के वेतन भत्ते विभिन्ना प्रकारों के वाहनों के डिजल एवं उनके संधारण व रख रखाव पर होने वाले व्यय, नागरिकों को उपलब्ध कराए जाने वाली मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, नाली, बिजली पेयजल साफ-सफाई इत्यादि पर होने वाले व्यय के साथ ही नगर के सौन्दर्यकरण के लिए नगर में पार्को का निर्माण कार्य, बस स्टैंड विकास कार्य व डामरीकरण कार्य, नवीन बस निर्माण कार्य तथा सारंगपुर शहर के लिए यात्री प्रतिक्षालय सिंहस्थ व ऑडोटोरिम निर्माण कार्य शामिल की गई है। उक्तानुसार कार्यों पर प्रस्तावित व्यय सम्मिलित है। साधारण सम्मेलन की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल व उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, पार्षदगण राजूबाई, समीर मेव (भूरु), गोपाल पाल, अमित कुमार गिरजे, दुगार्बाई रामगोपाल राठौर, नाजो बी-कमरुददीन कप्तान, राकेश पुष्पद, सिददीबाई राधेश्याम बागवान आदि पार्षदगण एवं नगरपालिका कर्मचारी अरुण गौड व विक्की ब्राहम्णे उपंयत्री, सूर्यप्रकाश झाला राजकुमार गिरजे, गौरव शर्मा, दिलीप शर्मा, रशीद मेव, मोहनसिंह भिलाला, समंदर सिंह लववंशी आदि शाखा प्रभारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। बैठक के समापन पर सूर्यप्रकाश झाला राजस्व उप निरीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित परिषद पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि , बिजली दरों में वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी

## सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में तहसील स्तर पर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर




म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार ब्लाक कांग्रेस महिदपुर, झारड़ा, गोगापुर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के आव्हान पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी व भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में तहसील स्तर पर धरना-प्रदर्शन स्थानीय आम्बेडकर चौक पर आयोजित किया गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक दिनेश जैन बोस ने शासन प्रशासन को कड़े शब्दों में आगाह करते हुए कहा कि किसानों के साथ अन्याय कदापि बर्दाश्त नही किया जाएगा। विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिलों को लेकर किसानों व आम उपभोक्ताओं के साथ जो ज्यादती की जा रही उसे तुरंत रोका जाए, किसान उपज की खरीदी प्रारंभ होने पर बिजली बिल जमा कर पाएंगे। जबकि सरकार द्वारा उपज खरीदी की तारीख बार बार बढ़ाई जा रही है। बोस ने आगे कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अपरिपक्वता के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित हैं उस पर मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। साथ ही पेट्रोल डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है। धरना आंदोलन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे को दिया गया।

## पूर्व विधायक राणा ने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को आजीवन सहयोग निधि का चेक भेंट किया

**सुसनेर।** इन दोनों भाजपा संगठन द्वारा पूरे देश में आ आजीवन सहयोग निधि का संग्रह किया जा रहा है। प्रदेश संगठन द्वारा आगर जिले मे सुरजसिंह को आजीवन सहयोग निधि का जिला प्रभारी एवं सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया को सुसनेर मंडल प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती से आजीवन सहयोग नीधि का संग्रह का शुभारंभ हुआ है। जो लगातार चल रहा हें। डाक्टर सौरभ जैन ने बताया कि सोमवार को आजीवन सहयोग निधि अभियान अंतर्गत पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने अपनी स्वेच्छा से समर्पण राशि का चेक भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय को आजीवन सहयोग निधि को प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व हे कि में विश्व की सबसे ज्यादा सदस्यों वाली भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता की हैसियत से संगठन में सहयोग के लिए मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। सभी भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओ को इस पुनीत कार्य में ज्यादा से ज्यादा संख्या में चेक के माध्यम में आजीवन सहयोग निधि में सहयोग करना चाहिए।




## महावीर जनकल्याण के पावन पर्व पर सेवा कर मनाया

**खाचरोद।** महावीर जनकल्याण के पावन पर्व पर जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद द्वारा महावीर जयंती उत्सव बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में गोपाल गौशाला खाचरोद में गौ सेवा एवं चारा वितरण का पुण्य कार्य किया गया। इसके पश्चात महावीर जल मंदिर का शुभारंभ गोविंद भरावा (नगर पालिका अध्यक्ष), इंटरनेशनल फेडरेशन के डायरेक्टर हेमंत जैन एवं मध्यप्रदेश रीजन सहसचिव विजय बरडिया के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत गरीब एवं असहाय लोगों के लिए अनुकंपा दान की भी व्यवस्था की गई, जो अत्यंत सराहनीय रही। इस अवसर पर ग्रुप के अध्यक्ष राजेंद्र नांदेचा, सचिव अरुण लुणावत सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से राजेश चोपड़ा, निलेश मंडोत, अनिल लोढ़ा, जय वागलेचा, आयुष बरर्डिया हर्ष नागदा, संजय भंडारी, विनय जैन, मनीष मेहता, सुधीर मेहता, विनोद जैन, चंद्रप्रकाश चोरड़िया, राजेश वनवट, पुनीत मेहता, नितेश भटेवरा, स्वप्निल सुराणा, चिराग भटेवरा, राजू मोदी, जितेंद्र भटेवरा, विकास भटेवरा, अमित बुपक्या आदि शामिल रहे। महिला सदस्यों में अंजू नांदेचा, अनिता मेहता, पलक चोपड़ा, जयंती गेलड़ा, नेनी लढ़ाई एवं रुचि बुपक्या की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी नामित वनवट द्वारा दी गई।

### बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरे मुरझाए

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में तेज आंधी तूफान और बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के साथ रात करीब 8 बजे बेमौसम झमाझम बारिश होने से ब्यावरा शहर का मौसम खुशनुमा हो गया दिन भर सूरज की तेज तपन के बीच शाम को हुई झमाझम बारिश ने मौसम को खुशनुमा कर दिया, बारिश के कारण विद्युत में आए फाल्ट के कारण कई इलाकों में अंधेरा पसरा रहा। इस बे मौसम बारिश से कई किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर खींच गई ग्रामीण क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार कई किसानों की फसल अभी खेत और खलियान में पड़ी होने से उनकी फसल को काफी नुकसान हुआ है।

## राजपूत बोर्डिंग में राम जी के जीवन पर आधारित बौद्धिक हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

राम भारत की आत्मा व मर्यादा का अवतार है। राम का संपूर्ण जीवन धर्म नीति न्याय का पर्याय रहा है यही उनके जीवन का आभूषण था। राम ने मानव के रूप में इस भूमि पर मानवता का संदेश दिया। राम की सभी लीलाएं हमारे जीवन का पथ प्रदर्शक और जीवन का दर्पण है। नारी के प्रति आदर भाव उनके जीवन का प्रमुख आभूषण रहा है। राम ने शबरी के झुठे बेर खाकर सद्भावना व समरसता का संदेश दिया है। राम ने नर रूप में मानव समाज को यह संदेश दिया। धर्म नीति और न्याय राम के जीवन का मुल मंत्र रहा है। राम ने 14 वर्ष के वनवास मे मानव मूल्यों की स्थापना कर आदर्श जीवन का संदेश दिया है। पिता की आज्ञा का पालन कर राम ने आदर्श पुत्र होने का गौरव प्राप्त किया । एक पिता का मान बढ़ाने के लिए राजसी वैभव का त्याग कर राम आदर्श पुत्र बने इसलिए राम जैसा पुत्र भुतो न भविष्यति राम का चरित्र मानव मात्र के लिए प्रासंगिक है राम भारत की आत्मा व मर्यादा का प्रतीक है। आज हमारे देश की में कुछ विदेशी आतातीयांव स्वार्थी लोग हमारी सांस्कृतिक विरासत संस्कृति एवं धर्म को जाती के नाम पर तोडने का षडयंत्र कर रहे है ऐसे में हम सभी सनातनियों को राम के जीवन को समझ कर जाती से उपर उठकर धर्म के लिए खडे होने की आवश्यकता है। उक्त बात सामाजिक कार्यकर्ता नारायणसिंह चिकलाना ने राजपुत धर्मशाला महिदपुर मे श्री राम नवमी पर्व पर राम के जीवन पर आधारित बोधीक मे कही। राजपूत समाज के अध्यक्ष भगवानसिंह पंवार एडवोकेट ने भगवानराम के जीवन को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। प्रारंभ मे उपस्थित सभी महानुभावों ने भगवान राम की आरती एवं स्तुति की।

## गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर भव्य बैठक, 23 से गो कथा



**सुसनेर।** गो सम्मान अभियान को लेकर मेला ग्राउंड स्थित श्रीनाथ जी की कुटिया पर भव्य बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक एवं गोभक्त शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत गो माता के पूजन के साथ हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री राम मंदिर धर्मशाला में 23 से 27 अप्रैल तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से गो कथा आयोजित होगी। जिसका वाचन गोपाल कृष्ण उपाध्याय करेंगे। इस दौरान 27 अप्रैल को 10 हजार हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को सौंपा जाएगा। उपस्थित नागरिकों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पोलाय मंडल भाजपा के प्रशिक्षण सत्र का उदघाट्न



**मक्सी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत शाजापुर जिले के पोलाय मंडल का प्रशिक्षण 30 मार्च से प्रारम्भ हुआ उदघाट्न सत्र में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे द्वारा बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर कार्यकताओं को संबोधित किया दो दिवसीय इस वर्ग में रात्रि विश्राम के साथ ही 8 विभिन्न विषयों पर वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

सुसनेर में जाम की विकराल समस्या, व्यवस्था सुधारने की उठी मांग

# पांच पुलिया से लोहार दरवाजे तक दिनभर जाम, मरीजों व आमजन को हो रही भारी परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर में लंबे समय से बनी हुई जाम की समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। मुख्य बाजार सहित प्रमुख मार्गों पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भी पांच पुलिया से लेकर लोहार दरवाजे तक बार-बार जाम लगने से लोगों को काफी देर तक फंसे रहना पड़ा।

नगर के व्यस्त बाजार क्षेत्र में हालात सबसे अधिक खराब बने हुए हैं। सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा सामान फैलाकर रखने और बीच सड़क पर वाहनों के खड़े रहने से आवागमन बाधित हो रहा है। संकरी सड़कों पर बढ़ते वाहनों का दबाव और अव्यवस्थित पार्किंग मिलकर जाम की समस्या को और बढ़ा रहे हैं। इस स्थिति का सबसे ज्यादा असर अस्पताल जाने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। जाम में फंसने के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। कई बार आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने से समस्या लगातार बढ़ रही है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नियमित निगरानी की जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### अतिक्रमण बनी जाम की मुख्य वजह

नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाने और वाहन चालकों द्वारा बीच सड़क पर पार्किंग करने से जाम की स्थिति बार-बार बन रही है। इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है और लोगों को निकलने में काफी समय लगता है।

### लाइन मार्किंग से मिल सकती है राहत

### इनका कहना

नगर में जाम की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। जल्द ही सड़क के दोनों ओर सफेद लाइन मार्किंग कराई जाएगी और अतिक्रमण व अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई की जाएगी।

**ओपी नागर**
**सीएमओ नगर परिषद सुसनेर**

नागरिकों का सुझाव है कि सड़क के दोनों ओर सफेद लाइन खींचकर सीमांकन किया जाए, जिससे दुकानदार और वाहन चालक निर्धारित सीमा में ही रहें। इससे यातायात सुचारू हो सकता है और जाम की स्थिति में सुधार आ सकता है।

### कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रही समस्या

स्थानीय लोगों का कहना है कि समय-समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। यदि सख्ती से नियम लागू किए जाएं और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई हो, तो जाम की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

इस साल 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव है। इस दिन प्रभु को प्रसन्न करने के लिए क्या करना चाहिए और किन कार्यों से बचें, आइए विस्तार से जानते हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर करें बजरंगबली को प्रसन्न

## जानें क्या करें और क्या नहीं?




इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का पर्व 2 अप्रैल 2026 को मनाया जा रहा है। यह हिंदू पंचांग के चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि है। मान्यता है कि, इस शुभ तिथि पर माता अंजनी और राजा केसरी के पुत्र के रूप में हनुमान जी का जन्म हुआ था। इसलिए इस पावन दिन पर प्रभु की विधि-विधान से की गई पूजा साधक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आती हैं। साथ ही व्यक्ति के बल, बुद्धि, विद्या और साहस में भी वृद्धि होती हैं। हालांकि, इस दिन हनुमान जी को कुछ चीजें अर्पित करने से वह शीघ्र प्रसन्न होते हैं और इससे व्यक्ति को भूत-प्रेत बाधा और संकटों से मुक्ति मिलती है। ऐसे में आइए इस दिन के महत्व को जानते हैं।

### हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए करें ये काम

- हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करें। इससे सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
- आप प्रभु को गुड़-चना, बेसन या बूंदी के लड्डू का भोग लगाएं। इससे लंबे समय से अटके काम पूरे होते हैं।
- पान का बीड़ा चढ़ाने से व्यापार विस्तार की बाधाएं समाप्त हो सकती हैं।
- बंदरों को केले या गुड़-चना खिलाएं। इससे सभी तरह के दोष दूर हो सकते हैं।
- जरूरतमंद लोगों को दान दें।
- मंदिर जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करें।

### क्या करें और क्या नहीं

- हनुमान जन्मोत्सव पर विधिपूर्वक हनुमान जी की पूजा करें।
- व्रत रखें और सात्विक भोजन करें।
- दान-पुण्य करें और जरूरतमंदों की मदद करें।
- अपशब्दों का प्रयोग न करें
- हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें।
- मन, वचन और कर्म से शुद्धता बनाए रखें।
- तामसिक भोजन (मांस, मदिरा आदि) का सेवन न करें।
- किसी से विवाद या झगड़ा न करें
- अहंकार और क्रोध से दूर रहें
- इस दिन कोई भी गलत या अनैतिक कार्य करने से बचें।

### हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा विधि

- हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह व्रत का संकल्प लें और पूजा स्थान को शुद्ध कर एक चौकी लगाएं। इसपर लाल वस्त्र बिछाकर हनुमान जी की मूर्ति रखें।
- अब आप भगवान को सिंदूर अर्पित करें, क्योंकि यह उन्हें अत्यंत प्रिय हैं। हनुमान जी को चमेली का तेल, लाल फूलों की माला, गुड़ और धूप-दीप प्रज्वलित करें।
- भोग के रूप में बूंदी अर्पित करें। आप पान का बीड़ा और मौसमी फल जैसे केला व अमरूद भी चढ़ा सकते हैं। यह शुभ माना जाता है।
- पूजा के दौरान श्रद्धा भाव से हनुमान चालीसा का पाठ भी करें। आरती करें और प्रसाद सभी में वितरित करें।

## हनुमान जन्मोत्सव पर करें राशि के अनुसार इन चीजों का दान, पूर्ण होगी हर मनोकामना

**मेष-** इस दिन अनार, टमाटर, गेहूं और रागी का दान करना लाभकारी माना जाता है, जिससे सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।
**वृषभ-** दूध, दही, चावल, आटा और नमक का दान शुभ होता है। इससे पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन की बाधाएं कम होती हैं।
**मिथुन-** साबुत मूंग, हरी सब्जियां और फल दान करने से सुख-समृद्धि और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।
**कर्क-** चावल, शक्कर और नारियल का दान करने से आर्थिक परेशानियां कम होने के संकेत मिलते हैं।
**सिंह-** सेब, गुड़ और मूंगफली का दान करने से सकारात्मक ऊर्जा और शुभ फल प्राप्त होते हैं।
**कन्या-** साबुत मूंग, हरे फल और शर्बत का दान करने से रोग और कष्टों में कमी आती है।
**तुला-** सफेद वस्त्र, शक्कर और सुगंधित चीजों का दान करने से ग्रह दोषों में राहत मिलती है।
**वृश्चिक-** लाल चंदन, मसूर दाल और तांबे के बर्तन का दान करना शुभ माना जाता है, जिससे सुख-समृद्धि बढ़ती है।
**धनु-** चने की दाल, बेसन के लड्डू और पीले वस्त्र का दान करने से हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।
**मकर-** काले तिल, कंबल और स्टील के बर्तन का दान करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।
**कुंभ-** जूते-चप्पल, बैग या छाता जैसी वस्तुओं का दान करने से शनि से जुड़े दोषों में कमी आती है।
**मीन-** इस दिन खिचड़ी बनाकर जरूरतमंदों को भोजन कराना अत्यंत शुभ माना जाता है, जिससे पुण्य और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

# गुरु गोचर: अप्रैल में इनके शुरू होंगे अच्छे दिन, करियर-कारोबार में मिलेगी खुशखबरी

ज्योतिषियों के अनुसार, गुरु गोचर न सिर्फ आध्यात्मिक उन्नति के द्वार खोलता है, बल्कि जीवन के कई क्षेत्रों में स्थिरता और तरक्की के संकेत भी देता है। ऐसे में उनका यह नक्षत्र परिर्तन किन राशियों के लिए लकी रहेगा।




शुभ योग के साथ अप्रैल का महीना प्रारंभ हो गया है। इस महीने कई ग्रह अपनी चाल में परिवर्तन करेंगे, जिनमें देव गुरु बृहस्पति भी शामिल है। ज्योतिष गणना के मुताबिक, 20 अप्रैल 2026 को गुरु ग्रह पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। खास बात यह है कि, पुनर्वसु नक्षत्र के स्वामी स्वयं गुरु बृहस्पति ही हैं। ऐसे में यह घटना अत्यंत शुभ और प्रभावशाली मानी जा रही है। इस स्थिति को स्व-नक्षत्र गोचर कहा जाता है। वहीं गुरु के अपने ही घर में आने पर उनकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है और वह अपने सकारात्मक फल अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रदान करते हैं। ऐसे में कुछ राशि वालों को इस गोचर से विशेष लाभ मिल सकता है। साथ ही जातकों के ज्ञान, भाग्य, धन लाभ और व्यापार विस्तार की भी संभावनाएं अधिक है। आइए इनके बारे में जानते हैं।

### मिथुन राशि वालों को मिलेगा विशेष लाभ

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय नई शुरुआत का संकेत दे रहा है। इस समय विवाह के योग मजबूत हो सकते हैं और जो लोग लंबे समय से रिश्ते की तलाश में हैं, उन्हें अच्छी खबर मिल सकती है। खास बात यह है कि, मिथुन राशि वालों के परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इस समय नया वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होगी। व्यापार से जुड़े निर्णय आपको आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

### कन्या राशि वालों को मिलेंगे नए अवसर

कन्या राशि वालों के लिए यह गोचर जीवन में नए अवसर लेकर आएगा। माना जा रहा है कि, इस राशि के लोग नए लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके अलावा सामाजिक दायरा बढ़ेगा और आपकी पहचान मजबूत होगी। विदेश यात्रा व किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग सफल होती हुई नजर आएगी। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है, खासकर उनके करियर या पढ़ाई को लेकर संतोषजनक परिणाम सामने आ सकते हैं।

### मीन राशि वालों का होगा भाग्योदय

मीन राशि के जातकों के लिए यह समय भाग्योदय का संकेत दे रहा है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। व्यापार में अचानक कोई शुभ समाचार जीवन में नई ऊर्जा भर सकता है। खास बात यह है कि, करियर में सफलता के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का फल अब मिलने लगेगा। आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# Sport

भारत जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगा, जिसकी शुरूआत 23 जुलाई से हरारे में होगी। यह सीरीज टीम इंडिया के लिए युवा खिलाड़ियों को मौका देने और भविष्य की तैयारी के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

## जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी टीम इंडिया; तीन टी20 खेलेगी; क्या वैभव सूर्यवंशी करेंगे डेब्यू?

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने टीम इंडिया के ज़िम्बाब्वे दौरे का एलान कर दिया है। भारतीय टीम जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के एलान के बाद फैंस यह जानने को लेकर उत्साहित हैं कि क्या यह सीरीज युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के लिए भारतीय टीम में डेब्यू करने की सीरीज हो सकती है?







### कहां खेले जाएंगे मैच?

सीरीज के सभी मुकाबले हरारे में खेले जाएंगे। पहला टी20 23 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेला जाएगा। 25 जुलाई और 26 जुलाई को बाकी दो मैच भी इसी मैदान पर होंगे। यानी टीम इंडिया लगातार दो टी20 खेलेगी।

### वैभव सूर्यवंशी को मिलेगा मौका?

ऐसे में आईपीएल और जूनियर क्रिकेट में तहलका मचाने वाले वैभव सूर्यवंशी को भी मौका मिल सकता है। सूर्यवंशी पिछले महीने 15 साल के हो गए और अब आईसीसी के नियमों के अनुसार सीनियर भारतीय टीम के लिए खेलने के पात्र हो गए हैं। उन्होंने आईपीएल में अच्छे अच्छे गेंदबाजों की धुलाई की है। ऐसे में बीसीसीआई उन्हें शामिल कर सकती है।

### क्या है इस सीरीज की अहमियत?

टीम इंडिया आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे दौरे पर गई थी, जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली गई थी। यह सीरीज युवा खिलाड़ियों के लिए मौका बन सकती है। टी20 वर्ल्ड कप 2028 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों को देखते हुए टीम कॉम्बिनेशन पर काम होगा। साथ ही बेंच स्ट्रेंथ को परखने का अच्छा मौका मिलेगा।

### आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी टीम इंडिया

अफगानिस्तान से सीरीज के बाद भारतीय टीम जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड का दौरा करेगी। आयरलैंड में टीम इंडिया दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसका पहला मुकाबला 26 जून को और दूसरा मुकाबला 28 जून को खेला जाएगा। दोनों मुकाबले बेलफास्ट में ही खेले जाएंगे। इसके बाद टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी। वहां टीम पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला टी20 एक जुलाई को चेस्टर ली स्ट्रीट में, दूसरा टी20 चार जुलाई को मैनेचेस्टर में और तीसरा टी20 सात जुलाई को नॉटिंघम में खेला जाएगा। इसके बाद चौथा टी20 नौ जुलाई को ब्रिस्टल में और आखिरी टी20 11 जुलाई को साउथैम्पटन में खेला जाएगा।

### आईपीएल के बाद अफगानिस्तान से सीरीज

आईपीएल 2026 के खत्म होने के बाद सबसे पहले टीम इंडिया अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। अफगानिस्तान की टीम भारत के दौरे पर आएगी। एकमात्र टेस्ट छह जून से न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। वहीं, पहला वनडे 14 जून को धर्मशाला में, दूसरा वनडे 17 जून को लखनऊ में और तीसरा वनडे 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा।

### फिर जिम्बाब्वे से टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

फिर भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे मैचों की सीरीज की शुरूआत होगी। पहला वनडे 14 जुलाई को बर्मिंघम में, दूसरा वनडे 16 जुलाई को कार्डिफ में और तीसरा वनडे 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इसी बीच टी20 टीम जिम्बाब्वे पहुंच जाएगी और फिर इंग्लैंड से वनडे सीरीज खत्म होने के बाद टीम जिम्बाब्वे से टी20 सीरीज खेलेगी।

## नसीम शाह पर पीसीबी की कार्रवाई से नाखुश पूर्व कप्तान यूनिस, बोले- हद पार कर दी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने नसीम शाह के खिलाफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की कार्रवाई को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने हद से ज्यादा बड़ी सजा दी है। दरअसल, तेज गेंदबाज नसीम शाह पर विवादित ट्वीट मामले में सोमवार को पीसीबी ने 20 मिलियन पाकिस्तानी रुपये (लगभग 72 हजार अमेरिकी डॉलर) का भारी जुमार्ना लगाया। यह पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास के सबसे बड़े जुमार्नों में से एक माना जा रहा है।




मामले की गंभीरता को देखते हुए पीसीबी ने नसीम को शो-कॉज नोटिस भेजा और तीन सदस्यीय अनुशासनात्मक समिति के सामने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान नसीम शाह ने बिना शर्त माफी मांगी और अपने सोशल मीडिया मैनेजर को हटा दिया। पीसीबी ने उस मैनेजर को ब्लैकलिस्ट भी कर दिया, ताकि वह भविष्य में किसी भी खिलाड़ी के साथ काम न कर सके। इसके बावजूद बोर्ड ने सख्त रुख अपनाते हुए नसीम को उनके सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की कई शर्तों के उल्लंघन का दोषी पाया और भारी जुमार्ना लगाया।

पीसीबी की कार्रवाई पर यूनिस खान ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'जब नसीम (शाह) ने ट्वीट के लिए माफी मांग ली थी और यह भी साफ कर दिया था कि इसके पीछे उनके सोशल मीडिया मैनेजर का हाथ था और उन्होंने उसे नौकरी से निकाल दिया है, तो बोर्ड नसीम को सिर्फ एक चेतावनी देकर और बहुत कम जुमार्ना लगाकर छोड़ सकता था।' उन्होंने कहा कि ऐसे कदम केवल खिलाड़ियों का मनोबल गिराने में ही योगदान देते हैं। यूनिस ने कहा, 'बोर्ड को अपने खिलाड़ियों का ध्यान रखना चाहिए।'

इस दौरान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने बोर्ड पर चयनकताओं और अधिकारियों पर भी कार्रवाई करने के लिए दबाव डाला। उन्होंने कहा, अगर चीजों को इतनी गंभीरता से लिया जाता है, तो बोर्ड के चयनकताओं और अधिकारियों पर भी जुमार्ना लगाया जाना चाहिए, जब वे गुमराह करने वाले बयान देते हैं या अपने कर्तव्यों को पूरा करने में नाकाम रहते हैं।'

### श्रेयस अय्यर पर चला बीसीसीआई का चाबुक!

**न्यू चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने आईपीएल 2026 में पहली बार सख्त कदम उठाते हुए श्रेयस अय्यर पर जुमार्ना लगाया है। भले ही पंजाब किंग्स की टीम ने मंगलवार को अपना मैच जीत लिया हो, लेकिन पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस को स्लो ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपये का जुमार्ना भरना पड़ा।

**क्या है पूरा मामला?:** यह घटना आईपीएल के चौथे मुकाबले में हुई, जहां पंजाब किंग्स का सामना गुजरात टाइटंस से हुआ। मैच के दौरान पंजाब टीम तय समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई, जो आईपीएल के नियमों का उल्लंघन है। आईपीएल के आधिकारिक बयान में कहा गया, 'यह इस सीजन में टीम की पहली गलती थी, इसलिए कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।'

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बाणेश्वर कुंड मंदिर परिसर में अश्लीलता कर रहे युवक को पीटा

**इंदौर।** बाणेश्वर कुंड मंदिर परिसर में युवक-युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कुछ लोगों ने उन पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए न सिर्फ उनके साथ मारपीट की, बल्कि पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने युवक-युवती को आपत्तिजनक स्थिति में देखने का दावा किया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने दोनों को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान कई लोग वीडियो बनाते रहे। पुलिस के अनुसार युवक-युवती की ओर से किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, जिसके चलते उन्हें बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद युवक-युवती को पीटते हुए मंदिर परिसर से बाहर तक ले जाया गया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद युवक-युवती को पीटते हुए मंदिर परिसर से बाहर तक ले जाया गया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही एफआरवी (डायल-112) मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले जाया गया।

### बायपास पर गौवंश की तस्करी पकड़ी आरोपी फरार, भीड़ ने गाड़ी तोड़ी

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बायपास रोड पर मवेशियों की अवैध ढुलाई करते हुए एक आयशर वाहन जब्त किया है। वाहन में गौवंश को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक रालामंडल निवासी हर्षवर्धन सिंह (पटेल कॉलेज) ने सूचना दी थी कि एक आयशर वाहन में गौवंश को क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कैलोद करताल फाटा के पास बायपास रोड पर घेराबंदी की। मौके पर पहुंची पुलिस को आयशर वाहन मिला, जिसमें कुल 7 मवेशी ठूंस-ठूंसकर भरे हुए थे। पुलिस को देखकर चालक और उसके साथी वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन जब्त कर थाने पहुंचा दिया है। मामले में मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4/9 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### शादी में देवास जाने का कहकर ले गया, पिता की कार दोस्त ने हड़पी

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने भरोसे का फायदा उठाकर कार हड़प ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी पीड़ित का पहले से दोस्त है। पुलिस के मुताबिक, मोहित सूर्यवंशी निवासी श्याम नगर, सुखलिया की शिकायत पर आरोपी फैजान शाह पिता इसराह शाह, निवासी सम्राट नगर, खजराना के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी फैजान, मोहित से उसके पिता के नाम पर रजिस्टर्ड मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार लेकर गया और वापस नहीं की। मोहित ने बताया कि वह निजी नौकरी करता है। फैजान ने नवंबर 2025 में कहा था कि उसे शादी में देवास जाना है और वह दो दिन बाद कार लौटा देगा। दो दिन बाद जब कार वापस नहीं मिली तो मोहित ने फैजान को कॉल किया। इस पर उसने कहा कि कार उसके पास सुरक्षित है और कुछ दिन में लौटा देगा।

### फ्लैट का सौदा कर दूसरे के नाम कर दी रजिस्ट्री, दो आरोपियों के साथ महिला गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने फ्लैट बेचकर रजिस्ट्री न करने के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को पकड़ चुकी है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के मुताबिक फरियादी फैसल अहमद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहित महाजन, निसार अली और सायरा ने मिलकर फ्लैट बेचने के नाम पर करीब 35 लाख रुपए की ठगी की। आरोपियों ने सौदा तय कर नगद और ऑनलाइन रकम ले ली, लेकिन इसके बाद भी फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं की और फरियादी को लगातार टालते रहे। मंगलवार को क्राइम ब्रांच टीम ने महिला आरोपी सायरा को भी गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को मामले का खुलासा किया गया। फिलहाल पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने उसी फ्लैट की रजिस्ट्री फरियादी के बजाय मोहित महाजन की भाभी के नाम पर 17 लाख रुपए में कर दी। इस तरह एक ही फ्लैट को दो लोगों को बेचकर आरोपियों ने धोखाधड़ी की। इस मामले में क्राइम ब्रांच पहले ही मोहित महाजन (निवासी कनाडिया) और निसार अली को गिरफ्तार कर चुकी है।

### लिंक क्लिक करते ही महिला का अकाउंट खाली, 5 बार निकाले रुपए

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में एक महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। आरोपी ने खुद को एलआईसी ऑफिस का कर्मचारी बताकर रिफंड के नाम पर लिंक भेजा और महिला के खाते से 1 लाख 29 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक छोटा बागड़दा निवासी पिंकी राठौर को सोमवार शाम एक कॉल आया। कॉलर ने खुद को भोपाल स्थित एलआईसी हेड ऑफिस का कर्मचारी बताया और कहा कि उनका पेंडिंग पेमेंट रिफंड करना है। आरोपी ने महिला को क्विक नाम की एक लिंक भेजी। जैसे ही पिंकी ने उस पर क्लिक किया, उनके खाते से करीब 5 ट्रांजेक्शन में 1.29 लाख रुपए निकल गए। इसके बाद आरोपी का मोबाइल बंद हो गया। ठगी का अहसास होने पर महिला ने तुरंत बैंक के टोल फ्री नंबर और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। मंगलवार को पुलिस ने अज्ञात कॉलर और एक अकाउंट होल्डर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। ठग इसी तरह फर्जी कॉल और लिंक के जरिए बैंक अकाउंट खाली कर रहे हैं।

### महिला को कागजों में किया मृत घोषित पौने दो बीघा जमीन हड़पने का आरोप

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में उस समय अजीब स्थिति बन गई जब गीताबाई नाम की एक वृद्ध महिला अपनी शिकायत लेकर पहुंची। महिला का आरोप है कि सरकारी रिकॉर्ड में उसे मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि वह पूरी तरह जीवित है। सांवेर तहसील की गीताबाई ने बताया कि सरपंच कार्यालय की कथित मिलीभगत से उसका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा दिया गया। इसी आधार पर उसकी करीब पौने दो बीघा जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज करा दी गई। महिला का कहना है कि जय बजाज नामक व्यक्ति ने उसे दस्तावेजों में मृत दर्शाकर जमीन अपने नाम करा ली। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब गीताबाई के बेटे हरिराम ने बताया कि जब वह जमीन पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। हरिराम का आरोप है कि उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की। न्याय की आस में हरिराम अपनी मां को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां दोनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का सीधा असर अब प्रदेश के दवा उद्योग पर दिखने लगा

# फार्मा इंडस्ट्री पर युद्ध की मार, 100 कंपनियों का एक्सपोर्ट जीरो

**190 देशों की दवा सप्लाई रुकी शटडाउन की ओर बढ़ रही इंडस्ट्री**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का सीधा असर अब मध्य प्रदेश के दवा उद्योग पर दिखने लगा है। प्रदेश की लगभग 100 फार्मा कंपनियों का निर्यात पूरी तरह ठप हो गया है।

रेड सी और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे समुद्री मार्गों पर युद्ध के खतरे को देखते हुए शिपिंग कंपनियों ने हाथ पीछे खींच लिए हैं, जिससे 190 देशों को होने वाली दवाओं की सप्लाई रुक गई है।

#### कच्चे माल की आवक भी रुकी

- इंदौर (पीथमपुर, सांवेर रोड, पालदा) के करीब 5600 उद्योग कच्चे माल के लिए 60% मिडिल ईस्ट पर निर्भर हैं।
- **आयात प्रभावित:** बहरीन, कतर और सऊदी अरब से आने वाले बल्क ड्रग और पेट्रो केमिकल की सप्लाई रुक गई है।
- **चीन का फैक्टर:** चीन से आने वाले कंटेनर का किराया 1.5 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपए हो गया है, जिससे वहां से भी आवक न के बराबर रह गई है।
- मध्य प्रदेश से हर महीने करीब 80 हजार कंटेनर कांडला और जेएनपीजी पोर्ट भेजे जाते थे, जिनका पहिया अब थम सा गया है। हवाई कार्गो की क्षमता सीमित होने के कारण वह भी विकल्प नहीं बन पा रहा है।

#### वैश्विक बाजार पर असर

भारतीय दवाओं पर यूएई, सऊदी अरब और ओमान जैसे देश अपनी सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निर्भर हैं। जस्ट-इन-टाइम इन्वेंटरी सिस्टम के कारण कंपनियों के पास ज्यादा स्टॉक नहीं होता। यदि युद्ध 10-15 दिन और चला तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में आवश्यक दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है।

#### एक्सपोर्ट ठप होने के 3 मुख्य कारण

**जहाजों की कमी:** युद्ध के जोखिम को देखते हुए कंपनियों ने अपने जहाज समुद्र में उतारने से मना कर दिया है। इससे बुकिंग पूरी तरह बंद है।
**भाड़े में भारी इजाफा:** कंटेनर का किराया 40% तक बढ़ गया है। उदाहरण के लिए अफ्रीका जाने वाले 40 फीट के कंटेनर का रेट 3.5 लाख से बढ़कर 4.5 लाख रुपए तक पहुंच गया है।
**महंगा बीमा:** समुद्री हमलों के डर से इंश्योरेंस कंपनियां बीमा देने से बच रही हैं। जहां बीमा मिल रहा, वहां प्रीमियम इतना ज्यादा है कि लॉजिस्टिक लागत उत्पादन लागत से भी ऊपर निकल गई है।

#### 3 शिफ्ट का काम एक पर आया

इंडियन ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (मप्र) के सचिव डॉ. अनिल सबरवाल के मुताबिक, रेडी स्टॉक को डिस्पैच नहीं कर पाने के कारण कंपनियां भारी दबाव में हैं। जो कंपनियां 24 घंटे (3 शिफ्ट) चलती थीं, वहां अब केवल 1 शिफ्ट में काम हो रहा है। आने वाले समय में हफ्ते में केवल 5 दिन ही काम होने की संभावना है। पैकिंग मटेरियल 20% और पीवीसी के दाम 30% तक बढ़ गए हैं। कच्चा माल नहीं मिलने से इंडस्ट्री शटडाउन की ओर बढ़ रही है।

#### एक्सपोर्ट कमिटमेंट और घाटा

- पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी ने बताया कि कंपनियों के पास ऑर्डर तो हैं, लेकिन वे पुराने तय रेट पर माल नहीं भेज पा रही हैं।
- ट्रांसपोर्ट कॉस्ट 2 से 4 गुना बढ़ने के कारण निर्यात में भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। पीथमपुर एऐ की केमिकल और स्टील कंपनियों की स्थिति भी ऐसी ही है।

## तेज रफ्तार कार ने किसान को टक्कर मारी, मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



खंडवा रोड पर हुए सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। मंडी में सब्जी देकर लौट रहे किसान को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा मंगलवार सुबह हुआ। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए लेकिन उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर ली है, जबकि ड्राइवर फरार है।

परिजनों के अनुसार लखन खेत की सब्जी बेचने गए थे और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कार को पकड़ लिया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक शिवनगर निवासी 45 वर्षीय लखन मस्कार को उमरीखेड़ा के पावर हाउस के पास कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया।

लखन के परिवार में पत्नी, मां और दो बेटे हैं। दोनों बेटे पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें बड़ा बेटा पिता के साथ काम में हाथ भी बंटाता था। परिवार के लिए लखन ही मुख्य सहारा थे। उनके पिता और भाई का पहले ही निधन हो चुका है। इंदौर के राऊ क्षेत्र में सोमवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। एबी रोड पार कर रहे एक वाइन शॉप कर्मचारी को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, वहीं परिजनों में मातम छा गया।

## नवविवाहित जोड़े ने जताया जान का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में इंटरकास्ट शादी के बाद एक नवविवाहित जोड़ा दहशत में है। युवती ने अपने ही परिवार पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर जोड़ा पुलिस जनसुनवाई में पहुंचा और सुरक्षा की गुहार लगाई।

जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली उर्वशी सोलंकी ने 23 मार्च को परिवार की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही युवती का आरोप है कि उसके परिजन लगातार उसे और उसके पति को धमका रहे हैं। युवती ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि दोनों को अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है, जिसके चलते वे काफी भयभीत हैं। इसी कारण उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचकर पुलिस से सुरक्षा की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

आगजनी का खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार पुराने विवाद में घर और कार को लगाई आग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र की सिल्वर पार्क कॉलोनी में हुई आगजनी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुराने विवाद के चलते शिकायतकर्ता के घर और कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी।

पुलिस के मुताबिक, बाल्याखेड़ा स्थित सिल्वर पार्क कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय सौरभ पाटोदिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 मार्च की रात करीब 1 बजे घर के बाहर हलचल सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो उनकी कार में आग लगी हुई थी, जो घर की दीवार तक फैल गई थी। उन्होंने पानी डालकर आग बुझाई और इसी दौरान तीन संदिग्धों को भागते हुए देखा, जो एक लाल रंग की कार में फरार हो गए।

जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गए, जिसमें लाल रंग की कार नजर आई। वाहन मालिक हर्षल गौड़ (46) निवासी नेताजी सुभाष मार्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

इंदौर में शराब दुकान हटने पर मना जश्न

## रहवासियों के साथ थिरके एमआईसी मेंबर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



एक शराब दुकान हटने पर जमकर जश्न मनाया गया। ढोलक की थाप पर रहवासियों के साथ एमआईसी मेंबर भी जमकर थिरकते दिखे। मिठाई से मुंह मीठा कराया गया। लंबे समय से इस शराब दुकान का विरोध चल रहा था।

इसे लेकर एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने कलेक्टर व आबकारी विभाग को भी लेटर लिख चुके थे। आखिरकार जब उनकी मांग पूरी हो गई, तो बुधवार को दुकान के बाहर ही जश्न मनाया गया। महिलाएं कई बार कर चुकी थी शिकायत बता दें कि साजन नगर स्थित देशी और अंग्रेजी शराब दुकान सघन रहवासी क्षेत्र में स्थित थी। खुल्ले में शराब पीने वालों की वजह से महिलाओं को सड़क से निकलने में काफी परेशानी होती थी। इलाके में काफी भीड़भाड़ और शराबियों की जमघट की वजह से परेशानी उठाना पड़ रही थी। इस संबंध में एमआईसी मेंबर मनीष मामा ने कलेक्टर शिवम वर्मा को लेटर लिखकर दुकान हटाने की आग्रह किया था। नए वित्तीय वर्ष में अब यह शराब दुकान साजन नगर से चितावद क्षेत्र में ट्रांसफर कर दी है। शराब दुकान हटाने के इस फैसले के बाद बुधवार को एमआईसी मेंबर की अगुवाई में साजन नगर पुरानी शराब दुकान के बाहर मिठाई वितरण और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं, रहवासी और छात्र मौजूद थे।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

www.dantavali.com
JAYSHREE PHARMACEUTICALS
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाकू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com